YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❒ वर्ष-11 ❒ अंक-325 ❒ शनिवार, 30 दिसम्बर 2023 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



कांग्रेस जब भी हारती है तब 'बांटो और राज करो' की रणनीति अपनाने की कोशिश करती है। शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से बातचीत में आईएनडीआईए गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''ये लोग आपस में ही न्याय नहीं कर पा रहे हैं।
अनुराग ठाकुर

पीएम मोदी ने बताया जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति के लिए कैसे जुटी है केंद्र सरकार 11

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से विभिन्न पदों के लिए आयोजित परीक्षा 31 को 12

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य वन्य जीव बोर्ड की 16वीं बैठक संपन्न

# इको टूरिज्म के स्थलों पर सुगम आवागमन के लिए शुरू करें हेलीकॉप्टर सेवा : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य वन्य जीव बोर्ड की 16वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश की जैव विविधता को संरक्षित करने, इको पर्यटन की संभावनाओं को विस्तार देने और वन्य जीवों की चिकित्सा-सेवा में लगे पशु चिकित्सकों का कैडर बनाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन चिकित्सकों का कार्य बड़ा महत्वपूर्ण है। कैडर होने से इन्हें समयबद्ध प्रोन्नति व अन्य लाभ आसानी से मिल सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुधवा नेशनल पार्क, कतर्नियाघाट वाइल्डलाइफ सेंचुरी एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के चूका जैसे इको टूरिज्म के स्थलों पर सुगम आवागमन हेतु हेलीकॉप्टर सेवा एवं 4 लेन सड़क कनेक्टिविटी की सुविधा हो। ऐसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर स्थानीय लोगों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर नियोजित करने, सैलानियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था विकसित कर टूरिज्म का माहौल बनाने पर जोर दिया जाए।

पशु-पक्षियों का संरक्षण-संवर्धन हमारी संस्कृति का अंग है। प्रदेश में हर साल एक तय समय पर बड़ी संख्या में साइबेरियन पक्षियों का आगमन होता है। इनकी सुरक्षा हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। इन पक्षियों अथवा अन्य पशु-पक्षियों के साथ क्रूरता, अमानवीयता स्वीकार नहीं है। ऐसी हर एक घटना के दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गंगा की निर्मल एवं अविरल धारा के विकास एवं उनके संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों से डॉल्फिन की संख्या में आशातीत बढ़ोतरी हुई है। इसी प्रकार, घाघरा, चंबल, सरयू, गेरुआ आदि अन्य नदियों में भी पाई जाने वाली डॉल्फिन व अन्य जीवों को संरक्षण देते हुए उनके संवर्धन का प्रयास किया जाए। इसके लिए स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक करते हुए डॉल्फिन मित्र बनाया जाए। भारत सरकार से भी इस कार्य में आवश्यक सहयोग लिया जा सकता है।

नदियों में बढ़ती गाद एवं बाढ़ की समस्या के दृष्टिगत उनकी ड्रेजिंग का सतत जारी रखा जाना चाहिए। इससे गांवों के कटान में कमी आएगी। साथ ही, वनों एवं वन्य जीव की सुरक्षा की जा सकेगी। आय में वृद्धि भी होगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि वन्य जीवों की चिकित्सा-सेवा में लगे पशु चिकित्सकों का कैडर बनाया जाए। इन चिकित्सकों का कार्य बड़ा महत्वपूर्ण है। कैडर होने से इन्हें समयबद्ध प्रोन्नति व अन्य लाभ आसानी से मिल सकेंगे। उल्लेखनीय है कि पहली बार वन्य जीव की सेवा में लगे पशु चिकित्सकों का अलग कैडर बनाने का निर्णय हुआ है ।

पड़ोसी राष्ट्र नेपाल की सीमा से लगे क्षेत्रों में भारतीय ● शेष पेज 11 पर



### ईयर एंडर 2023: योगी राज में दुरुस्त हुआ उप्र का स्वास्थ्य

लखनऊ। कभी बीमारू प्रदेश कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज योगी सरकार के प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं में कई उपलब्धियां दर्ज कर रहा है। प्रदेश को 2023 में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए कई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। वहीं योगी सरकार ने प्रदेश को दवा निर्माण का हब बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। इसी का नतीजा है कि आज प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क, बल्क ड्रग पार्क, मेडटेक पार्क मूर्त रूप ले रहे हैं। इसके अलावा उपचार पर भी जीरो पॉकेट खर्च पर काम कर रही योगी सरकार ने काफी सराहनीय कार्य किये हैं। यही नहीं इस वर्ष योगी सरकार ने यूपी के लोगों को कई अन्य सौगातें भी ● शेष पेज 11 पर

### रामोत्सव 2024: 27 दिन में तीसरी बार अयोध्या पहुंचे योगी

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमगन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या में विकास कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी व रामलला के दर्शन-पूजन कर सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके पहले रामकथा हेलीपैड पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। इस माह में मुख्यमंत्री का तीसरी बार अयोध्या आगमन हुआ है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 2 दिसम्बर और 21 दिसंबर को अयोध्या आगमन पर मंदिरों में शीश झुकाया था। लता मंगेशकर चौक पर ली सेल्फी, बच्चों से पूछा हाल लता मंगेशकर चौक पहुंचकर सीएम ने यहां की खूबसूरती को निहारा। लता मंगेशकर चौक को काफी शानदार ढंग से सजाया ● शेष पेज 11 पर

# मुख्यधारा की राजनीति में आतंकी गुट पाकिस्तान के लिए नई बात नहीं: विदेश मंत्रालय

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के चुनावों में आतंकी हाफिज सईद से जुड़े राजनीतिक दल के भाग लेने के संबंध में कहा कि पड़ोसी देश में आतंकवादी गुटों के लिए मुख्य धारा की राजनीति में शामिल होना कोई नई बात नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को राजनीति के रूप में इस्तेमाल करता है। उन्होंने कहा कि हाफिज सईद अनेक मामलों में भारत में वांछित है। वह संयुक्त राष्ट्र की घोषित आतंकी सूची में शामिल है। भारत ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पाकिस्तान से कहा है कि हाफिज सईद को भारत के सुपुर्द किया जाए ताकि उस पर मुकदमा चलाया जा सके। उसके प्रत्यर्पण की भारत पहले भी मांग करता रहा है। उल्लेखनीय है कि सईद द्वारा समर्थित पार्टी पाकिस्तान मरक़ज़ी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) ने फरवरी 2024 में पाकिस्तान के आम चुनाव के लिए प्रत्येक नेशनल असेंबली निर्वाचन क्षेत्र के लिए उम्मीदवार खड़े किए हैं। उम्मीदवारों में सईद का बेटा तल्हा सईद भी शामिल है। वह लाहौर में एक संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहा है। कतर में आठ भारतीयों की मृत्यु दंड की सजा को कम किए जाने के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में प्रवक्ता ने कहा कि अपील अदालत का विस्तृत फैसला अभी हमने नहीं देखा है। यह एक संवेदनशील मसला है। अटकलबाजी करना उचित नहीं होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि विदेश में रह रहे भारतीयों ● शेष पेज 11 पर



## नए साल के अवसर पर कई आईपीएस हुए प्रोन्नत, प्रशांत कुमार बने डीजी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विशेष पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था को पुलिस महानिदेशक (डीजी) के पद पर प्रोन्नत करने का आदेश राज्यपाल की ओर से जारी हुआ है। इसके अलावा 72 आईपीएस अधिकारियों को प्रोन्नत किया गया है। 01 जनवरी 2024 को प्रोन्नत होने वाले इन अधिकारियों को तैनाती मिलेगी, जिसका अलग से शासनादेश जारी होगा। राज्यपाल की अनुमति के बाद प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने गुरुवार की रात को पदोन्नति का आदेश जारी कर दिया है। इसके अलावा वर्ष 1999 बैच के डॉ. संजीव कुमार गुप्ता और प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा को पुलिस महानिरीक्षक से अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) के पद पर प्रोन्नत किया गया है। वर्ष 2006 बैच के पांच आईपीएस आकाश कुलहरि, धर्मेंद्र सिंह, एलआर कुमार, अब्दुल हमीद और शलभ माथुर को पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) से पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) बनाया गया है। इसके साथ वर्ष 2009 बैच के आईपीएस रोहन पी. कनय, 2010 बैच के वैभव कृष्ण, कलानिधि नैथानी, प्रभाकर चौधरी, संजीव त्यागी, पूनम, कुंतल किशोर, हरीश चन्दर, सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज, राठौर किरीट कुमार हरिभाई, शिव हरि मीना, शैलेश कुमार यादव, राहुल राज, शफीक ● शेष पेज 11 पर

## नीतीश कुमार संभालेंगे जदयू की कमान, ललन सिंह ने अध्यक्ष पद छोड़ा

नई दिल्ली। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष पद को लेकर एक सप्ताह से जारी तमाम अटकलों पर शुक्रवार को विराम लग गया। पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ललन सिंह ने अध्यक्ष पद छोड़ दिया और पार्टी की कमान नीतीश कुमार ने संभाल ली।

शुक्रवार की सुबह बैठक में शामिल होने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ललन सिंह एक साथ एक ही गाड़ी से पहुंचे। उसके बाद बैठक में ललन सिंह ने नीतीश कुमार को अपना इस्तीफा दिया।

ललन सिंह ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि चुनाव में अपनी सक्रियता को देखते हुए मैं अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूं और नीतीश कुमार का नाम अध्यक्ष पद के लिए ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात

नई दिल्ली। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात लगभग एक घंटे तक चली। बताया जा रहा है कि इस मुलाकात में मध्य प्रदेश में मंत्रियों के बीच विभागों के बंटवारे को लेकर अहम चर्चा हुई है। उल्लेखनीय है कि मोहन यादव मंत्रिमंडल के 28 मंत्रियों ने 25 दिसंबर को शपथ ली थी। इसके पहले दो उपमुख्यमंत्री भी शपथ ले चुके हैं। फिलहाल इन मंत्रियों के विभागों का वितरण नहीं हो पाया है। माना जा रहा है कि इस मुलाकात के बाद मंत्रियों के नाम घोषित किए जा सकते हैं। गुरुवार को कैलाश विजयवर्गीय ने भाजपा राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया था।

### एक लाख से अधिक ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

नई दिल्ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा अब तक 1 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है और इनमें भाग लेने वालों की कुल संख्या 2 करोड़ से अधिक है। इस यात्रा के तहत सिकल सेल रोग के लिए 8.5 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई और 27,630 से अधिक लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अब तक 1,08,500 ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में संचयी पैदल यात्रियों की संख्या 2,10,24,874 तक पहुंच गई है। आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए आयुष्मान एप का उपयोग करके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। 44वें दिन के अंत तक 32,54,611 से अधिक कार्ड वितरित किए गए। एनएचए से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिन जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, वहां अब तक 1,44,80,498 कार्ड बनाए जा चुके हैं। मंत्रालय के अनुसार टीबी के रोगियों की जांच लक्षणों की अब तक 80,01,825 से अधिक लोगों की जांच की गई है, जिनमें से 4,86,043 से अधिक को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रेफर किया गया है।

## रक्षा सचिव ने बेंगलुरु में एचएएल के एयरो इंजन अनुसंधान केंद्र का किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❒ छोटे लड़ाकू विमानों और हल्के हेलीकॉप्टरों के लिए इंजन बनाए जाएंगे

❒ कई अन्य नए इंजनों के डिजाइन और विकास की प्रक्रिया शुरू की गई

नई दिल्ली। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने शुक्रवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के एयरो इंजन रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर (एईआरडीसी) में एक नई डिजाइन और परीक्षण सुविधा का उद्घाटन किया। यह संस्थान इस समय छोटे लड़ाकू विमानों और हल्के एवं मध्यम वजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए दो इंजनों के विकास में लगा है। इसके अलावा यहां कई अन्य नए इंजनों के डिजाइन और विकास की प्रक्रिया शुरू की गई है। एईआरडीसी में प्रशिक्षकों, यूएवी, जुड़वां इंजन वाले छोटे लड़ाकू विमानों के लिए 25 केएन थ्रस्ट का हिंदुस्तान टर्बो फैन इंजन (एचटीएफई) और हल्के और मध्यम वजन वाले हेलीकॉप्टरों के लिए 1200 केएन थ्रस्ट का हिंदुस्तान टर्बो शाफ्ट इंजन (एचटीएसई) बनाए जाएंगे। एकल और ट्विन इंजन के लिए इन इंजनों की क्षमता 3.5 से 6.5 टन होगी। 10 हजार वर्ग मीटर में फैली नई अत्याधुनिक सुविधा में विशेष मशीनें, उन्नत सेटअप, इन-हाउस फैब्रिकेशन सुविधा और एचटीएफई-25 के परीक्षण के लिए दो टेस्ट बेड और एचटीएसई के परीक्षण के लिए एक-एक टेस्ट बेड मौजूद हैं। इस संयुक्त उद्यम इंजन को फ्रांस की कंपनी सफ्रान और एचएएल के सहयोग से विकसित किया जाएगा। इसके अलावा नव विकसित सेंटर में लड़ाकू विमान जगुआर के वायु उत्पादक, गैस टर्बाइन स्टार्टर यूनिट (जीटीएसयू), हल्के लड़ाकू विमान के 110 एम2 और 127ई, भारतीय मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर और उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान की सहायक विद्युत इकाइयों के परीक्षण के लिए सेट-अप बनाया गया है। यहां एएन-32 विमान के लिए गैस टर्बाइन इलेक्ट्रिकल जेनरेटर बनाए ● शेष पेज 11 पर

## संजय राउत के बयान पर भाजपा का तंज- कांग्रेस को शुरू करनी चाहिए इंडी गठबंधन जोड़ो यात्रा

नई दिल्ली। शिवसेना नेता संजय राउत ने लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र से 23 सीटों पर लड़ने का दावा ठोंककर कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हैं। संजय राउत के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी को भारत न्याय यात्रा की जगह आईएनडीआई जोड़ो यात्रा शुरू करनी चाहिए। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी को भारत न्याय यात्रा की जगह 'आईएनडीआई गठबंधन जोड़ो यात्रा' शुरू करनी चाहिए। कारण, के बंटवारे को लेकर इनके गठबंधन में हमेशा विवाद होता है। पूनावाला ने कहा कि इंडी गठबंधन में भ्रम की स्थिति, महत्वाकांक्षा और पद के लिए लड़ाई साफ जगह देखी जा सकती है। इस तरह की स्थिति इसलिए पैदा हुई है क्योंकि उनके पास न कोई विजन है या न ही कोई मिशन नहीं है। उनके पास केवल कमीशन, भ्रष्टाचार, विभाजन, विरोधाभास और उनकी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं हैं। यही कारण है कि चार बैठकों के बाद भी वे न तो रणनीति, ● शेष पेज 11 पर

# उल्फा केन्द्र और असम सरकार के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नयी दिल्ली । असम में शांति स्थापना की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में राज्य के सबसे पुराने विद्रोही संगठन यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम उल्फा ने शुक्रवार को यहां केन्द्र तथा असम सरकार के साथ एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी इस मौके पर उपस्थित थे। समझौते पर हस्ताक्षर के बाद श्री शाह ने कहा कि कि यह असम के भविष्य के लिए सुनहरा दिन है । उन्होंने कहा कि लंबे समय से असम और पूर्वोत्तर ने हिंसा को झेला है लेकिन मोदी सरकार के केन्द्र की सत्ता में आने के बाद से ही पूर्वोत्तर के साथ हर विषय पर दिल खोलकर बातचीत की गयी है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उग्रवाद और हिंसा मुक्त पूर्वोत्तर की दिशा में काम करता आ रहा है। इस दौरान पूर्वोत्तर के अलग अलग राज्यों में केन्द्र ने नौ शांति तथा अन्य समझौते किये हैं। इससे पूर्वोत्तर के बड़े हिस्से में शांति की स्थापना हुई है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विद्रोही गुटों के नौ हजार से भी अधिक कैडरों ने इन समझौतों के माध्यम से आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा के साथ चलने का निर्णय लिया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि केन्द्र ए असम और उल्फा के बीच आज त्रिपक्षीय समझौता हुआ है इससे शांति स्थापना की दिशा में बड़ी सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत उल्फा ने अपने कैडरों से हथियार और शिविरों को छोड़कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने की सहमति दी है। उन्होंने कहा कि उल्फा के लंबे समय से चले आ रहे संघर्ष के दौरान गुट के दस हजार कैडर मारे गये हैं। केन्द्र सरकार ने इस समझौते के तहत एक पैकेज की घोषणा की है और इसके अलावा कई क्षेत्रों में विकास की परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गयी है। उन्होंने कहा कि इस समझौते पर पूरी तरह अमल किया जायेगा।उन्होंने कहा कि समझौते को पूरी तरह से अमलीजामा पहनाने के लिए एक समिति का भी गठन किया जायेगा।

इस मौके पर असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वा शर्मा ए गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ए उल्फा संगठन के प्रतिनिधि तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# आज प्रधानमंत्री 15700 करोड़ की 46 परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

एजेंसी

अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या आ रहे हैं। इस दौरान पीएम मोदी 15,700 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। यही नहीं श्रीराम की नगरी से देश के विभिन्न शहरों के लिए भी सौगातों का पिटारा खुलेगा। प्रधानमंत्री मोदी देश के अलग-अलग स्टेशनों से संचालित होने वाली छह वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसी के साथ 30 दिसंबर 2023 की तिथि अयोध्या के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो जाएगी और भगवान श्रीराम की नगरी में विकास के नया युग का शुभारंभ होगा। अयोधा से मिलेगी जम्मू से लेकर कोयम्बटूर तक को



❒ अयोध्या धाम जंक्शन से छह वंदे भारत और दो अमृत भारत ट्रेनों को दिखाएंगे हरी झंडी

❒ अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन,जनसभा को करेंगे संबोधित

बेहतर कनेक्टिविटी की सौगात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित करेंगे। साथ ही श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली,अमृतसर-नई दिल्ली,कोयम्बटूर-बेंगलुरु,मंगलूरु-मडगांव,जालना-मुंबई एवं अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल के बीच छह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के साथ ही अयोध्या-दरभंगा एवं मालदा टाउन-बेंगलुरु के बीच 2 अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। लोकार्पित होने वाली अन्य प्रमुख परियोजनाएं अमेठी के त्रिसुंडी रिफाइनरी की 11 टीएमटीपीए से 60 टीएमटीपीए तक क्षमता उच्चीकरण जाजमऊ टेलरी कलस्टर के लिए 20 एमएलडी सीईटीपी की स्थापना कानपुर के पनखा में 30 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का विकास जाजमऊ जोन में 130 एमएलडी एसटीपी का पुनर्विकास तथा सीवेज ● शेष पेज 11 पर

### अयोध्या का त्रेतायुगीन गौरव लौटा रहा 'महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट'

अयोध्या। प्रभु श्रीराम उत्तर प्रदेश समेत देश-दुनिया की आस्था का केंद्र हैं और आस्था के इस केंद्र के हृदयस्थल अयोध्या में रामलला के श्रीविग्रह को भव्य मंदिर में सुशोभित किए जाने से पूर्व 30 दिसंबर, 2023 की तारीख बेहद खास होने वाली है। महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट व अयोध्या धाम स्टेशन फ़ेज-1 के लोकार्पण के साथ ही 30 दिसंबर 2023 को 16 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात अयोध्या और उत्तर प्रदेश को मिलने जा रही है, जो अयोध्या की दशा-दिशा बदलकर रख देंगे। 1462.97 करोड़ रुपये की लागत से बना महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट आधुनिक सुविधाओं से लैस होने के साथ ही अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव की याद दिलाता है उल्लेखनीय है कि सनातन संस्कृति के ● शेष पेज 11 पर

## देशभक्ति और एकता ही स्वतंत्रता का आधार: भागवत

एजेंसी

माजुली (असम)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता का आधार देशभक्ति और आपसी एकता है। इसके बिना तो स्वतंत्रता ही खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने राष्ट्र को युगानुकूल स्वत्व के आधार पर विकसित करना है। संघ के गठन के पीछे मुख्य उद्देश्य समाज को राष्ट्रभक्त, संगठित और ओजस्वी स्वाभिमान से परिपूर्ण बनाने की दिशा में जागृत करना है। डॉ. भागवत असम के माजुली में गणवेशधारी स्वयंसेवकों के ''लुइत सुबनसिरी समावेश'' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने स्वयंसेवकों से सवाल किया कि क्या भारत अपनी कड़ी मेहनत से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बावजूद उसमें ''स्व'' या स्वत्व को बरकरार रखने में सक्षम था? डॉ. भागवत ने इस बात पर जोर दिया कि हमारा ''स्व'' हमारे समय के परिरक्षित पारंपरिक ज्ञान और दुनिया भर के सर्वोत्तम ज्ञान द्वारा समर्थित



पीढ़ीगत आवश्यकताओं पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विगत शताब्दियों में दुनिया को भौतिकवादी आकांक्षाओं पर आधारित दोषपूर्ण मानकों के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ा है। हमारा भारतीय मॉडल समाज को सभी पहलुओं में आत्मनिर्भर बनाने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारत अपने भौगोलिक स्थिति के कारण हिंदुकुश पर्वत से अराकान तक बाहरी आक्रमणों से सुरक्षित था; इसलिए हमारे पूर्वजों को आध्यात्मिक, कलात्मक और साथ ही भौतिक रूप से विकास के चरम तक पहुंचने के लिए पर्याप्त समय मिला। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

# गोरखपुर : 19 हेल्थ एटीएम की सौगात देंगे सीएम योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में हाइटेक चिकित्सा सेवा का विस्तार करते हुए 19 हेल्थ एटीएम की सौगात देंगे। ये हेल्थ एटीएम सांसद रविकिशन शुक्ल के सौजन्य से स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराए गए हैं। रविवार (31 दिसंबर) को पूर्वाह्न साढ़े दस बजे से योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित हेल्थ एटीएम के शुभारंभ समारोह के अवसर पर सीएम योगी रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से गोद लिए गए 500 टीबी रोगियों को पोषण पोटली भी वितरित करेंगे। मुख्यमंत्री इसके पूर्व 14 सितंबर 2022 को स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा और 20 जून 2023 को सात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (भटहट, सहजनवा, जंगल कौड़िया, पाली, चौरीचौरा, खुटहन व सरहरी) के लिए हेल्थ एटीएम का उद्घाटन कर चुके हैं। 31 दिसंबर (रविवार) को वह जिले के लिए 19 नए हेल्थ एटीएम का उपहार देंगे। इन हेल्थ एटीएम से करीब पांच दर्जन जांच की सुविधा मिलेगी।

सीएमओ डॉ. आशुतोष दूबे ने बताया कि सांसद रविकिशन के प्रयास से स्माइल फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराए गए एटीएम बीआरडी मेडिकल कॉलेज, नेताजी सुभाषचंद्र बोस जिला चिकित्सालय, एम्स, 100 बेड जिला न्यायालय परिसर, क्षयरोग सह सामान्य चिकित्सालय नंदानगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पिपराइच व कैम्पियरगंज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पिपरौली व खोराबार, अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उनवल, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर, शाहपुर, तारामंडल, सिविल लाइंस, शिवपुर, नथमलपुर, रामपुर, झरना टोला और मोहद्दीपुर में स्थापित किए जाएंगे। इन हेल्थ एटीएम से 15 प्रकार की जांच बिना रक्त के और 40 प्रकार की जांच रक्त से की जाएगी। साथ ही इन हेल्थ एटीएम को टेली कंसल्टेशन की सुविधा से भी जोड़ा जाएगा। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के गोरखपुर ब्रांच के चेयरमैन शिवेंद्र विक्रम सिंह व सेक्रेटरी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से गोद लिए गए 500 टीबी रोगियों को पोषण पोटली के वितरण का शुभारंभ करेंगे। पांच टीबी रोगियों को अपने हाथों से पोषण पोटली सौंपेंगे। शेष को रेडक्रॉस सोसाइटी के लोग उपलब्ध कराएंगे। निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत पोषण पोटली में एक किलो मूंगफली, एक किलो भुना चना, एक किलो गुड़, एक किलो सत्तू,

**रेडक्रॉस सोसाइटी की तरफ से गोद लिए गए 500 टीबी रोगियों को वितरित करेंगे पोषण पोटली**

**सांसद रविकिशन शुक्ल के प्रयास से उपलब्ध कराए गए हैं हेल्थ एटीएम**

**रविवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में होगा कार्यक्रम**

एक किलो तिल/गजक और एक किलो न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट होगा। इसके साथ सर्द मौसम को देखते हुए इन रोगियों को च्यवनप्राश और कम्बल भी दिया जाएगा। टीबी रोगियों के अलावा 500 बालिकाओं को हाइजीन किट भी वितरित किया जाएगा। पांच बालिकाओं को सीएम योगी हाइजीन किट वितरित कर सकते हैं।

# इजरायल की इमारतों को नए ढंग से संवारेंगे चित्रकूट मंडल के कारीगर

एजेंसी

बांदा। पिछले तीन माह से हमास से जंग के कारण इजरायल की हजारों इमारतें मलबे में तब्दील हो गई हैं। इन इमारतों में रहने वाले लोग घर से बेघर हो गए हैं। सड़कों पर इमारतों के मलबे का ढेर लगा है। इन इमारतों को फिर से खड़ा करने के लिए श्रमिकों का अभाव है। ऐसे में इजरायल ने भारत से मजदूरों की मांग की है। भारत से एक लाख कुशल कारीगरों को इजरायल भेजा जाना है। इसके लिए यूपी के चित्रकूट मंडल के चार जनपद बांदा, हमीरपुर, महोबा और चित्रकूट से 4000 कुशल कारीगर भेजे जाएंगे। हमास और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध के चलते भारी तबाही हुई है। बमबारी में हजारों की तादाद में इमारतें ध्वस्त हो गई हैं। हजारों लोगों के सिर से छतें छीन गई हैं। जिससे अब उनके रहने का ठिकाना नहीं है। इमारतें ध्वस्त होने के बाद जगह-जगह मलबे की ढेर लगे हैं। जिन लोगों की इमारतें नष्ट हुई हैं, उन्हें शिविर में शरण दिया गया है। ऐसी स्थिति में ध्वस्त हुई इमारतों को फिर से बनाने के लिए वहां मजदूर भी नहीं मिल रहे हैं। इस वजह इजरायल ने भारत से श्रमिकों की मांग की है। इजरायल की मांग पर भारत से कुशल राज मिस्त्री, टाइल्स, शटरिंग कारीगर और पत्थर लगाने के कारीगर व मजदूर भेजे जाने का निर्णय हुआ है। जिसके तहत इसकी जिम्मेदारी श्रम विभाग को सौंपी गई है। इस बारे में सहायक श्रमायुक्त डॉ एस.के.अग्रहरि ने बताया कि प्रत्येक जनपद से लगभग 1000 कारीगर भेजने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत चित्रकूट मंडल के बांदा के अलावा चित्रकूट, महोबा और हमीरपुर से 4000 श्रमिकों को भेजा जाना है, इसके लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेंद्र शुक्ला ने बताया कि कुशल श्रमिकों को इजरायल में प्रतिमाह 1.25 लाख रुपये वेतन मिलेगा और 15000 रुपये प्रतिमाह बोनस मिलेगा। जो कंपनी के खाते में जमा रहेगा, जिनके माध्यम से उन्हें इजरायल भेजा जाएगा। कार्य की समाप्ति के बाद धनराशि कारीगरों को सौंप दी जाएगी। वहां जाने वाले कुशल कारीगर को कम से कम एक वर्ष व अधिकतम 5 वर्ष सेवा देने का अनुबंध देना होगा। श्रमिकों की आयु 21 से 25 वर्ष की मध्य निर्धारित की गई है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा लोगों को लाभ दिलाने में कारगर साबित : राजेन्द्र मिश्र

एजेंसी



प्रयागराज। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगर निगम के सहयोग से विकसित भारत संकल्प यात्रा का जागरूकता रथ आज अटाला क्षेत्र पहुंचा। मुख्य अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत से संबंधित संकल्प दिलाते हुए कहा कि यह विकसित भारत संकल्प यात्रा जागरूकता रथ लोगों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ हकदार लोगों का पंजीकरण कर उन्हें लाभ दिलाने में कारगर साबित हुई है।

इस अवसर पर योजनाओं से सम्बंधित प्रधानमंत्री के वीडियो को एलईडी वैन के माध्यम से दिखाया गया तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली। जिला नगरीय विकास अभिकरण, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग जनशक्तीकरण विभाग, आधार सेवा, जिला पूर्ति कार्यालय व उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य शिविर तथा आयुष्मान कार्ड का स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं के लाभ से जोड़ा गया तथा उनका पंजीकरण किया गया। उपस्थित लोगों को उर्दू भाषा में योजनाओं पर आधारित बुकलेट तथा विकसित भारत से सम्बंधित 2024 का कैलेंडर भी उपलब्ध कराया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लगभग 10 लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव साझा किये। उन्होंने बताया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के मिलने से हमारे जीवन में बहुत परिवर्तन आया है तथा आवास योजना का लाभ मिलने से अब उन्हें रहने के लिए पक्की छत मिल गई है। रेहड़ी पटरी पर दुकानदारों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए पीएम स्वनिधि योजना के तहत आसानी से लोन मिल रहा है। इस दौरान नोडल अधिकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार राम मूरत विश्वकर्मा, राघवेंद्र कुशवाहा, गौरव गुप्ता, नवाब खान, अशरफ अली, बिलाल अहमद, रशीद नईम, जुबेर खान, पप्पू खान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में द्वितीय सत्र में कसेरूवा कला सहसों में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग तथा महिलाओं ने प्रतिभाग कर सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर सियाराम मौर्य पार्षद, वीरेंद्र बहादुर सिंह अध्यक्ष भूमि विकास बैंक, अनिल सरोज, राजधर द्विवेदी संयोजक नमामि गंगे, राकेश सिंह मंडल अध्यक्ष बहादुरपुर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। नोडल अधिकारी राम मूरत ने बताया है कि 30 दिसम्बर को नगर पंचायत मऊआइमा और नगर पंचायत लालगोपालगंज, 31 को हंडिया और फूलपुर, 1 जनवरी को शंकरगढ़ और सिरसा, 2 जनवरी को कोरांव और भारतगंज तथा 3 जनवरी को इलाहाबाद कैंटोनमेंट के अंतर्गत अशोकनगर चौराहा और थाना कैंट चौराहे पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## नई वंदे भारत ट्रेन का सांसद समेत रेलवे अधिकारी स्वागत करेंगे

कानपुर। जनपदवासियों को एक और नई वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलेगी। जो कि आयोध्या से वाया कानपुर सेन्ट्रल होते हुए आनंद विहार टर्मिनल तक जाएगी। नई वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री मोदी 30 दिसम्बर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जिसका स्वागत कानपुर सेन्ट्रल में सांसद,विधायक व रेलवे अधिकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ करेंगे। कानपुर सेन्ट्रल में शुक्रवार को प्रेसवार्ता करते हुए स्टेशन डायरेक्टर आशुतोष सिंह ने बताया कि शनिवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या धाम से चलने वाली पांच नई वंदे भारत ट्रेन व दो अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जिसमें कि नई वंदे भारत ट्रेन जो कि अयोध्या धाम से चलकर वाया कानपुर सेन्ट्रल होते हुए आनंद विहार टर्मिनल जाने वाली ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। जिसका हम कानपुर सेन्ट्रल में स्वागत करते हुए यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में कानपुर सांसद सत्यदेव पचौरी, कानपुर देहात सांसद देवेंद्र सिंह भोले व अन्य जनप्रतिनिधि समेत स्कूली बच्चें भी नई वंदे भारत ट्रेन के स्वागत कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

## संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास

बांदा, ।आप सांसद व उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह की गिरफ्तारी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नगर पालिका परिषद में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष उपवास रखा और कहा कि जब तक उनकी रिहाई नहीं हो जाती, आप कार्यकर्ता इसी तरह आंदोलन करते रहेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं के अनुसार सांसद संजय सिंह ने अपनी पत्नी से जेल में मुलाकात के बाद बताया था कि वह अपनी गिरफ्तारी के विरोध में हर शुक्रवार को उपवास रखेंगे। इसलिए पार्टी के कार्यकर्ता भी अपने सांसद संजय सिंह की ईडी द्वारा अवैध गिरफ्तार के विरोध में आंदोलन को जारी रखते हुए हर शुक्रवार को उपवास रखेंगे। इसी कड़ी में आज कार्यकर्ताओं ने उपवास रखा है। इस बारे में जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि हम अपने सांसद की रिहाई तक आंदोलन जारी रखेंगे और एक दिन सरकार को इस जुल्म के आगे सर झुकाना ही होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के चुनाव में देश की जनता ने मोदी सरकार को सबक सिखाने का मन बना लिया है और उसे हराकर जनता इस सरकार को बदलेगी। उपवास के दौरान जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह के अतिरिक्त शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष समरजीत सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमित कुशवाहा, एससी-एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राममिलन वर्मा, नीरज सिंह कछवाह, योगराज सिंह, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष विनय कुमार अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हसन, महेंद्र प्रताप सिंह चंदेल एडवोकेट, अशोक गुप्ता, अनुराग यादव, प्रमोद तिवारी आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## युवक की हत्या का खुलासा, आरोपित गिरफ्तार

कानपुर। बर्रा थाना की पुलिस ने जरौली फ़ेस वन में 12 दिसम्बर को हुई युवक की हत्या में फरार चल रहे हत्यारोपित को पुलिस ने गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को हत्या का खुलासा हुआ है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण रवीन्द्र कुमार ने बताया कि, 12 दिसम्बर को जरौली नाले के किनारे कानपुर देहात के गजनेर थाना क्षेत्र के सेरुआ गांव निवासी सुनील कुमार के सिर पर डंडा मारकर हत्या कर दी गई थी। सुनील के पास से बांस का डंडा, शराब के पाउच व एक मफलर मिला था। गिरफ्तार आरोपित बलरामपुर जनपद के तुलसीपुर थाना क्षेत्र के निवासी महेश वर्मा है। हत्यारोपी ने अपना जूर्म स्वीकारते हुए बताया कि सुनील ने 20 दिन पहले शराब के नशे में धुत होकर उसके साथ कुकर्म किया था। इसके बाद ही उसने उसे मारने की योजना बनायी थी। 12 दिसम्बर को दोनों ने साथ में शराब पी। इसके बाद मृतक ने दोबारा कुकर्म का प्रयास किया था, जिस पर उसने घटना को अंजाम दिया।

## झांसी : घर से लापता किशोरी की पत्थर से कुचलकर हत्या

झांसी

। बबीना थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब क्षेत्रवासियों ने एक किशोरी का शव घर से कुछ ही दूरी पर रक्त रंजित अवस्था में पड़ा देखा। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू करते हुए शव को कब्जे में ले लिया। एसएसपी ने बताया कि पुलिस टीमें गठित कर दी गई है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। बबीना के आदिवासी इलाका स्थित खोंची खेड़ा में शुक्रवार की सुबह एक 17 वर्षीय किशोरी छुटकी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बबीना थाना प्रभारी के मुताबिक किशोरी का शव पत्थर से कुचला गया है। घटना स्थल की जांच पड़ताल की जा रही है। घटना स्थल पर पुलिस को कुचलकर हत्या करने वाला पत्थर व कई स्थानों पर खून पड़ा मिला है। जो यह दर्शा रहा है कि हत्यारोपितों ने उसकी हत्या कर उसे घसीटकर खाई में फेंका होगा। परिजनों के अनुसार मृतका गुरुवार की शाम से घर से गायब थी। शुक्रवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर ही उसका रक्तरंजित शव मिला है। सूचना पर एसएसपी राजेश एस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साथ ही फोरेंसिक टीम साक्ष्य खंगाल रही है। घटना के खुलासे के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही खुलासा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की स्पष्ट जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी।

## घने कोहरे में डंपर की टक्कर से रोडवेज बस पलटी, नौ यात्री जख्मी

कानपुर। बिधनू थाना क्षेत्र के गढ़ेवा गांव के पास घने कोहरे की वजह से शुक्रवार को डंपर की टक्कर से रोडवेज बस अनियंत्रित होकर हाईवे के किनारे पलट गई। हादसे में नौ यात्री मामूली रूप से जख्मी हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हैलट अस्पताल के लिए भेज दिया गया है। बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचन्द्र ने बताया कि महोबा डिपो की रोडवेज बस 29 सवारियां लेकर कानपुर से महोबा जा रही थी। गढ़ेवा हरबसपुर मोड़ के पास घने कोहरे के बीच ओवरटेक करते समय तेज रफ्तार डंपर ने बस में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से बस और डंपर दोनों अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट गए। हादसे में बस के दो चालक समेत नौ लोग घायल हो गए।

## दिल्ली-एनसीआर में दो सौ से ज्यादा वाहन चुराने वाले मेवाती गिरोह का पर्दाफाश, सात बदमाश गिरफ्तार

एजेंसी

गाजियाबाद। क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय दो पहिया वाहनों की चोरी करने वाले मेवाती गिरोह का पर्दाफाश किया। इस गिरोह के सात सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चोरी के 20 दो पहिया वाहन, फर्जी नंबर प्लेट और चोरी करने के उपकरण बरामद किए गए हैं। सभी आरोपितों को नंदग्राम इलाके से गिरफ्तार किया गया। एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में अंसार निवासी ग्राम कावान कबास थाना खो तहसील डींग जनपद भरतपुर राजस्थान है। जो इस गिरोह का सरगना है। इसके अलावा अफ़ज़ल निवासी बड़ी मस्जिद के पास ग्राम कैली थाना दौराला जनपद मेरठ, रमजान निवासी चुटी का-बास थाना सिकरी जनपद भरतपुर राजस्थान, विजयपाल निवासी 13 भारत ब्रिक्स राज भट्टा कालोनी थाना एम आई एरिया जनपद अलवर राजस्थान, मिन्ना निवासी ग्राम चोर गढी थाना खो तहसील डींग जनपद भरतपुर राजस्थान, साबिर निवासी ग्राम कावान कबास थाना खो तहसील डिंग जनपद भरतपुर राजस्थान तथा शाकिर पुनिवासी ग्राम गुलपाडा थाना सिकरी जनपद भरतपुर राजस्थान हैं। पूछताछ पर आरोपित अंसार ने बताया कि वह वर्ष 2011 से दो पहिया वाहन चोरी करने का काम कर रहा है। दो पहिया वाहनों की चोरी करने का उसका एक गिरोह है। इसमें रमजान, मिन्ना, साबिर, शाकिर, विजयपाल, अफजाल, हेमु उर्फ अंशु व मुब्बा सक्रिय सदस्य हैं। मेरा गिरोह उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा व राजस्थान में दो पहिया वाहनों की चोरी करता है। मेरे गिरोह के सभी सदस्य उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा व राजस्थान से 200 से अधिक दो पहिया वाहनों की चोरी कर चुके है तथा चोरी किये गये वाहनों को मेवात मे ले जाकर हेमू उर्फ अंशु, मुब्बा व अफजल की मदद से बेच देते हैं। विगत कुछ समय से पुलिस राजस्थान मे हमारे ठिकानों पर छापेमारी कर

## फैवीक्विक से एटीएम कार्ड बदलकर रकम हड़पने वाले गिरोह का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

मुरादाबाद। मुरादाबाद के पुलिस अधीक्षक देहात संदीप मीणा ने शुक्रवार को पुलिस लाइंस सभागार प्रेस कांफ्रेंस कर एटीएम बदलकर रकम हड़पने वाले गिरोह का खुलासा किया। एसपी देहात ने बताया कि थाना बिलारी थाना पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र के राम रतन इंटर कॉलेज के पास से दो शातिर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से फर्जी एटीएम, आधार कार्ड, तमंचा, कार और 9,000 रुपये भी बरामद किए हैं। दोनों गिरफ्तार आरोपित जिला संभल के थाना हजरत नगर गढ़ी के ग्राम बारीपुर भमरौआ के रिजवान पुत्र मुशरफ खान और फैजान पुत्र शाहिद हुसैन हैं। पुलिस इनके अन्य साथियों का भी पता लगा रही हैं। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीना ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों ने पूछताछ में बताया है कि वह दोनों पहले से ही एटीएम बूथ पर पहुंचकर एटीएम में कार्ड लगाने वाली जगह पर



**अधीक्षक देहात संदीप मीणा ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी**

फैवीक्विक लगा देते हैं,जिससे कार्ड धारक जब अपना कार्ड एटीएम मशीन में लगाता है तो वह उसी में चिपक जाता है और पीछे खड़े होकर वे लोग अन्य ग्राहक के एटीएम का पासवर्ड देख लेते हैं। कार्ड धारक से उसके एटीएम को मशीन में फंसे होने के संबंध में अंदर बैंक शाखा में भेज देते हैं। उसके बाद उसके एटीएम को निकालकर दूसरा एटीएम फंसाकर वहां से चले जाते रहे हैं और अन्य एटीएम से जाकर पैसे निकालने का काम करते रहे हैं। इस प्रकार की घटना इनके द्वारा मुरादाबाद महानगर और नोएडा में कई बार की गयी है। ये लोग कस्बा बिलारी में घटना करने आये थे, जहां पर थाना बिलारी पुलिस ने इन्हें पकड़ा है। इन अभियुक्तों ने तमंचे के बारे में बताया कि यदि कोई व्यक्ति इनका पीछा करता है तो ये लोग उसे तमंचा दिखाकर डराकर वापस कर देते हैं और रुपये लेकर भाग जाते हैं। एसपी देहात ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एटीएम के चार कार्ड, तीन फर्जी आधार कार्ड, दो तमंचा-चार कारतूस बरामद किए हैं। आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रवींद्र प्रताप सिंह, दरोगा सतेन्द्र कुमार व कांस्टेबल अरविन्द यादव और अंकित कुमार शामिल रहे।

# किसानों का धरना 11वें दिन भी जारी, वक्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों को किसान विरोधी कहा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जनपद के थाना सुशांत गोल्फ़ सिटी के सामने किसानों की समास्याओं को लेकर 11वे दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी है । किसानों ने सरोजनी नगर तहसील प्रशासन को किसानों के प्रति लापरवाह कहा । वक्ताओं की ओर से समस्या का समाधान नहीं होने तक धरना जारी रखने की बात कही गई। सभी वक्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों को लापरवाह और किसानों विरोधी कहा।धरने स्थल पर बरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा ,मण्डल महामंत्री दिलराज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी करन गुप्ता, सचिव मदन लाल, महिला बरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सोना देवी, ब्लॉक अध्यक्ष लालता प्रसाद पटेल, उपाध्यक्ष हनुमान प्रधान,राकेश प्रधान, अध्यक्ष बिनोद कुमार, शिव कुमार, अनिल कुमार, नौमी लाल आदि किसान मौजूद रहे।

# अलविदा 2023: काशी को विश्व फलक पर नई ऊंचाई मिली,जी–20 के आयोजन का मिला था दायित्व

एजेसी

वाराणसी। साल 2023 के अलविदा होने में दो दिन शेष बचे हैं। खट्टी-मीठी यादों के साथ यह साल अब बस यादों में रह जाएगा। नए साल 2024 का नए उम्मीदों और लक्ष्यों के साथ स्वागत करने की तैयारी चल रही है। वर्ष 2023 ने काशीपुराधिपति की नगरी को वैश्विक फलक पर नई ऊंचाई दी। जी–20 की यहां हुई 06 बैठकों में दुनिया के 20 ताकतवर देशों के प्रतिनिधियों का स्वागत तो हुआ ही, यहां से निकले संदेश को ताकतवर देशों ने आत्मसात भी किया। इस वैश्विक आयोजन के लिए पूरे काशी को दुल्हन की तरह सजाया गया और बड़े वैश्विक आयोजन के लिए काशी में नई पृष्ठभूमि भी तैयार हुई। जी-20 की एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की मीटिंग 17 से 19 अप्रैल, यूथ-20 समिट इंगेजमेंट ग्रुप लेवल मीटिंग 13 से 15 जून, डेवलपमेंट वर्किंग ग्रुप मीटिंग 16 से

**काशी तमिल संगमम–2 ने पूरे देश में विशाल सांस्कृतिक समृद्धि का संदेश फिर दिया**

17 अगस्त, डेवलपमेंट वर्किंग ग्रुप मीटिंग मिनिस्टीरियल लेवल 18 अगस्त,ज्वाइंट लेवल एंड फॉरेन, मिनिस्टीरियल लेवल 19 अगस्त सस्टनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप मीटिंग 28 -29 अगस्त के बीच हुई। साल 2023 में काशी में पर्यटन में भी एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ। इस वर्ष दो दिसंबर 2023 तक पांच करोड़ 38 लाख से अधिक पर्यटक शहर में आए। इसमें भारतीय पर्यटकों की संख्या 5 करोड़ 37 लाख 87 हजार के आसपास रही तो विदेशी पर्यटकों की संख्या 13 हजार 700 से अधिक रही। इसके बाद भी यहां आने वाले पर्यटकों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। काशी विश्वनाथ के दरबार में भी श्रद्धालुओं ने रिकार्डतोड़ चढ़ावा दिया है। सावन के 59 दिनों में श्रद्धालुओं ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ते हुए 16.89 करोड़ा रुपये का दान दिया। इसमें नगद के साथ सोना और चांदी भी हैं। साल 2022 में सावन में 3.40 करोड़ रुपये बाबा को दान में मिले थे। साल 2023 में यह आंकड़ा 16.89 करोड़ तक पहुंच गया। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा के अनुसार धाम के लोकार्पण यानी 13 दिसंबर 2021 से 26 दिसंबर 2023 तक 13,32,69,700 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। सावन इस बार दो महीने का था। जुलाई में 72.02 लाख और अगस्त में 95.62 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। दो महीने में यह संख्या 1.67 करोड़ रही। काशी में दिसम्बर माह के तीसरे और चौथे सप्ताह में आयोजित काशी तमिल संगमम–2 ने एक बार फिर पूरे देश में विशाल सांस्कृतिक समृद्धता का संदेश दिया। समारोह का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। काशी तमिल संगमम से दो संस्कृतियों का मिलन हुआ बल्कि लाखों लोग इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह भी बने। इस कामयाबी में बीएचयू और आईआईटी मद्रास ने जो रूपरेखा तैयार की, उसे साकार करने में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने भी बड़ी भूमिका निभाई। काशी तमिल संगमम में जिस प्रकार से तमिल गीतों-नाट्यों-वाद्यों का प्रस्तुतीकरण किया, वह अपने आप में अनुपम रहा। साल 2023 के ही नवम्बर माह में वाराणसी में शिवाजी के छत्रपति बनने की भव्य गाथा को जाणता राजा महानाट्य के जरिए दर्शाया गया। 21 से 26 नवंबर तक बीएचयू के एंफीथियेटर मैदान में आयोजित महानाट्य दुनिया में अपनी तरह का एकमात्र और अनोखा रहा।इसमें करीब 300 कलाकारों और 100 तकनीशियनों ने भाग लिया। बलवंत मोरेश्वर पुरंदरे द्वारा लिखित नाटक जाणता राजा का मंचन काशी में यादगार लम्हा बन गया।

# केशव मौर्य की पहल पर प्रदेश में चला विशेष स्वच्छता अभियान

## वहीं उनकी पहल पर व उनके निर्देशन में प्रदेश में गांव चौपाल की पहली वर्षगांठ मनाई जा रही हैं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का जहां अयोध्या में साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान पिछले कई दिनों से जारी है। वहीं उनकी पहल पर व उनके निर्देशन में प्रदेश में गांव चौपाल (गांव की समस्या-गांव में समाधान) की पहली वर्षगांठ मनाई जा रही है। प्रथम दिन गुरुवार को प्रदेश की ग्राम पंचायतों, ब्लाकों, आदि में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

उत्तर प्रदेश में गांवों के विकास को गति देने के लिए ग्राम्य विकास विभाग हर माह प्रत्येक शुक्रवार को बीते एक वर्ष से ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कर रहा है। गांव की चौपाल में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी बुलाया जा रहा है ताकि वहां की वास्तविक समस्याओं से सरकार को अवगत कराया जा सके। ग्राम चौपाल को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि बड़ी संख्या में ग्रामीण इसका हिस्सा बनें।

ग्राम चौपाल (गाँव की समस्या, गाँव में समाधान) कार्यक्रम का दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में एक वर्ष पूर्ण हो गया है, जिसको लेकर विभाग द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में गाँवों के विकास का भरकस प्रयास किया जा रहा है। जिसके चलते बीते एक वर्ष से माह के प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम चौपाल कार्यक्रम के आयोजन से राज्य के विकास इंजन के रूप में गांवों के विकास पर ध्यान दिया जा रहा है, जिसका असर धरातल पर साफ दिखाई दे रहा है। पिछले एक साल से प्रत्येक शुक्रवार को प्रदेश के प्रत्येक विकास खंड की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है

ग्राम्य विकास विभाग उत्तर प्रदेश आयुक्त जीएएस प्रियदर्शी ने बताया कि दिसम्बर 2023 के अंतिम सप्ताह में ग्रामीणों के लिए चलाये जा रहे इस महाअभियान का एक वर्ष पूरा हो रहा है। कार्यक्रम की लोकप्रियता और उपयोगिता को देखते हुए उप मुख्यमंत्री द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि इस कार्यक्रम की पहली वर्षगांठ को भव्यता पूर्ण ढंग से मनाया जाय। जिसके लिये 28 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### प्रथम वर्षगांठ पर ग्रामीण इलाकों में चला स्वच्छता अभियान

उप मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे ग्राम चौपाल कार्यक्रम महाअभियान के एक वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। इस दौरान कार्यक्रम स्थलों पर जनप्रतिनिधिगण, सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आईसीजेएस में लगातार तीन साल से देश में प्रथम पायदान पर उत्तर प्रदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) प्लेटफॉर्म पर सर्वाधिक इंट्री दर्ज करने वाला उत्तर प्रदेश राज्य लगातार तीसरे साल भी प्रथम पायदान पर है। दरअसल, आईसीजेएस प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर में आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न स्तंभों के बीच डेटा और सूचना का निर्बाध हस्तांतरण होता है। इनमें अदालतें, पुलिस, जेल और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के बीच सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए अपराध और अपराधियों से जुड़े डेटा का आदान-प्रदान होता है।

एडीजी अभियोजन दीपेश जुनेजा ने शुक्रवार को यह बताया कि आईजीसीजेएस प्लेटफॉर्म पर उत्तर प्रदेश के अभियोजन विभाग द्वारा अबतक 1,56,22,514 प्रविष्टियां दर्ज कराई जा चुकी हैं। दूसरा नम्बर पर मध्य प्रदेश द्वारा 35,04,828 और तीसरे स्थान पर बिहार 16,65,107 प्रविष्टियां दर्ज कराई गई हैं।आईसीजेएस के जरिए अपराध और आपराधिक डेटा जैसे एफआईआर, केस नम्बर, जेल आईडी, संदिग्धों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने से लेकर दोषियों के कारावास तक के रिकॉर्ड रखे जाते हैं। साथ ही अदालती मामलों के विवरण, परीक्षण, निर्णय, अभियोजन और फोरेंसिक जानकारी भी एक ही प्लेटफॉर्म के जरिए अदालतें, पुलिस, जेल और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं द्वारा एक्सेस की जा सकती है।

समय-समय पर आवश्यक आपराधिक न्याय से संबंधित जांच, खोज, केस हिस्ट्री, केस पेंडेंसी, अपराधी की वर्तमान स्थिति जैसी जानकारियां भी आईसीजेएस पर मौजूद रहती हैं। पुलिस विभाग को इन सूचनाओं के आधार पर अपराधों के पूर्वानुमान के लिए डेटा एनालिटिक्स और भविष्य में अपराध नियंत्रण के प्रभावी प्रबंधन में मदद मिलती है। इसके अलावा आईसीजेएस पर अपराध और अपराधियों से संबंधित फोटोग्राफ्स, वीडियोग्राफ, दस्तावेजी सबूत के साथ ही कोर्ट केस डेटा, अदालती कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग भी सुरक्षित रखे जाते हैं। साथ ही साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालती कार्यवाही को सक्षम बनाने में भी इससे मदद मिलती है।

# उप्र सरकार ने अशोक लीलैंड को प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए दी फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी की अनुमति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने एफडीआई पॉलिसी 2023 के तहत अशोक लीलैंड लिमिटेड को प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी प्रदान करने की अनुमति दे दी है।

कंपनी द्वारा दिए गए प्रस्ताव का मूल्यांकन करते हुए सक्षम प्राधिकारी ने परियोजना को एफडीआई नीति-2023 के प्रावधानों के अनुसार फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र पाया है। इसके बाद उचित विचार-विमर्श के बाद सक्षम प्राधिकारी ने प्लॉट नंबरः 1, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड साइट, सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र (यूपीसीडा) में 70 एकड़ भूमि पर परियोजना के लिए 75 फीसदी फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस संबंध में कंपनी के एमडी और सीईओ शेनू अग्रवाल को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व इन्वेस्ट यूपी के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह द्वारा लेटर ऑफ अप्रूवल भेजा गया है।

### प्रस्तावित परियोजना में 186 करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश

यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की भूमि पर प्रस्तावित है। परियोजना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सहित प्रति वर्ष 2500 वाहनों की स्थापित क्षमता के साथ वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए एक एकीकृत ग्रीन-फील्ड संयंत्र स्थापित करने पर आधारित है। यह परियोजना बाजार में इलेक्ट्रिक और अन्य वाहनों की मांग के आधार पर अन्य ईंधन पर आधारित वाहनों का निर्माण करेगी। प्रस्तावित परियोजना 186 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ स्थापित की जाएगी, जिसे 2 चरणों में लागू किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक भूमि क्षेत्र 70 एकड़ है। उत्तर प्रदेश सरकार और अशोक लीलैंड के बीच 15 सितंबर को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

# दुबग्गा पुलिस ने सरविलांस सेल की मदद से लूट की घटना का किया पर्दाफाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। लखनऊ के दुबग्गा थाना क्षेत्र में 3 दिन पूर्व जॉगर्स पार्क के पास से महिला की पर्स लूटकर लुटेरों ने लूट की घटना को दिया था अंजाम। लूट की घटना के बाद महिला ने थाना दुबग्गा में लूट का मुकदमा दर्ज कराया था महिला के बैग में 7500 रुपये जो कि उसकी तनख्वाह के थे और मोबाइल फोन व अन्य सामान भी था।

इसके बाद डीसीपी पश्चिम की सर्विलांस टीम और थाना दुबग्गा की पुलिस टीम ने 24 घंटे के अंदर घटना का सफल अनावरण करके दो अभियुक्त को लूट/चोरी किये गए चार मोबाइल फोन व 1500 रुपये नगद घटना में प्रयोग एक पैशन प्रो मोटरसाइकिल भी बरामद किया। आपको बता दें एसीपी काकोरी शकील अहमद प्रेस वार्ता में बताया अभियुक्त शाहनवाज पुत्र शराफत उम्र 20 वर्ष और मोहम्मद शानू पुत्र मोहम्मद फिरोज उम्र 20 वर्ष को दुबग्गव इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा व उनकी टीम और सर्विलांस टीम ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। यह दोनों अभियुक्त थाना ठाकुरगंज के रहने वाले हैं। एसीपी काकोरी शकील अहमद ने बताया कि डीसीपी पश्चिम राहुल राज सर्विलांस टीम व दुबग्गा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना के आधार पर चार मंजिला कॉलोनी के सामने सेक्टर पी तिराहा दुबग्गा लखनऊ से दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# सरोजनी नगर में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर



लखनऊ। शुक्रवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने जोन 3 के सरोजनीनगर के पिपरसंड में एक अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।

प्रवर्तन जोन 2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अभिषेक शर्मा व अन्य द्वारा सरोजनीनगर के पिपरसंड के रूप खेड़ा में लगभग 5 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते शुक्रवार को सहायक अभियंता अनिल कुमार, अवर अभियंता भानु प्रकाश वर्मा, संजय शुक्ला, भरत पाण्डेय, व प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से इस अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया।

# पश्चिमी हिमालय में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ से 30 दिसंबर से 2 जनवरी के मध्य बारिश की संभावना

लखनऊ। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि 30 दिसंबर से 2 जनवरी के मध्य पश्चिमी हिमालय में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है, जिससे संभावना है कि नये वर्ष में हल्की बारिश एवं बर्फबारी होगी। यह जानकारी शुक्रवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय ने दी।उन्होंने बताया कि देश के राजस्थान और मध्य प्रदेश के ऊपर एक प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण के कारण बेमौसम बारिश हो सकती है, जिससे पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश और यहां तक कि छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में भी बारिश होने की संभावना है। और उत्सव के उत्साह को बढ़ाने के लिए, उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार 2 और 3 जनवरी के बीच वर्षा नृत्य में शामिल हो सकते हैं।उन्होंने बताया कि वर्तमान में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तरी राजस्थान सहित उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाके घने कोहरे की चपेट में हैं। यह अवांछित मेहमान, जिसके कम से कम दो दिन तक रुकने की उम्मीद है, रेल और हवाई यातायात में गड़बड़ी पैदा कर रहा है, यात्रा योजनाओं को अव्यवस्थित कर रहा है। इसलिए, यदि आप इन हिस्सों में उड़ान भर रहे हैं या ट्रेन ले रहे हैं, तो देरी और रद्दीकरण के लिए तैयार रहें।लेकिन आइए सकारात्मक पक्ष को न भूलें। सुनील पांडेय के अनुसार बेमौसम बारिश, सूखा प्रभावित क्षेत्रों में जरूरी राहत लाएगी।

इसलिए, चाहे आप कोहरे या बारिश में कांप रहे हों, याद रखें, मौसम का यह नाटक सिर्फ एक अस्थायी कार्य है। जल्द ही, सूरज बादलों के बीच से झाँकेगा और उत्तर भारत एक बार फिर अपनी सुनहरी चमक में डूब जाएगा। तब तक, बंडल बना लें, सुरक्षित रहें और सर्दियों के अप्रत्याशित आकर्षण के अनोखे दृश्य का आनंद लें।

# अवैध गांजे के साथ 2 शातिर अभियुक्त हुए गिरफ्तार

लखनऊ ।थाना सादतगंज पुलिस ने 2 शातिर अभियुक्त को अपनी गिरफ़्त मे लेने मे कामयाबी हासिल की है अभियुक्त के नाम हजारी पुत्र सुंदर और और अभियुक्त का नाम बिरेंद्र पुत्र राम लखन है अभियुक्तों द्वारा अवैध गांजे को बेचने का आरोप है इनके पास से 26 पुड़िया अवैध गांजा वज़न 105 ग्राम भी बरामद हुआ है साथ ही जमा तलाशी मे 26 सौ रुपये भी बरामद हुए हैं अभियुक्तो पर एन पी एस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर दी है।

# लालच में विधुत कर्मी ने बिना साक्ष्य दर्ज कराया चोरी का फ़र्ज़ी मुक़दमा:उपभोक्ता

## पीड़ित उपभोक्ता को फ़र्ज़ी मुक़दमें में लाखों का नोटिस जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद/लखनऊ। विधुत विभाग का एक नया कारनामा सामने आया है जिसमें एक उपभोक्ता ने विधुत कर्मियों पर रिश्वत का गंभीर आरोप लगाया कि पैसो की लालच में विधुत विभाग ने उसे चोर बना दिया है। जिसकी शिकायत किसान ने आईजीआरएस के माध्यम से उच्चाधिकारियों से की है।

मलिहाबाद के ग्राम बिराहिमपुर निवासी बेचालाल विधुत कनेक्शनधारी को विधुत चोर बना डाला है। विधुत कनेक्शनधारी ने 17 जुलाई को जब इसकी शिकायत अधिशाषी अभियंता सेस चतुर्थ से कर स्टेशन मास्टर रवि कुमार पर आरोप लगाया कि विगत 13 जुलाई को घर पर जाकर जांच की। जांच करने के बाद उक्त कर्मी बाहर आया और कहने लगा मीटर फर्जी है 20 हजार रुपऐ दो तो सब खत्म हो जायेगा। जिसकी उसने 17 जुलाई को शिकायत की थी। यह जानकारी होने पर एक्स्चियन सहित जेई एसडीओ कनेक्शनधारी को मान मनौवल करने में जुट गये। पीड़ित को आश्वासन देकर मामले को टरका दिया। लेकिन विधुत विभाग ने 22 अगस्त को नोटिस दी कि तुम्हारा एक लाख 31 हजार 85 रुपया बाकी है। यह जान कनेक्शनधारक के होश उड़ गये। पीड़ित ने 29 दिसम्बर गुरुवार को पुनः आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत दर्ज करा दोषियों के विरुध कार्यवाई की मांग की है।

# नौ माह बीत जाने के बाद भी नहीं हो सका कोटेदार का चयन

## गांव एवं ब्लॉक कार्यालय तक चल रही है खींचातानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ।कोटेदार चयन के मामले में गांव से लेकर ब्लॉक कार्यालय तक खींचा तानी का माहौल देखने को मिला।इसी के चलते नौ महीने से यह काम अधर में लटका हुआ है। विकास खंड गोसाईगंज की ग्रामपंचायत शिवलर के कोटे की दुकान पहले के पास थी।

इस महिला के पास से कोटे की दुकान हटी तो उसका अटैचमेंट रायपुर सदरा के कोटे से कर दिया गया था। शिवलर के लोगो को कोटे से मिलने वाली सामग्री हासिल करने के लिए तीन किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। यदि कोटे की दुकान गांव में होती तो यह परेशानी नहीं उठानी पड़ती। ग्राम प्रधान के अनुसार कोटेदार चयन के लिए 12 अप्रैल 2023 को ग्राम पंचायत की खुली बैठक की गई थी जिसमें कोटेदार - चयन के लिए ज्योति पत्नी मनीष कुमार, ममता पत्नी रमेश रावत, कविता पत्नी प्रमोद कुमार और आरती पत्नी रमेश कुमार के नाम सामने आए । ग्राम पंचायत की बैठकी प्रतिलिपि ब्लाक कार्यालय भेज दी गई।

कोटेदार की उम्मीदवारी में ममता का नाम निरस्त कर दिया गया बताया जाता है। कविता बी डी सी सदस्य होने के साथ ही उजाला महिला समूह मे भी हैं और इनके पति रोजगार सेवक है। ज्योति ज्वाला माई प्रेरणा सेल्फ हेल्प ग्रुप में है। ममता भावना स्वयं सहायता समूह मे बताई गई। और आरती को एकता महिला स्वयं सहायता समूह में बताई गई।इस प्रकार कोटेदार की उम्मीदवारी किसी के पक्ष में नहीं जाती है लेकिन ब्लाक कार्यालय के लोग मामले को लटकाए हुए हैं।वे कोटेदार किसे बनना चाहते हैं यह बात अभी अंधेरे में है । कोटेदार नियुक्ति का मामला फाइनल नहीं हो पा रहा है।ब्लॉक कार्यालय के अधिकारी भी बी डी ओ और एडियो सभी गुपचुप तरीके से क्या करना चाहते है यही किसी की समझ में नहीं आ रहा है। सूत्री से मिली जानकारी के अनुसार ब्लॉक कार्यालय के कर्मचारी इस मामले मे विशेष रुचि ले रहे हैं। इधर-उधर की बातों छन कर जो बात सामने आ रही है उससे माना जा रहा है कि खंड विकास कार्यालय के लोग कविता के हाथों में कोटे की दुकान सौंपने के पक्ष में है जबकि हर सुनने वाला इसे गलत करार दे रहा है।

# किसान ने गांव के लोगों पर चोरी करने का लगाया आरोप, पुलिस जांच में जुटी

नगराम,लखनऊ। नगराम क्षेत्र के देवती गांव में बीते गुरुवार को किसान के दरवाजे की कुंडी खोल कर घुसे चोरों ने बख्शे का ताला तोड़कर नगदी समेत जेवरात पार कर दिया। जानकारी होने पर किसान ने थाना पहुंच तहरीर दी। मिली तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगराम के देवती गांव निवासी प्रेम चन्द गुप्ता ने शुक्रवार को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार की शाम रोज की तरह खाना खाकर सो गए थे, आधी रात के बाद घर में लगे दरवाजे की कुंडी खोल कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़ कर उसमें रखे लगभग छः लाख रुपए की जेवरात व नकदी एक लाख की चोर चोरी कर ले गए। जिसकी जानकारी शुक्रवार की सुबह हुई। उसे अंदेशा है कि उसी के गांव के ही लाली व राजू द्वारा अपने साथियों संग मिलकर चोरी की है। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि किसान द्वारा मिली तहरीर पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। संदिग्धो से पुछताछ की जा रही है।

# यूपी: महाकुम्भ से पहले रोडवेज में शामिल होंगी पांच हजार इलेक्ट्रिक बसें, प्रदेश में बनेंगे 150 चार्जिंग स्टेशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ महाकुम्भ पर हजारों तीर्थयात्रियों की आवाजाही को देखते हुए परिवहन निगम प्रशासन आठ हजार बसों को बेड़े में शामिल करने की तैयारी कर रहा है। इसमें पांच हजार बसें इलेक्ट्रिक होंगी। इससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

दरअसल, परिवहन निगम प्रशासन का पूरा फोकस बेड़े को पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से तैयार करना है। फिलहाल रोडवेज बसों के बेड़े में करीब 12 हजार बसें हैं। इसमें उम्र पूरी कर चुकी बसों को क्रमबद्ध ढंग से बाहर किया जा रहा है। वहीं डीजल के साथ इलेक्ट्रिक बसों को बेड़े में जोड़ने की कवायदें भी की जा रही हैं। इसी क्रम में अगले साल महाकुम्भ से पहले नई बसों को निगम में शामिल कर यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि की तैयारियां की जा रही हैं।

निगम के अफसरों ने बताया कि कुल आठ हजार बसों को रोडवेज के बेड़े में जोड़ा जाना है। इसमें पहले चरण में पांच हजार बसों को शामिल किया जाएगा। इसमें तीन हजार इलेक्ट्रिक बसें व दो हजार डीजल बसें होंगी। इसके बाद अगले चरण में तीन हजार अनुबंधित बसों को भी बेड़े में शामिल किया जाएगा, जिसमें दो हजार इलेक्ट्रिक व एक हजार डीजल बसें रहेंगी। इन बसों के आ जाने से रोडवेज बसों का कायाकल्प हो जाएगा।

### लखनऊ को मिलेंगी 250 नई बसें

महाकुम्भ से पहले रोडवेज के बेड़े में शामिल होने से लखनऊ परिक्षेत्र को भी लाभ होगा। मसलन, अभी रोडवजे के लखनऊ परिक्षेत्र में करीब हजार बसें हैं। सूत्र बताते हैं कि ढाई सौ नई बसों को भी इस बेड़े में जोड़ा जाएगा। इन बसों को लखनऊ से प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, आगरा रूट पर चलाया जा सकता है। हालांकि, इस मुद्दे पर अफसर आधिकारिक रूप से कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

150 चार्जिंग स्टेशनों की पड़ेगी जरूरत

रोडवेज के आला अफसर बताते हैं कि जब बेड़े में पांच हजार इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जा रहा है। ऐसे में चार्जिंग स्टेशनों की संख्या में भी वृद्धि करनी होगी। 150 से अधिक चार्जिंग स्टेशनों को विकसित करना होगा, ताकि बसों की चार्जिंग में असुविधाओं का सामना न करना पड़े। इन बसों से ऊर्जा के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# यूपी में 74 आईपीएस अधिकारियों को मिला प्रमोशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शासन ने स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार समेत 74 आईपीएस अधिकारियों को प्रोन्नति प्रदान की है। एक जनवरी, 2024 से प्रोन्नति आदेश प्रभावी होगा। जिसके उपरांत सभी की नई तैनाती का आदेश जारी होगी। नए वर्ष में पुलिस विभाग को एक नए डीजी के अलावा दो नए एडीजी, पांच आइजी व 34 डीआइजी मिलेंगे। इनके अलावा 33 आइपीएस अधिकारियों को सेलेक्शन ग्रेड प्रदान किया गया है। 1990 बैच के आइपीएस अधिकारी प्रशांत कुमार डीजी बनाए गए हैं। आइजी से एडीजी के पद पर प्रोन्नति पाने वालों में 1999 बैच के आइपीएस अधिकारी डा.संजीव गुप्ता व रमित शर्मा के नाम शामिल हैं।डा. संजीव सचिव गृह तथा रमित शर्मा पुलिस कमिश्नर प्रयागराज के पद पर तैनात हैं। 2009 बैच के आइपीएस अधिकारी रोहन पी कनय को डीआइजी के पद पर प्रोन्नति के साथ ही सेलेक्शन ग्रेड भी प्रदान किया गया है। प्रमुख सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में 23 दिसंबर को आईपीएस अधिकारियों की विभागीय प्रोन्नति समिति की बैठक हुई थी। 2006 बैच के आइपीएस अधिकारी आकाश कुलहरि, धर्मेन्द्र सिंह, एलआर कुमार, अब्दुल हमीद व शलभ माथुर डीआईजी से आइजी के पद पर प्रोन्नत हुए हैं।वहीं, 2009 बैच के आइपीएस अधिकारी रोहन पी कनय, 2010 बैच के आइपीएस अधिकारी वैभव कृष्ण, कलानिधि नैथानी, प्रभाकर चौधरी, संजीव त्यागी, पूनम, कुंतल किशोर, हरीश चंदर, सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज, राठौर किरीट कुमार हरिभाई, शिव हरि मीना, शैलेश कुमार यादव, राहुल राज, शफीक अहमद, राधे श्याम, कल्पना सक्सेना, सुरेश्वर, रामजी सिंह यादव, संजीव सिंह, रामकिशुन, राजकमल यादव, राकेश पुष्कर, मनोज कुमार सोनकर, कुलदीप नारायन, मनिराम सिंह, किरन यादव, प्रमोद कुमार तिवारी, शहाब रशीद खान, एस.आनन्द व राजीव नारायण मिश्रा के अलावा डा.धमवीर सिंह, अशोक कुमार (चतुर्थ), प्रदीप गुप्ता व डा.ओम प्रकाश सिंह को एसपी से डीआइजी के पर प्रोन्नति मिली है।2009 बैच के आईपीएस अधिकारी रोहन पी कनय, 2010 बैच के सुनील कुमार सिंह, 2011 बैच के अजय कुमार, अभिषेक सिंह, देव रंजन वर्मा, राजेश एस, विजेता को सेलेक्शन ग्रेड प्रदान किया गया है।

# कोहरे की वजह से समय पर नहीं पहुंच पा रहे लोग, सात विमान निरस्त

लखनऊ। पिछले दो दिनों से पड़ रहे घने कोहरे के कारण ठप हुई रेल और विमान सेवाएं शुक्रवार को भी प्रभावित रहीं। दो इंटरनेशनल विमान 10 से 13 घंटे तक देरी से आएं। सात विमानों को कोहरे के कारण निरस्त करना पड़ा। वहीं अधिक देरी से चल रही शताब्दी एक्सप्रेस शुक्रवार को निरस्त रही।गुरुवार को ट्रेन 12003 लखनऊ-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस दोपहर 3:30 बजे के स्थान पर रात 11:38 बजे लखनऊ जंक्शन से रवाना हुई। रात भर यात्रियों ने चेयरकार श्रेणी में बैठकर यात्रा की। यह ट्रेन शुक्रवार को 10:21 बजे नई दिल्ली पहुंच सकी। शुक्रवार की शताब्दी एक्सप्रेस निरस्त कर दी गई।शुक्रवार को नई दिल्ली से लखनऊ आने वाली लखनऊ मेल 2:20 घंटे, एसी एक्सप्रेस दो घंटे, जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस चार घंटे, चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट तीन घंटे, जम्मूतवी-हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस पांच घंटे, अमृतसर-हावड़ा पंजाब मेल 4:30 घंटे, फिरोजपुर-धनबाद गंगा सतलुज एक्सप्रेस 4:20 घंटे, दिल्ली-आजमगढ़ कैफियात एक्सप्रेस 5:30 घंटे, लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस 3:45 घंटे की देरी से लखनऊ पहुंची। इन ट्रेनों की सही लोकेशन के लिए यात्री परेशान होते रहे।शुक्रवार को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट आने वाले इंटरनेशनल और घरेलू विमान प्रभावित रहे।

# लोक निर्माण मंत्री ने महमूदाबाद में शारदा नहर पुल का किया शिलान्यास

## सर्वप्रथम जितिन प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद,सीतापुर। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद का आगमन नगर के रामपुर मथुरा रोड स्थित शांति हॉस्पिटल के सामने मैदान में हुआ। सर्वप्रथम उनके द्वारा नूरपुर पुल के पत्थर का शिलान्यास किया गया। जिसके बाद मंत्र उच्चारण के साथ पुल के निर्माण स्थल पर भूमि पूजन कर वह कार्यक्रम स्थल पहुंचे। सर्वप्रथम जितिन प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिसके बाद विधायक आशा मौर्या द्वारा जितिन प्रसाद का स्वागत किया गया। विधायक ने संबोधन में कहा कि महमूदाबाद अब विकसित क्षेत्र बनता जा रहा है ।

जब पिछली बार लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद जी आए थे तब हमने उनको नूर पुल की जर्जर स्थिति से अवगत कराया था। मैंने बताया था कि आए दिन यहां पर जाम लग जाता है। आने वाले समय में भी बहुत से ऐसे काम हैं जिन्हें मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में जितिन प्रसाद जी के मार्गदर्शन में पूरा करना है। अभी विकास कार्य थमेगा नहीं अभी बहुत से ऐसे काम हैं जो होने बाकी हैं। हर वर्ग के लिए सरकार बेहतरता के साथ संकल्पित है। आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाव और मन से भारतीय जनता पार्टी को जिताने का काम जनता करेगी। इसी क्रम में सीतापुर के एमएलसी पवन सिंह चौहान ने सरकार की नीतियों व उद्देश्यों को जनता के सामने रखा। जिसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर द्वारा जन समूह को संबोधित करते हुए कहा गया कि मैं महमूदाबाद की बहू हूं।

जिला पंचायत भी गांव के विकास के लिए तेजी से काम कर रही है। और यह सब भाजपा सरकार में ही संभव हो सकता है। इसके पश्चात सीतापुर के जिला प्रभारी नीरज सिंह द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी के लोग लगातार गरीबों की सेवा के लिए तत्पर हैं। इससे पहले कई सरकारें आईं मगर क्षेत्र की प्रगति की प्रक्रिया को भाजपा ने ही पूरा किया है। भाजपा का उद्देश्य गरीबी को जड़ से खत्म करना है।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने भी जनसमूह को संबोधित कर अपने विचार रखे। इसके बाद सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा ने लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को धन्यवाद देते हुए बताया कि 2014 में क्षेत्र



का विकास अधूरा पड़ा था। मेरे द्वारा सदैव से प्रयास किया गया कि तेजी से विकास कार्य हों और काफी अहम कार्य संपन्न भी हो चुके हैं। अभी भी बहुत काम बाकी हैं। पहले सड़कों की स्थिति बेहद जर्जर थी भाजपा के अथक प्रयासों से ही गांजरी क्षेत्र अब मुख्य मार्गों से बेहतर सड़कों के साथ जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मैं प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्री व भाई जितिन प्रसाद जी को धन्यवाद देते हुए प्रणाम करता हूं। नूरपुर पुल का निर्माण एक ऐतिहासिक पहल है। अभी भी कई पुल ऐसे हैं जिन पर कार्य शुरू होना है। उन्होंने मंत्री जितिन प्रसाद से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस की कायाकल्प का निवेदन भी किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे लोक निर्माण मंत्री जितेंद्र प्रसाद ने अपने उद्बोधन के माध्यम से जनता को बताया बताया कि पिछली बार जब मैं आया था तब विधायक आशा मौर्य ने पुल की जर्जर स्थिति मुझे दिखाई थी। भीषण जाम से अब यहां के लोगों को निजात मिलेगी। क्षेत्र की विधायक आशा मौर्या और सांसद राजेश वर्मा जब भी मिलते हैं तो वह हमारा हाल-चाल भी नहीं पूछते हैं ये लोग सिर्फ विकास कार्यों की बात करना शुरू कर देते हैं।

क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बेहद कर्मठता के साथ विकास कार्यों में लगे हैं। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को जल्द से जल्द कार्य शुरू व पूरा करने की हिदायत भी दी। उन्होंने खुले अंदाज में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है जैसे केंद्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है वैसे ही महमूदाबाद में भी जिला पंचायत अध्यक्ष, सांसद, व विधायक भाजपा का है। इसी कारण से क्षेत्र का बेहतर भविष्य होगा। उन्होंने बताया कि विधायक आशा मौर्य के अथक प्रयासों के कारण ही आज यह संभव हो सका है। बाकी सरकारें खोखली बात करती हैं हम भाजपाई जो कहते हैं वह करते हैं। उन्होंने बताया कि इसी महीने के आखिरी दिनों में ही नूरपुर पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

और मार्च 2024 तक कार्य पूरा हो जाएगा। कार्य गुणवत्ता परख रहे इसके लिए भी मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट आदेश दिए। उन्होंने कहा कि आज का दिन स्वर्णिम है क्योंकि जनपद सीतापुर के महमूदाबाद में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग एवं उत्तर प्रदेश राज्य सेतु के विभिन्न परियोजनाओं जिनकी लागत 85.75 करोड़ की है। ऐसी सौगात ऐतिहासिक कही जाएगी।

उन्होंने कहा कि नूरपुर पुल का काम छोटा-मोटा नहीं है लगभग 40 करोड़ की लागत का है। और यह भाजपा सरकार में ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि सकरे पुल के कारण सड़क हादसों की संख्या भी बढ़ जाती है। अब जाम से भी लोगों को निजात मिलेगी। बेबाक अंदाज में उन्होंने कहा कि यह जितिन प्रसाद की देन तो बिल्कुल नहीं है यह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी व मोदी जी की देन है। जनप्रतिनिधियों के दिए गए सुझावों पर विचार विमर्श करते हुए बहुत ही जल्दी अन्य विकास कार्यों को भी भाजपा गति देने वाली है।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सचिन मेहरोत्रा, सुधीर सिंह,सवेंद्र सिंह, रमाशंकर वर्मा, कमलेश तिवारी अजय वर्मा, रामकुमार वर्मा 'नन्हा' वाजपेई,चंद्र भूषण शुक्ला ,मोहन बारी,रामप्रवेश प्रजापति सहित हजारों लोग उपस्थित रहे ।

# मितौली तहसील क्षेत्र के लेखपाल ने ली नौ हजार पांच सौ रुपए की रिश्वत

मितौली-खीरी। जिले की तहसील मितौली परगना कस्ता क्षेत्र की ग्राम पंचायत डहर के मजरा रामखेरा के किसान नंदराम ने अपने खेत में लगी यूकेलिप्टस के पेड़ों को अमीन नगर के ठेकेदारों को बेचा था लकड़ी ठेकेदार ने बताया की 25 दिसंबर 2023 को दोपहर में यूकेलिप्टस पेड़ काटने पहुंचा पेड़ काटकर ट्राली में लाद रहा था की वहीं पर डहर ग्राम पंचायत के लेखपाल मनोज कुमार मिश्रा आ पहुंचे और उन्होंने ठेकेदार से कहा यह यूकेलिप्टस चक मार्ग में है यह लकड़ी नहीं ले जा सकते तुम अगर ले जाना है तो हमको बीस हजार रूपए दीजिए नहीं तो तुम्हारी लकड़ी जाने नहीं देंगे और तुम्हारी शिकायत अभी दर्ज करा देंगे ठेकेदार भयभीत हो गया और हुजूर से मिन्नतें करने लगा हुजूर नहीं माने तो पैसे के लेन देन की बात शुरू हुई लेखपाल बीस हजार रूपए से दस हजार रुपए पर मान गए ठेकेदारों ने अपनी जेब झार कर नौ हजार पांच सौ रुपए हुजूर को दिए तब जाकर हुजूर ने उसकी ट्राली जाने दी इस बारे में जब किसान नंदराम से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया यूकेलिप्टस के पेड़ हमने अपने खेत में लगाए थे जो कि खेत चक मार्ग के किनारे है जिसमें लेखपाल महोदय हमारी यूकेलिप्टस को चक मार्ग में बता रहे हैं ।

# बाजार भ्रमण कर अक्षत वितरण कार्यक्रम का दिया निमंत्रण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। लालबाग शहीद पार्क में 30 दिसंबर शनिवार को होने वाले अक्षत वितरण कार्यक्रम के निमित्त बाजार भ्रमण कार्यक्रम प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति की ओर से किया गया। भ्रमण लालबाग शहीद पार्क से प्रारंभ होकर घंटाघर, सोनार मंडी, कपड़ा मंडी, घंटाघर, नगर पालिका होते हुए पुनः लालबाग शहीद पार्क पर पहुंची। यात्रा के दौरान सभी को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया। प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति के प्रमुख प्रभात अग्निहोत्री ने बताया कि अयोध्या में श्री रामलला मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के निमंत्रण स्वरूप पूजित अक्षत घर-घर पहुंचने के लिए एक से 15 जनवरी तक अभियान चलेगा। अभियान को बृहद रूप से चलने के लिए बस्तीशः टोलियां बनाई गई हैं। टोलियों को पूजित अक्षत कलश 30 दिसंबर को प्रदान किए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम लालबाग शहीद पार्क में प्रातः 11:00 बजे होगा। कार्यक्रम में सभी टोलियां भगवान श्री राम के जयघोष के साथ शोभा यात्रा निकालते हुए लालबाग शहीद पार्क पहुंचेंगी। यहां उनको पूजित अक्षत कलश प्रदान किए जाएंगे। सहअभियान प्रमुख अनूप खेतान ने बताया कि कार्यक्रम में संतों का सम्मान व प्रवचन होगा तथा कारसेवा में शामिल कारसेवकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

बाजार भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद् के सह प्रांत धर्म प्रचार प्रमुख विपुल प्रताप सिंह, जिला प्रचारक पंकज, नगर प्रचारक मनोज, नगरपालिका परिषद सीतापुर प्रतिनिधि नमींद्र अवस्थी, धर्म गुरु आशीष शास्त्री, स सह अभियान प्रमुक प्रशांत भदौरिया, नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, पुलिस लाइन सभासद प्रदीप गुप्ता, आर्य नगर सभासद अनूप बाजपेयी, जिला उपाध्यक्ष भाजपा संजय मिश्रा, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश शर्मा, आकाश राय, राजन गुप्ता, प्रमोद सिंह, आकाश मिश्रा, कुशाग्र मिश्रा, अजय शुक्ला, राहुल मिश्रा, मनीष मिश्रा, अपूर्व मिश्रा, बंदन पांडेय आदि सैकड़ो की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

# मयंकेश्वर शरण सिंह ने नैमिषारण्य स्थित राजघाट पहुंचकर गोमती नदी के तट पर आयोजित कार्यक्रम में आरती एवं पूजन-अर्चन किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद के एक दिवसीय दौरे पर आये राज्य मंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी ने नैमिषारण्य स्थित राजघाट पहुंचकर गोमती नदी के तट पर आयोजित कार्यक्रम में आरती एवं पूजन अर्चन किया। इसके उपरान्त गोमती नदी में रिवर रैंचिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत मत्स्य संपदाओं के संरक्षण हेतु गंगा नदी के वाइल्ड क्षेत्र/भारतीय मेजर क्रॉप के प्रजनकों से प्राप्त 80 से 100 मिमी आकार की 1 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं के संचय हेतु नाव के द्वारा नदी में जाकर मत्स्य अंगुलिकाओं नदी में डाला।

इसके उपरान्त राजघाट में रिवर रैंचिंग विषय पर गोष्ठी एवं जन जागरूकता



कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय प्रभारी मंत्री जी ने मोटर साइकिल विद आइस बाक्स योजना के लाभार्थियों को चाभी वितरित की। उन्होंने 10 वर्ष हेतु मत्स्य पट्टा आवंटन, किसान क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मा0 मंत्री जी ने 88 हजार ऋषियों की तपोस्थली नैमिषारण्य की पावन भूमि को प्रणाम करते हुये इसके महत्व के विषय में सभी को बताया। उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुये कहा कि मत्स्य विभाग के मा0 मंत्री संजय निषाद जी के प्रयासों से मत्स्य विभाग द्वारा निरंतर उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन करते हुए योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है, जिससे पात्र लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि सरकार की योजनाओं का भरपूर उपयोग करके लाभान्वित हों। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पूजित अक्षत व रामलला की ओर से आया न्योता घर-घर पहुंचाकर हम सभी को अयोध्या आने का निमंत्रण दे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां सीतापुर। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर बनरहा भव्य मंदिर भारत के मानसम्मान व स्वाभिमान का प्रतीक है। करोड़ों हिंदुओं की आस्था के प्रतीक श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का विध्वंस विदेशी आक्रांता बाबर ने राष्ट्रीय स्वाभिमान को कुचलने के लिए किया था। उस बाबरी मानसिकता का विध्वंस है श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का पुनर्निर्माण।

यह केवल एक उपासना स्थल का निर्माण न होकर विश्व शक्ति व विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर भारत राष्ट्र के पुनर्निर्माण की पृष्ठभूमि है। यह विचार प्रखर ओजस्वी कवि, राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने व्यक्त किये। वे यहाँ शीतला देवी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा पूजित अक्षत वितरण एवं कलश यात्रा की समापन सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा 496 वर्ष के इस संघर्ष काल में 76 लड़ाइयां लडी गई स्वतंत्रता के पश्चात विश्व हिन्दू परिषद द्वारा स्थापित श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ समिति द्वारा साधुसन्तो के मार्गदर्शन में लगातार आंदोलनों के माध्यम से निरंतर संघर्ष जारी रहा और अंततोगत्वा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के आधार पर गठित न्यास द्वारा निर्मित भव्य मंदिर का उद्घाटन आगामी 22 जनवरी को संपन्न होने जा रहा है। उसदिन लाखों बलिदनी रामभक्तों का सपना साकार होने जा रहा है।

उन्होंने उपस्थित जनों का आह्वान किया कि हर गाँव गली मोहल्ले में योजना बनाकर न्यास द्वारा भेजे गये पूजित अक्षत व रामलला की ओर से आया न्योता घर घर पहुचा कर हम सभी को अयोध्या आने का निमंत्रण दे। किंतु सभी का 22 को अयोध्या पहुचना संभव नहीं है इसलिए 22 जनवरी को दोपहर 12 से 2 बजे तक हम सभी अपने नगर व गाँव के स्थानीय मंदिर मे एकत्र आकर भजन कीर्तन हनुमान चालीसा या सुंदर कंाड का पाठवव व श्रीराम संकीर्तन कर अपनी श्रद्धा का प्रकटीकरण करें। रात्रि में अपने घरों पर दीपक जला कर व झालरों से सजा कर अपने घर गाँव गलीव नगर को ही अयोध्या बना दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वहिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष डा श्यामकिशोर वर्मा ने की। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा, जिला प्रचारक सुरेन्द्र कुमार, खंड संघचालक बलराम वर्मा, रमेश बाजपेयी, मुन्ना लाल मौर्य, विशाल गुप्ता, सुधाकर मिश्र, विमलेश अवस्थी, अनामिका वर्मा, श्रीमती शिखा गुप्त सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। यह यात्रा पत्थर शिवाला से प्रारंभ होकर शीतला देवी मंदिर पहुँच कर सभा मे बदल गई।

## कर्मियों की हरकत से मानवता हुई शर्मसार

# सड़क किनारे बुजुर्ग महिला का शव फेंककर भागे कर्मी

**एम्बुलेंस कर्मियों की संवेदनहीनता सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद**

**महिला का शव फेंकने वाले दो एंबुलेंस कर्मियों की सेवा समाप्त**

**फरधान सीएचसी गेट के सामने का मामला!**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर-खीरी। सीएचसी गेट के बाहर महिला के शव मिलने के मामले में एंबुलेंस कर्मियों की ही लापरवाही सामने आई है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि गोला सीएचसी से महिला को एंबुलेंस के जरिये जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। संवेदनहीन एंबुलेंस कर्मियों ने महिला का शव रास्ते में पड़ने वाली फरधान सीएचसी के गेट पर छोड़ दिया और फरार हो गए। एंबुलेंस सेवा के प्रोजेक्ट मैनेजर शिवेंद्र ने बताया कि टेक्नीशियन ओम प्रकाश और पायलट विमल की सेवा समाप्त कर दी गई है।

बुधवार सुबह सीएचसी गेट के पास सड़क के किनारे 60 वर्षीय महिला का मिला था। अज्ञात शव होने की वजह से पुलिस ने पंचनामा भरकर मोर्चरी के लिए भेज दिया था। इधर, शव फेंकने का एक सीसीटीवी का फुटेज पुलिस के हाथ लगा जिसकी तफ्तीश में पता चला कि मृतक 60 वर्ष की महिला का नाम राजिया था, जो गोला तीर्थ पर रहती थी। महिला का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।

तबीयत खराब होने पर मंदिर के पुजारी शिवानंद ने उसे सीएचसी गोला में भर्ती कराया था। हालत ज्यादा खराब होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल ओयल के लिए रेफर कर दिया। एंबुलेंस कर्मी उसे जिला अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। ऐसे में कर्मचारियों ने उसे फरधान सीएचसी गेट पर ही उतार दिया और बिना किसी को सूचना दिए भाग गए।

### तीनों एंबुलेंस कर्मियों पर होगी कार्रवाई

एसओ ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया कि यूपी 32 बीजी 9609 नंबर की एबुलेंस के चालक विशाल पुत्र इंग्लेश कुमार निवासी निबीची थाना बंडा जिला शाहजहांपुर, एमटी ओमप्रकाश पुत्र राम आधार निवासी मोहतमपुरवा मुद्दापुर थाना रामगांव जिला बहराइच और सीएचसी गोला के गार्ड सुनील श्रीवास्तव पुत्र विनोद श्रीवास्तव निवासी अर्जुन नगर थाना गोला की लापरवाही सामने आई है। तीनों पर कार्रवाई की जा रही है।

# यातायात नियमों का करें पालन, सुरक्षित रहेगी जिंदगी : इन्द्रजीत सिह चौहान



**यातायात नियमों का पालन कर बचाएं खुद एवं दूसरों की जिंदगी - कोतवाल गोला**

**घने कोहरे में ड्राइविंग करते समय लापरवाही से आप हो सकते हैं दुर्घटना का शिकार - गोला पुलिस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। अपने वाहन की गति को हमेशा कम रखें।अपने वाहन के शीशे हमेशा थोड़े ्खोल कर रखें।वाहन की लाइट लो बीम मोड पर रखें।कोहरे में ड्राइविंग के वक्त समय-समय पर वाइपर का भी इस्तेमाल करे ज्यादा कोहरा होने पर गाड़ी चलाते समय सड़क के किनारे बने दिशा-निर्देश वाली पट्टियों को ध्?यान में रखकर कार चलाने से सड़क के बीच में रहेंगे कोहरे में ड्राइव करते समय हमेशा सड़क के किनारे का ध्यान रखें इसके अलावा गाड़ी को किनारे रोकने के बाद हाई लाइट्स हमेशा ऑन रखें ऐसा करने से आप पीछे की ओर से आ रहे दूसरे वाहनों से सुरक्षित रहेंगे यातायात नियमों का पालन कर बचाए अपनी व दूसरों की जिंदगी जनहित में यह जानकारी गोला कोतवाली प्रभारी के प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान व रविन्द्र कुमार पाण्डेय अपराध निरीक्षक गोला कोतवाली ने संयुक्त रुप से दी है जिससे सड़क दुघर्टनाओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# शर्मसार हुई खाकी! नाबालिका के साथ सिपाही ने किया रेप का प्रयास, दी तहरीर

## सिपाही के बचाव में उतरी पुलिस, मामले को निपटाने का बना रही दबाव

**पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जिस खाकी के कंधों पर प्रदेश की बिटिया की जिम्मेदारी सौंपी गई हो, वहीं रक्षक अगर भक्षक बनकर उसकी आबरू को रौंदने का प्रयास करने लगे तो ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह वक्तव्य कि ल्लअगर किसी भी चौराहे पर किसी बिटिया के साथ छेड़-खानी होगी तो अगले चौराहे पर यमराज उसका इंतजार कर रहा होगाङ्खभी झूठा साबित होने लगता है।

प्राप्त जानकारी मुताबिक सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी नाबालिका ने पुलिस अधीक्षक को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बीती 26 दिसंबर 2023 को पास के एक घर में किराए से रह रहे पुलिस विभाग में सिपाही



सागर राजपूत ने नाबालिका को कुछ सामान देने के बहाने अपने कमरे में बुलाया और छेड़खानी करते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया किसी तरह नाबालिका ने दरवाजा खोला और अपनी इज्जत बचाई। लोकलाज के डर से पीड़िता ने पहले ये बात नहीं बताई, लेकिन पड़ोसियों से जानकारी मिलने के बाद जब उसने अपनी भांजी से पूछा तो उसने रोते सिसकते हुए पूरी आप बीती बताई। पीड़िता ने एसपी ऑफिस पहुँचकर न्याय की गुहार लगाई है उधर शिकायत हो जाने की भनक लगते ही आरोपी सिपाही कमरे में ताला डालकर रफू चक्कर हो गया।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने प्रभारी निरीक्षक सदर को जांच कर कारवाई के निर्देश दिए हैं। कथित सिपाही पुलिस लाइन में तैनात बताया जा रहा है।

### बालिका ने दिखाई चैट!

मामा के साथ एसपी के पास पहुंची नाबालिग बालिका ने एसपी को सिपाही के द्वारा की गई चैट भी दिखाई। चैट में कथित सिपाही उसे कमरे पर आने का दबाव बना रहा है। इसके साथ ही वह रुपए लेने की भी पेशकश कर रहा है। पीड़िता उसकी हर बात का विरोध भी कर रही है।

### सिपाही के बचाव में उतरी पुलिस, बना रही सुलह का दबाव!

किशोरी से छेड़छाड़ और दुष्कर्म की कोशिश का आरोपी लगने के बाद सदर कोतवाली पुलिस मामले को सुलझाने के प्रयास में जुट गई है। यही वजह है कि पुलिस ने अभी तक न तो रिपोर्ट दर्ज की है और न ही पीड़ित किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया है।

पीड़ित परिजनो का कहना है कि आरोपी और कोतवाली पुलिस उन पर समझौते का दबाव बना रही है। परिवार वालों ने बताया कि यदि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी सिपाही को गिरफ्तार नहीं किया तो वह लोग एसपी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

### क्या बोले जिम्मेदार..

पीड़िता सिपाही पर आरोप लगा रही है। प्रकरण की जांच करने के निर्देश प्रभारी निरीक्षक को दिए गए हैं। जांच में यदि आरोप सही मिलते हैं तो रिपोर्ट दर्ज कर कारवाई की जाएगी।

**(पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा)**

मामले की जांच की जा रही है। पुलिस पर समझौते का दबाव बनाए जाने का आरोप पूरी तरह गलत है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**(चंद्रशेखर सिंह प्रभारी निरीक्षक सदर)**

# विदेशी क्रिकेट टीम मे उप कप्तान बन बढ़ाया जिले का मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कादीपुर/सुलतानपुर। अबूधाबी टी टेन टीम में बतौर उपकप्तान खेलने वाले श्रवण कादीपुर तहसील क्षेत्र के मोहमदाबाद गांव मे 2002 मे सामान्य परिवार में जन्मे और प्रारम्भिक शिक्षा नगर स्थित बिद्या मंदिर से हुई। बचपन से ही उन्हे क्रिकेट खेलने का शौक था। उनके इस शौक को पूरा करने के लिए गाँव मे छोटी सी किराना की दुकान चलाने वाले उनके पिता उमेश चंद मिश्र, बड़े पिता श्रीपति मिश्र व उनके चाचा संतोष मिश्र एडवोकेट ने उनको कानपुर प्रशिक्षण के लिए भेज दिया। श्रवण अपने खेल व मेधा के बल पर लखनऊ, कानपुर व नोएडा मे खेलने के बाद बड़ोदरा गुजरात चले गये। वहां कुछ महीने खेलने के बाद उनकी मुलाक़ात पंड्या ब्रदर्श हार्दिक व कुणाल पंड्या से हुई। इतना सब कुछ पाने मे श्रवण बताते है कि क्रिकेटर, अभिनेता व उद्योगपतियों का भी सहयोग रहा। विदेश से वापस आये श्रवण बताते है कि गुरूमीत सिंह भामरा और कपिल झावेरी ने बहुत योगदान दिया। इसी बीच नोएडा एकेडमी मे उत्तराखंड निवासी क्रिकेटर राकेश से हुई जो इस समय यूएई देश मे है, जिनके सहयोग से श्रवण यूएई देश मे होने वाले क्रिकेट अबुधाबी टी टेन के खिलाडी है। जनवरी चैबीस मे होने वाले वहां के डोमेस्टिक मैच मे टीम इलेवन का हिस्सा होते हुए टीम के उपकप्तान है। अबुधाबी से लौटे श्रवण ने एक मुलाक़ात मे बताया कि यह सब ईश्वर की कृपा, बाबा बजरंगबली के आशीर्वाद व परिवार तथा मित्र जनो शुभचिनको की कामनाओ का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि इस छ वर्ष मे कितना संघर्ष व उतार चढ़ाव मैने देखा है इसे मै स्वयं सिर्फ महसूस कर सकता हू।

# अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रसियों ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में दर्जन कार्यकर्ता अव्यवस्था के खिलाफ एसडीएम सदर सीपी पाठक को सौंपा ज्ञापन।

दिये गये ज्ञापन में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों के खाते में किताब, कापी, बैग, ड्रेस की धनराशि नहीं भेजे जाने, कटका मायंग रोड क्षतिग्रस्त होने , स्ववित्तपोषित चिकित्सा कॉलेज में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं होने, शहर के दरियापुर में कब्रिस्तान अतिक्रमित होने, समाधान दिवस और जनसुनवाई पोर्टल पर भ्रामक सूचना दिए जाने और धनपतगंज के धर्मदासपुर जूड़ापट्टी न्याय पंचायत को बल्दीराय तहसील से हटाकर सदर तहसील में शामिल करने को बनाया मुद्दा। ज्ञापन देने वालों में मोहसिन सलीम प्रदेश महासचिव पिछड़ा विभाग, मनोज कुमार शुक्ला प्रदेश सचिव सूचना का अधिकार विभाग, हामिद रायनी जिलाध्यक्ष असंगठित कामगार विभाग, विनय तिवारी पूर्व प्रदेश सचिव युवा कांग्रेस, सिराज सिद्दीकी अकेला, इकराम खान जिला उपाध्यक्ष सेवादल, इमरान अहमद जिला सचिव, मूल चंद गौतम अध्यक्ष अंबेडकर प्रबुद्ध बौद्ध विहार, मोहम्मद ऐश प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, शमशाद अहमद अलीगंज, मोहम्मद अफसर, हेमंत शुक्ला आदि कांग्रेस जन शामिल रहे।

# चैपाल में सुनी गईं समस्याएं, समाधान का मिला आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बल्दीराय/सुल्तानपुर। विकास खंड बल्दीराय के डोभियारा पंचायत भवन पर शुक्रवार को गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के तहत चैपाल लगाई गई। खंड विकास अधिकारी सत्य नारायण सिंह की अध्यक्षता में डोभियारा गांव में लगी चैपाल लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी ने कहा कि चैपाल के माध्यम से लोग अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकते हैं। इसलिए इसमें बढ़-चढ़कर भाग लें। गांवों के विकास को गति देने के लिए प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में ग्राम चैपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मौजूद ब्लॉक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उनके त्वरित निस्तारण आदि के बारे में जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी ने मौजूद लोगों को सरकार की तरफ से संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी।इस मौके पर प्रधान राम लाल,भाजपा नेता व प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह, ग्राम विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह, रोहित चन्द्रा, लेखपाल वंदन कुमार, ओम प्रकाश यादव, रोजगार सेवक अवधेश कुमार, राजेश कुमार यादव, पंचायत सहायक किंजल यादव, उमा शंकर तिवारी, मोहन लाल, कमल सिंह, डब्बू सिंह, सूर्यकांत तिवारी, हेंमत कुमार सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। कांग्रेस के बल्दीराय ब्लॉक अध्यक्ष इमरान मोनू के छोटे भाई मो फैसल बीते दिनों लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। जिसकी सूचना बल्दीराय ब्लॉक के साथ-साथ जनपद भर के कांग्रेसियों में शोक की लहर दौड़ गई। जिला मीडिया प्रभारी मो इमरान खान की सूचना पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा बल्दीराय ब्लॉक अध्यक्ष इमरान मोनू के बघौना स्थित घर पहुंचे, जहां उन्होंने इमरान मोनू के साथ उनके परिजनों से मुलाकात कर उनके छोटे भाई मो फैसल के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। वहीं कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बल्दीराय ब्लॉक अध्यक्ष इमरान मोनू को ढाढांस बधाते हुए कहा कि कांग्रेस परिवार इस दुख की घड़ी में आपके साथ है मुझे अत्यंत दुख हुआ छोटे भाई फैसल के निधन की खबर सुनकर कांग्रेस पार्टी इस दुख की घड़ी में आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इस मौके पर शहर अध्यक्ष शकील अहमद, वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी हौसिला प्रसाद भीम, अतिउल्ला अंसारी, मो इमरान खान (मीडिया प्रभारी) दयाशंकर दूबे आदि लोग मौजूद रहे।

## अयोध्या : प्राण प्रतिष्ठा समारोह में वैदिक आचार्यों की तीन टीम कराएगी पूजा

अयोध्या।मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां काफी तेजी से चल रही हैं। जैसे-जैसे यह पल समीप आ रहा है, आमजन में जिज्ञासा भी बढ़ती जा रही है। रामजन्मभूमि में सात दिनों तक वृहद स्तर पर अनुष्ठान प्रक्रिया की शुरुआत 16 जनवरी से होगी। 22 जनवरी को श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के करकमलों से श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस कार्यक्रम के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निरंतर अयोध्या दौरा कर रहे हैं। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी पहुचकर राम मंदिर निर्माण कार्य का अपडेट लिया। काशी सहित कई प्रान्तों के 121 आचार्य अनुष्ठान संपन्न कराएंगे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए आचार्य की तीन टीमों का गठन किया गया है। जिसमें 121 आचार्य उपस्थित रहेंगे। रामलला की अचल मूर्ति बनाकर तैयार है, चुनी गईं मूर्ति प्राण- प्रतिष्ठा के समय 22 जनवरी को रामलला की मूर्ति की आंखों से जिस समय पट्टी हटाई जाएगी,उसे वक्त गर्भगृह में प्रधानमंत्री मोदी मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी रामलला को पहली बार दर्पण में उनकी दिव्य झलक दिखाएंगे।प्राण- प्रतिष्ठा के समय गर्भगृह का पर्दा बंद रहता है, पट्टी हटाने के बाद मूर्ति को दर्पण दिखाने का विधान है,जिससे कि सबसे पहले खुद भगवान अपना चेहरा देख सकें,इस विधान का निर्वहन प्रधानमंत्री मोदी करेंगे और रामलला की पहली आरती भी उतरेंगे। रामलला के विग्रह चुनाव को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट बैठक कारसेवक पुरम में शुक्रवार को हुई। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, युगपुरुष स्वामी परमानंद, जगद्गुरू शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती, निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास, अयोध्या राजा विमेंद्र मोहन मिश्र, सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा, पदेन ट्रस्टी जिलाधिकारी अयोध्या नीतीश कुमार के साथ निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र मौजूद रहे। श्री राम जन्मभूमि में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए राम जन्मभूमि परिसर को सजाने का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 जनवरी को शुभ मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे तक राम जन्मभूमि परिसर में प्रवेश करेंगे और तीन घंटे तक परिसर में रहेंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ पांच अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के लिए भाव मंडप बनाकर तैयार हो चुका है।

## पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन

प्रयागराज। जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग ने राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2023 की शुरुआत की है। जिसके आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 दिसम्बर हो गई है। जिला गंगा समिति सचिव एवं प्रभागीय वनाधिकारी महावीर कौजलगी ने बताया कि 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के लिए चिन्हित श्रेणियों बेस्ट डिस्ट्रिक्ट, बेस्ट ग्राम पंचायत, बेस्ट नगर निकाय, बेस्ट स्कूल और कॉलेज, बेस्ट इंस्टीट्यूट, बेस्ट इंडीज्युक्ल फॉर एक्सीलेंस, बेस्ट इंडस्ट्री, बेस्ट सिविल, बेस्ट वाटर यूजर एसोसिएशन आदि के लिए आवेदन किए जाए। आवेदन 'अवार्ड्स.जीओवी.इन' पर 31 दिसम्बर तक आवेदन किए जाएंगे। नमामि गंगे परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जल संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में यथा-भूजल वृद्धि, रिचार्ज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, रिसाइकलिंग, रीयूज आदि में किये गये उत्कृष्ट कार्य एवं प्रयास के लिए व्यक्तियों और संस्थाओं, संगठनों को पहचान दिलाते हुए सम्मानित किये जाने तथा अधिक से अधिक लोगों के मध्य जल संरक्षण के लिए जन जागृति उत्पन्न किये जाने के उद्देश्य से इन पुरस्कारों को प्रदान किया जाना है।

## गरीब रथ एक्सप्रेस 6 घंटे लेट, हिमगिरी साढ़े 4 घंटे, जनसाधारण साढ़े 3 घंटे लेट पहुंची

मुरादाबाद । ठंड और कोहरे का असर लोगों के साथ ट्रेनों पर भी पड़ रहा है, जिसके कारण पूरे मुरादाबाद रेल मंडल में रेल यातायात प्रभावित है। कोहरे ने ट्रेनों की रफ्तार रोक दी है। शुक्रवार को गरीब रथ एक्सप्रेस 5 घंटे 49 मिनट विलंब से मुरादाबाद स्टेशन पर पहुंची और हिमगिरी एक्सप्रेस का यात्रियों को साढ़े चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा। जनसाधारण एक्सप्रेस 3 घंटे 32 मिनट देर से रवाना हुई, जबकि मुरादाबाद की ओर आ रही जनसाधारण एक्सप्रेस 3 घंटे 38 मिनट बाद पहुंची। शुक्रवार को लोकल ट्रेनों के इंतजार में यात्रियों को दिक्कत झेलनी पड़ रही है। मुरादाबाद से नजीबाबाद के बीच चलने वाली सवारी गाड़ी 1 घंटे विलम्ब से रवाना हुई जबकि, यही ट्रेन वापसी में अपने निर्धारित समय से सवा 2 घंटे लेट स्टेशन पहुंची। वहीं लिंक एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे और अवध असम एक्सप्रेस डेढ़ घंटे विलम्ब से चलने के लिए सूचित है। वहीं ट्रेनों की लेट लतीफी ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही है।

# उरई विकास प्राधिकरण नगर में करायेगा 5 करोड़ में विकास एवं सुंदरीकरण

एजेंसी

जालौन। आयुक्त झांसी मण्डल झांसी / अध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण उरई की अध्यक्षता में उरई विकास प्राधिकरण उरई की 25वीं बोर्ड बैठक कलेक्ट्रेट सभागार उरई में आयोजित की गयी जिसमें प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत आम जनमानस तथा शहर के सुन्दरीकरण हेतु विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे गये, जिसमें जिला परिषद चौराहे के समीप कलेक्ट्रेट गेट के दोनों ओर स्ट्रीट स्केपिंग एवं सुन्दरीकरण का कार्य जिसमें 12 सूर्य नमस्कार की मुद्राएं एवं विभिन्न हस्त मुद्राएं विभिन्न पैडस्टल पर लगायी जायेंगी तथा विभिन्न प्रकार के शोभाकार पौधे लगाये जायेंगे। तहसील गेट के निकट बाउन्ड्री से लगी हुई खुली भूमि पर विभिन्न शोभाकार पेड़ पौधों, आकृतियों एवं फुटपाथ को सुन्दर बनाया जायेगा, जिला परिषद के निकट विभिन्न कार्यालयों के बाह्य दीवारों पर विभिन्न महापुरुषों, प्राकृतिक दृश्यों, खेलकूद से सम्बन्धित एवं विभिन्न मेमोरेवल दृश्यों की आकर्षक चित्रकारी/पेन्टिंग करायी जायेगी। इसके साथ ही एन.आई.सी.गेट से शिवा पैलेस होते हुए चुर्खी, जालौन चौराहे को जोड़ने वाली सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा। जिससे आम जनमानस आवागमन में सुविधा होगी। जिला परिषद चौराहे से जालौन चूंगी तक सड़क के दोनों ओर शोभाकार पौधों, फसाड लाइट सहित फुटपाथ का सुन्दरीकरण किया जायेगा। इस कार्य में लेण्डस्कैपिंग तथा बड़े पौधे लगाकर 90 बड़े आकर्षक स्ट्रेक्चर बनाये जायेंगे। इसके अतिरिक्त विकास भवन के सामने एवं एन.आई.सी. से कलेक्ट्रेट के अन्दर आने वाली सड़क की मरम्मत सहित पेन्टिंग की जायेगी। विकास प्राधिकरण की प्रथम योजना चौरासी आवासीय योजना एवं आसपास के जल भराव की निकासी हेतु नाले का निर्माण कराया जायेगा ताकि बारिस में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। उक्त बैठक में जिलाधिकारी / उपाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय, सचिव उरई विकास प्राधिकरण / मुख्य लेखाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, अपर निदेशक वित्त के प्रतिनिधि, परियोजना प्रबन्धक जल निगम, सहयुक्त नियोजक झांसी अशोक कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि, उरई विकास प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य बृजभूषण सिंह, सहायक अभियंता प्रमोद कुमार पटैरिया, अवर अभियंता सुधीर सिंह, विजय कुमार एवं प्राधिकरण का अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# बस्ती में रेलवे गेस्ट हाउस का होगा निर्माण : रेलमंत्री

एजेंसी



बस्ती। भारत सरकार के रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना तकनीकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा है कि बस्ती में रेलवे गेस्ट हाउस का निर्माण कराया जायेगा। साथ ही शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्टस स्टेडियम में रात में भी मैच आयोजित कराने के लिए फ्लडलाइट लगायी जायेंगी। सांसद खेल महाकुम्भ के समापन समारोह के अवसर पर उन्होंने विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ साल में 5 लाख भर्तियां की गयी हैं, जिसमें खिलाड़ियों को प्राथमिकता दी गयी है। इस अवसर पर उन्होंने जनपद में नवनिर्मित 32 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का बटन दबाकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे में आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। पहले रेलवे का बजट 35 हजार करोड़ होता था। 2014 से इसे बढ़ाकर अब 2 लाख 40 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य को पहले 1100 करोड़ का बजट दिया जाता था, जिसे प्रधानमंत्री ने बढ़ाकर 17 हजार करोड़ किया है। उन्होंने कहा कि रेलवे का पूरे देश में विस्तार किया जा रहा है तथा प्रतिदिन लगभग 14 किमी. रेलवे पटरी बिछायी जा रही है। पिछले साढ़े नौ वर्षों में 3700 किमी. नयी पटरियां बिछायी गयी हैं। पूरे देश में 1300 तथा उत्तर प्रदेश में 156 रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कराके विश्व स्तर का बनाया जा रहा है, जिसमें बस्ती भी शामिल है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक रेलवे सभी यात्रियों को सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और हमारा प्रयास है कि हम वेटिंग लिस्ट समाप्त करेंगे। बन्दे भारत ट्रेन की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कई देशों की टेक्नोलॉजी को निरस्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी तकनीक को अपनाने पर बल दिया और इस ट्रेन का निर्माण भारतीय इंजीनियरों से कराने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि बन्दे भारत ट्रेन के पायलट के केबिन में एक पानी का गिलास रखा जाता है, जो यात्रा के दौरान स्थिर बना रहता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है तथा विश्व स्तर पर इसके सम्मान में वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में धारा 370 हटाने तथा राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त प्रेम सागर ओझा, द्वितीय शिवम यादव तथा रजनीश उपाध्याय को ट्राफी प्रदान किया। उन्होंने 100 एवं 200 मीटर दौड़ के सीनियर एवं जूनियर वर्ग के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

# अयोध्या : प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अतिथियों को मिलेगा गीताप्रेस के 'अयोध्या दर्शन' का प्रसाद

## श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा में गीताप्रेस से भेजे जाएंगे पुस्तक-गुच्छ

एजेंसी

अयोध्या। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने वाले प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व संघ प्रमुख समेत अन्य विशिष्टअतिथियों को गीताप्रेस के 'अयोध्या दर्शन' का प्रसाद मिलेगा। लागत से भी कम मूल्य में धार्मिक पुस्तकें उपलब्ध कराने वाले गीता प्रेस ने इस पुस्तक के माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या का समग्र दर्शन कराने की पहल की है। इस पुस्तक में अयोध्या के इतिहास, प्रमुख मंदिरों, तीर्थों व सांस्कृतिक महात्म्य का परिचय है। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। प्राण प्रतिष्ठा के प्रसाद में गीता प्रेस भी योगदान देने जा रहा है। इस ऐतिहासिक समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से जो प्रसाद दिया जाएगा उसमें गीता प्रेस की तैयार किए जा रहे पुस्तक-गुच्छ को भी शामिल किया जाएगा।। इस पुस्तक गुच्छ में अयोध्या दर्शन, अयोध्या महात्म्य, कल्याण पत्रिका का श्रीरामांक व गीताप्रेस की डायरी गीता दैनंदिनी होगी। गीता प्रेस में अयोध्या आने वाले खास मेहमानों के लिए 100 पुस्तक गुच्छ तैयार किए जा रहे हैं जबकि अयोध्या दर्शन की दस हजार प्रतियां भेजी जाएंगी। इसके अलावा खास समारोह के लिए श्रीरामांक की तीन हजार प्रतियां प्रकाशित की जा रही हैं। यह 1972 में छपे कल्याण के विशेषांक का परिवर्धित संस्करण होगा। इसमें उस साल के फरवरी व मार्च के साधारण अंकों में छपे सभी लेख व सूर्य वंशावली भी शामिल की जाएगी, जो पुराने विशेषांक में नहीं थी। इस बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए गीताप्रेस को भी आमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है। ट्रस्टी देवीदयाल अग्रवाल के नाम से पत्र आया है। वह वहां समारोह में उपस्थित रहेंगे और अपनी आंखों से रामलला के विग्रह का उद्घाटन देखेंगे। गीताप्रेस के ट्रस्टी देवी दयाल अग्रवाल कहते हैं कि वर्षों के इंतजार के बाद अब वह दिन आया है जिसकी कई सालों से सनातनियों को प्रतीक्षा थी। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गीताप्रेस अयोध्या दर्शन व अन्य कई पुस्तकों को वहां उपलब्ध कराएगा। वितरण के लिए अयोध्या दर्शन पुस्तक की दस हजार प्रतियां भेजी जाएंगी। वहीं, गीताप्रेस के प्रबंधक डॉ. लालमणि तिवारी का कहना है कि अयोध्या दर्शन व श्रीरामांक के अलावा गीताप्रेस के अन्य पुस्तकें पर्याप्त संख्या में हैं। विशिष्ट अतिथियों के लिए पुस्तकें अलग कर दी गई हैं। श्रीरामांक की छपाई चल रही है। छपने के बाद पुस्तक गुच्छ तैयार कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेज दिया जाएगा।

## बस्ती पुलिस को डाकुओं की खुली चुनौती

बस्ती। जिले के एक गांव में पेड़ पर लगा पोस्टर देख गांव वाले हैरान रह गए। पोस्टर में लिखी बातें पढ़ने के बाद ग्रामीण सहमे हुए हैं। पोस्टर लिखा है कि दस दिन के भीतर गांव में डाका डालेंगे। पुलिस और ग्रामीणों को चैलेंज करते हुए चेतावनी दी गई है कि जितनी ताकत लगानी है, लगा लो, हम तुम्हारे गांव को लूटकर रहेंगे। मामला मुंडेरवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा छपिया लुटावन का है जहाँ एक पेड़ पर पोस्टर चस्पा है, जिसमें चेतावनी देते हुए लिखा गया है कि छपिया लुटावन गांव में आने वाले दस दिन के अंदर हम सब अपने गैंग के साथ बहुत भयानक डाका डालेंगे, तुम सब लोग कितना जागोगे रात में, यह सभी गांव वालों के लिए चेतावनी है।

## मुरादाबाद के साइबर थाने का सुपरविजन करेंगे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

मुरादाबाद। मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद, संभल, अमरोहा, रामपुर, बिजनौर सभी पांचों जिलों में साइबर थाने स्थापित हो गए हैं। अब रेंज में स्थापित साइबर थाने को जिले में शामिल कर दिया गया है। अब इस थाने का सुपर विजन भी मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीणा करेंगे। पूर्व में मुरादाबाद मंडल में पहले एक साइबर थाना था। जिसमें मंडल के मुरादाबाद के अलावा, संभल, अमरोहा, रामपुर और बिजनौर जनपद से संबंधित 5 लाख या उससे अधिक की साइबर ठगी के मामले यहां दर्ज किए जाते थे। अब तक इस थाने की निगरानी डीआईजी करते थे। लेकिन शासन के निर्देश के बाद अब हर जिले में एक एक साइबर थाना स्थापित हो गया है। मुरादाबाद में पहले स्थापित रेंज स्तर के साइबर थाने को जिले में शामिल कर लिया गया है। जनपद में अब एसएसपी के सुपर विजन में 21 थाने हो गए हैं। इसके अलावा जिन थानों में इंस्पेक्टर रैंक के थानेदार नहीं हैं, वहां के सर्किल में एक-एक साइबर अपराध निरीक्षक की तैनाती की गई है।

# डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम के तहत 24 गुलाबी दीदी को दिया गया प्रशिक्षण

## रोटा वायरस, टीकाकरण, डायरिया तथा डब्लू.एच.ओ. की दी गई जानकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। तहसील नानपारा के ब्लॉक बलहा अन्तर्गत ग्राम कोयलहवा में जागरण पहल और डेटॉल बनेगा स्वस्थ्य इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमरेश कुमार मौर्य की अगुवाई में एल.जी.डी. उर्मिला मौर्य के द्वारा 24 गुलाबी दीदी का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ जिसमें रोटा वायरस, टीकाकरण, डायरिया तथा डब्लू.एच.ओ. के सात सूत्रों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया।

कार्यक्रम की लीड गुलाबी दीदी उर्मिला मौर्य ने दर्जनों महिलाओं को प्रशिक्षित किया और स्वस्थ्य रहने के उपायों के बारे में भी बताया। इस दौरान कार्यक्रम के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमरेश कुमार मौर्य ने बताया की डेटाल डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम के अंतर्गत बड़े पैमाने पर हम अपनी टीम के साथ गांव गांव जाकर बच्चों में गंदगी से होने वाले डायरिया रोग की रोकथाम के लिए नुक्कड़ नाटक आदि करके जागरूक करने का प्रयास कर रहे है ताकि ग्रामीणों में जागरूकता आये और वह अन्य बीमारियों की चपेट में आने से बच सके।

## डायलिसिस सुविधा से आच्छादित हुआ मेडिकल कालेज

बहराइच । जनपद में संचालित महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी मेडिकल कालेज के महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच में स्थापित डायलिसिस सुविधा केन्द्र का मा. उप मुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक द्वारा वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर महर्षि बालार्क चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व अन्य अतिथियों के साथ फीता काटकर डायलिसिस कक्ष का औपचारिक उद्घाटन किया। सुविधा चालू होने के प्रथम घण्टे में ही 50 वर्षीय इकबाल खां व आदिल 02 रोगियों को डायलिसिस सुविधा से आच्छादित भी किया गया।

इस अवसर पर डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि डायलिसिस सुविधा को पूरी क्षमता के साथ संचालित कर बहराइच के साथ-साथ पास-पड़ोस के जनपदों से आने वाले मरीज़ों को डायलिसिस के साथ-साथ अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये।

## पुलिस परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को दी जाएगी निशुल्क कोचिंग

गोंडा। जिले में जनवरी के प्रथम सप्ताह से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं को निशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि सर्व समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को जनपद स्तर पर पुलिस परीक्षा की तैयारी हेतु श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोण्डा में जनवरी के प्रथम सप्ताह से समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग का संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निःशुल्क कोचिंग के लिये छात्र व छात्राएं कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास भवन में आगामी 5 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। छात्रों की संख्या अधिक होने की स्थिति में जिला प्रशासन द्वारा प्रवेश परीक्षा अथवा स्क्रीनिंग परीक्षा कराई जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कोर्स कोआर्डिनेटर रूपेश पाण्डेय से मोबाइल नंबर से 6386762962 पर संपर्क किया जा सकता है।

## कक्षा 8 तक के विद्यालयों के संचालन के समय में हुआ बदलाव

बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा शीत लहर एवं घने कोहरे के दृष्टिगत जनपद में संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, शासकीय सहायता प्राप्त, एवं मान्यता प्राप्त (नर्सरी से कक्षा 08 तक) के समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 31 दिसम्बर 2023 तक विद्यालयों का संचालन पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक कराये जाने के निर्देश दिये गये है। यदि किसी विद्यालय का संचालन निर्धारित समयावधि में नहीं कराया जाता है तो संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## नई वंदे भारत ट्रेन का सांसद समेत रेलवे अधिकारी स्वागत करेंगे

कानपुर। जनपदवासियों को एक और नई वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलेगी। जो कि आयोध्या से वाया कानपुर सेन्ट्रल होते हुए आनंद विहार टर्मिनल तक जाएगी।

नई वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री मोदी 30 दिसम्बर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जिसका स्वागत कानपुर सेन्ट्रल में सांसद,विधायक व रेलवे अधिकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ करेंगे।कानपुर सेन्ट्रल में शुक्रवार को प्रेसवार्ता करते हुए स्टेशन डायरेक्टर आशुतोष सिंह ने बताया कि शनिवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या धाम से चलने वाली पांच नई वंदे भारत ट्रेन व दो अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जिसमें कि नई वंदे भारत ट्रेन जो कि अयोध्या धाम से चलकर वाया कानपुर सेन्ट्रल होते हुए आनंद विहार टर्मिनल जाने वाली ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। जिसका हम कानपुर सेन्ट्रल में स्वागत करते हुए यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में कानपुर सांसद सत्यदेव पचौरी, कानपुर देहात सांसद देवेंद्र सिंह भोले व अन्य जनप्रतिनिधि समेत स्कूली बच्चें भी नई वंदे भारत ट्रेन के स्वागत कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाएंगे।

## आखिर डीआईओएस पर क्यों भड़कीं स्मृति ईरानी

अमेठी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर हैं। जनता से हो रहे सीधे संवाद के बीच उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह एक बुजुर्ग शिक्षक की समस्या को लेकर डीआईओएस पर जमकर भड़क उठीं। फोन पर ही उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि जब वह उनसे 10 मिनट से बहस कर रही हैं तो 72 साल के बुजुर्ग शिक्षक से क्या हाल किया होगा।

दरअसल, शुक्रवार को अमेठी के रामदयपुर गांव में सांसद ने जनता चौपाल लगाई हुई थी। इस दौरान एक बुजुर्ग रिटायर्ड शिक्षक उनके पास अपना दुखड़ा लेकर पहुंचे। उन्होंने शिकायत किया कि जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) उनके बकाया राशि का भुगतान नहीं कर रही हैं। वह अपने पैसे के लिए कई महीनों से डीआईओएस ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं।इसके बाद स्मृति ईरानी ने फोन कर महिला डीआईओएस को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने अधिकारी से रिटायर्ड शिक्षक का एरियर जल्द से जल्द भुगतान करने के लिए कहा। स्मृति ईरानी ने डीआईओएस से कहा कि जब आप सांसद से 10 मिनट से बहस कर रही हैं तो 72 साल के रिटायर्ड शिक्षक का क्या हाल किया होगा? उन्होंने कहा कि योगी सरकार चाहती है कि लोगों को उनका हक मिले। इसलिए आप रिटायर्ड शिक्षक को उनका हक जल्द से जल्द दीजिए।उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री ईरानी इस समय अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

# उपजिलाधिकारी ने कंबल का किया वितरण

तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरैनी मे कंबल का वितरण करते हुए उपजिलाधिकारी पंकज दीक्षित व मौजूद अन्य



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। उपजिलाधिकारी कैसरगंज ने कड़ाके के ठंड मे रात में निकल कर जरूरतमंद लोगों में वितरित किए कंबल, तहसील क्षेत्र के अंतर्गत उप जिलाधिकारी पंकज दीक्षित ने कड़ाके के ठंड मौसम में रात में अपने आवास से निकल कर तहसील क्षेत्र में अपने लोगों के बीच पहुंचकर भीषण ठंड को देखते हुए व गरीबों बेसहारा मजलूमों असहाय लोगों के बीच में कम्बल वितरित किए, तथा अन्य खाने पीने की चीज भी मुहैया कराई, लोगों द्वारा उपजिलाधिकारी पंकज दीक्षित के कार्य शैली व कुशल व्यवहार को देख कर गदगद हुए, लोगों ने एसडीएम कैसरगंज पंकज दीक्षित के कार्य की सराहना की व शुभकामनाएं दी, कैसरगंज उपजिलाधिकारी पंकज दीक्षित मध्य रात्रि को भीषण ठंड में अपने तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत डिहवा शेर बहादुर सिंह,पुरैनी, ऐनी हतिंसी सहित अन्य ग्राम पंचायतों मे पहुँच कर जरूरतमंद, बेसहारा व गरीबों को कंबल सहित अन्य समान का वितरण किया,इस अवसर पर पवन चौहान लेखपाल सहित अन्य लोग व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# निपुण लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्यक्रम का आयोजन




कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच। प्रजायत्न संस्था के सहयोगी पार्टनर सी0बी0एम0 संस्था के साथ मिलकर विभाग द्वारा निपुण लक्ष्य तक कैसे पहुंचना है उसके लिए कौन कौन से प्रयास होने है उसके लिए संस्था द्वारा ल्लसामूहिक स्वामित्व के माध्यम से सार्वभौमिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में आगे की दिशाङ्क पर एक दिवसीय सेमिनार अयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डायट प्राचार्य उदयराज विशिष्ट अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी जरवल संतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे,कार्यक्रम में कैसरगंज और जरवल के अलग अलग विद्यालयों के शिक्षकों ने भी प्रतिभाग किया कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समग्र शिक्षा में समितियों व समुदाय की भागीदारी होना और विभाग की स्वीकारता और जवाबदेही हो इसको सुनिश्चित करना है।इस कार्यक्रम में प्रजायत्न से रामबाबू,मैरी,अनिल त्रिपाठी,उदित, नेहा, शिखा,व शिक्षा विशेषज्ञ काटी कौशिका,और जावेद भागीदार रहे, बेसिक विद्यालय से श्रीमती सविता सिंह, सुश्री दीममाला पाण्डेय,अर्चना मिश्रा,संतोष गुप्ता,आशीष रत्न श्रीवास्तव,दीन दयाल कुशवाहा,सुधा,ए0आर0पी0 कृपा शंकर दुबे, सहित दिव्यांग बच्चो के अभिभावक,और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य भी उपस्थिति रहे।

# नर्सिंग होम्स, एक्सरे सेंटर के पास नहीं पार्किंग,सड़क पर खड़े होते वाहन, ट्रैफिक जाम से लोग परेशान

## नगर पालिका नगरीय प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर खड़े हो रहे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। शहर में करीब एक दर्जन नर्सिंग होम और दो दर्जन से ज्यादा पैथोलॉजी, डायग्नोस्टिक सेंटर का संचालन हो रहा है। शहर में संचालित अधिकांश पैथोलॉजी और नर्सिंग होम मेन रोड किनारे बने हैं।मेन रोड किनारे संचालित एक भी नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।सभी के वाहन सड़क पर खड़े होते हैं।सड़क पर वाहन खड़े होने से न केवल ट्रैफिक व्यवस्था खराब होती है।सर्कुलर रोड क्षेत्र में तो बार-बार जाम लगता है।नर्सिंग होम्स और डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक बिना पार्किंग की व्यवस्था किए व्यावसायिक गतिविधि को अंजाम दे रहे हैं और नगर पालिका, नगरीय प्रशासन व ट्रैफिक पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।नगरीय प्रशासन की तरफ से सख्त निर्देश हैं कि इस तरह की व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था होना जरुरी है, लेकिन गोंडा शहर में नर्सिंग होम्स,पैथोलॉजी लैब और डायग्नोस्टिक सेंटर संचालक बिना पार्किंग के लिए जगह आरक्षित किए मेन रोड किनारे व्यवसायिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

### गायत्री हॉस्पिटल स्टेशन रोड पर

शहर की स्टेशन रोड किनारे संचालित गायत्री हॉस्पिटल के सामने करीब सौ बाइक नो पार्किंग में मेन रोड पर खड़ी थीं। यहां पर हर समय दोपहिया और चारपहिया वाहनों की कतार लगी रहती है। मेन रोड पर वाहनों की लाइन लगने के कारण हादसे का भी डर रहता है।

### लॉजिक स्कैनिंग सेंटर लोहिया धर्मशाला के सामने

स्टेशन रोड लोहिया धर्मशाला के सामने स्थित लॉजिक स्कैनिंग सेंटर के सड़क किनारे कार और करीब आधा दर्जन बाइक खड़ी रहती है।यहां पर ठंडक होने के कारण भीड़ कम थी।सामान्य दिनों में यहां एक साथ 30 से 40 बाइक सड़क किनारे खड़ी होती है।

### सुधा न्यूरो एंड ट्रामा सेंटर के बाहर रोड पर खड़े वाहन

सर्कुलर रोड आवास विकास मेन रोड किनारे संचालित सुधा न्यूरो एंड ट्रामा सेंटर के पास भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।वाहन सड़क पर हॉस्पिटल के सामने खड़े होते हैं। वाहनों के सड़क पर खड़े होने के कारण यहां से आवाजाही करने वाले वाहनों को काफी दिक्कत होती है। आए दिन सड़क पर जाम और दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

जीवन दीप हॉस्पिटल सर्कुलर रोड

सर्कुलर रोड आवास विकास मेन रोड के किनारे स्थित जीवनदीप हॉस्पिटल के पास भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है वाहन सड़क पर हॉस्पिटल के सामने खड़े होते हैं। वाहनों के सड़क पर खड़े होने के कारण यहां से आवाजाही करने वाले वाहनों में काफी दिक्कत होती है और हाईवे होने के नाते सड़क पर आए दिन जाम लगा रहता है।और दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है।

### अवध नर्सिंग होम सर्कुलर रोड

अवध नर्सिंग होम सर्कुलर रोड गोंडा फैजाबाद रोड के किनारे संचालित अवध नर्सिंग होम के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है।वाहन सड़क पर हॉस्पिटल के सामने रोड पर खड़े होते हैं।अवध हॉस्पिटल के सामने ही फातिमा स्कूल भी संचालित हो रहा है। फातिमा स्कूल में बच्चों की छुट्टी होने के बाद रोड पर भयंकर जाम लग जाता है। लेकिन हॉस्पिटल के सामने खड़ी हुई गाड़ियां नहीं हटाई जाती है।कई बार दुर्घटना भी घटित हो चुकी है। लेकिन जिला प्रशासन कुंभकरणी की नींद में सोया हुआ है।वही ट्रैफिक पुलिस सड़क पर खड़े होने वाले वाहनों पर कार्रवाई करती है।जहां तक बिना पार्किंग के अस्पताल संचालित होने का सवाल है तो नगर पालिका को कार्रवाई करनी चाहिए।बिना पार्किंग व्यवस्था के सोनोग्राफी सेंटर,क्लीनिक और नर्सिंग होम संचालित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने नोटिस जारी किए जाएंगे।नोटिस के बाद कार्रवाई करेंगे।

डॉ. रश्मि वर्मा (सीएमओ)

## मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 22 जनवरी को

बहराइच । अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु जनपद में संचालित अभियान अन्तर्गत आयोग द्वारा दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण, पाण्डुलिपियों को तैयार करने तथा अन्तिम मतदाता सूची के प्रकाशन हेतु पूर्व में निर्धारित तिथियों में बदलाव कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि आयोग द्वारा जारी संशोधित समयसारिणी के अनुसार दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण हेतु निर्धारित तिथि 12 जनवरी 2024 तथा पाण्डुलिपियों को तैयार करने की कार्यवाही 17 जनवरी 2024 तक पूर्ण की जायेगी। जबकि निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन 22 जनवरी 2024 को किया जायेगा।

# योगी जी यह कैसी मजबूरी, बालक आज भी कर रहे हैं मजदूरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा।जिले में अपने आसपास नजर दौड़ाएं, तो रेस्टोरेंट, ढाबों, दुकानों और अन्य जगहों पर बच्चे काम करते हुए मिल जाएंगे। चौदह साल से कम उम्र के बच्चों से काम कराना या करने को मजबूर करना, अपराध है। इसके बावजूद लोग थोड़े से लाभ के लिए बालश्रम कराते हैं।

कुछ इनके अभिभावकों की मजबूरी है कि इनसे बालश्रम कराया जा रहा है जबकि प्रशासन की लापरवाही इतनी ज्यादा है कि इस अपराध को रोकने के लिए न तो प्रयास किए जा रहे है और न ही अभिभावक बाल श्रम कराने को मजबूर हो, ऐसी योजनाओं का लाभ उन तक नहीं पहुंचाया जा रहा है।बंद वातानुकूलित कमरों में योजनाओं को लेकर दिशा निर्देश देने की प्रक्रिया पहले भी की जाती थी और अब कुछ ज्यादा तेजी से की जा रही है।

समस्या योजनाओं की कमी की नहीं है, वास्तव में इन योजनाओं को धरातल पर लागू ही नहीं किया जाता।सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर दी जाती है। वरना क्या वजह हो सकती है कि बाल श्रम रोकने के लिए तमाम योजनाएं होने के बावजूद आज भी चारों ओर बाल श्रमिकों की भरमार है। सड़कों से लेकर दुकानों तक बालक मजदूरी करते नजर आ जाएंगे।

सरकार के नियमों के अनुसार कोई भी 14 वर्ष से कम आयु का बच्चा, जो मजदूरी करता है, बाल श्रमिक की श्रेणी में आता है।वास्तव में यह एक सामाजिक समस्या से ज्यादा आर्थिक समस्या है।जिसके चलते बालकों को मजदूरी करनी पड़ रही है।

प्रबुद्ध लोगों की माने तो भारत में गरीबी और निरक्षरता ही बाल श्रम का कारण है। बग्गी रोड़, इटियाथोक, धानेपुर, दर्जी कुआं से मनकापुर रोड पर आदि बाजारों में जिले के किसी भी स्थान पर बालकों को मजदूरी करते देखा जा सकता है। अभिभावकों के सामने आर्थिक समस्या होती है जिसके चलते मजबूरन वे बच्चों को मजदूरी करने भेज देते हैं।

# आखिर किसकी देख-रेख में चल रहा अवैध मिट्टी खनन का काला खेल?

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में वैध खनन की आड़ में विभिन्न सदर तहसील क्षेत्र के नगर कोतवाली व देहात कोतवाली थाना क्षेत्रों में बड़ी तादाद में अवैध खनन का खेल चलता है। खदानों के आवंटन में भ्रष्टाचार और फिर काला बाजारी का खेल किसी से छिपा नहीं है।रात्रि में भी शहर व देहात की सड़कों पर बेरोक-टोक अवैध खनन के ट्रैक्टर और ट्राली तथा डंपर दौड़ रहे हैं।अवैध खनन में ट्रैक्टर-ट्रालियां भी लगी हैं। ये वाहन अवैध खनन तो कर ही रहे हैं, तेज गति से चलाने की वजह से लोगों के लिए जानलेवा भी साबित हो रहे हैं। हद तो यह है कि कई हादसों के बावजूद खनन अधिकारी और पुलिस अफसर इसपर चुप्पी साधे हुए हैं।जो भी अवैध मिट्टी के अवैध खनन बाधा बनने की कोशिश करता है उसे रास्ते से हटाने के लिए साम-दाम-दंड-भेद हर तरह के उपाय अपनाए जाते हैं। मिट्टी के अवैध खनन में बहुत कमाई है। लगभग सभी राजनीतिक दलों से जुड़े लोग खनन के काम से जुड़े हैं। क्योंकि अवैध मिट्टी खनन के लिए लाइसेंस की सरकारी फीस बहुत कम होती है।इस अवैध मिट्टी खनन के काम में धनबल से लेकर बाहुबल सबका इस्तेमाल किया जाता है।रसूखदार खननकर्ता के अवैध खनन कार्य को लेकर अगर कोई अधिकारी, समाजसेवी या जनता भी आड़े आना चाहती है तो उन्हें रास्ते से हटाने की पूरी कोशिश होती है।किसी भी स्तर का अधिकारी हो, जब वह अवैध खनन की रोकथाम के प्रयास करता है तो उसका तबादला होते देर नहीं लगती। सदर सदर तहसील क्षेत्र के नगर कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर व कोतवाली देहात क्षेत्र के पूरेउदई. पूरे ललक,नरौराअर्जुन, खिरौरामोहन,पिपरापदुम, चदवतपुर घाट में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है बताते चले की बेखौफ खनन माफियाओ के हौसले इतने बुलंद है की ग्रामीणो को धमकाते हुए जिम्मेदारो को रिश्वत देकर अवैध खनन कराने का आरोप लगाते हुए दहशत फैलाकर अवैध खनन कर रहे है

### कैसे टूटेगी इसकी कमर

मेरा दृढ़ मत है कि अवैध खनन की रोकथाम के लिए सख्त और सुदृढ़ न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। जिस प्रकार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के स्थापित होने के बाद कुछ फर्क पड़ा है। चूंकि यह विशेषकर इसी कार्य के लिए बना है।

इसे प्राकृतिक सम्पदा के मिट्टी का अवैध दोहन को रोकना होता है।एक जागरूक व्यक्ति के रूप में मुझे लगता है कि न्यायिक हस्तक्षेप से दो कार्य होते हैं। एक तो गलत किस्म के लोगों की कमर टूटती है।दूसरा जो इस तरह के लोगों को रोकना चाहते हैं, उनको बल मिलता है। उत्तरप्रदेश में जब लोकायुक्त ने अवैध खनन की जांच शुरू की तो पूरे प्रदेश में इसमें गिरावट आई।आरटीआई से भी यह पता करने की कोशिश की गई कि सरकार कैसे मापती है कि किस खदान से कितनी मिट्टी खुदवाई जा रही है। सरकार के पास इसे जांचने का कोई उपाय नहीं है।अवैध खनन रोकना सरकार के भरोसे नहीं रोका जा सकता। जब तक जनता जागरूक होकर सड़कों पर ना आ जाए तब तक चलता रहेगा।

# जिले में कड़ाके की सर्दी के कारण स्कूल बंद, एक दिन रहेगी छुट्टी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में सर्दी का सितम देखने को मिल रहा है. यहां घने कोहरे और बढ़ती ठंड की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।इस कारण बच्चों के स्कूलों में भी छुट्टियां घोषित की जा रही हैं.जिले में कोहरे से ढंक रहे हैं।

ऐसे में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने एक दिन के लिए कक्षा 1 से 8 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए है।दिसंबर बीतने के साथ ही सर्दी अपने शबाब पर पहुंचने लगी है.यहां कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो हो गई है,तो वहीं शीतलहर भी कहर बरपा रही है।बढ़ती ठंड के कारण जिले में एक दिन के लिए स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने शुक्रवार को आदेश जारी किया.इसके तहत जिले में अधिक ठंड, शीतलहर और घना कोहरे होने की वजह से स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है. इस दौरान कक्षा 1 से लेकर 8 वीं तक के स्कूलों का एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है।जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है।

### एक दिन का अवकाश

आदेश के तहत गोण्डा जिले में कड़ाके की सर्दी के कारण एक दिन यानी 30 दिसंबर को स्कूलों का अवकाश घोषित किया गया है।इस दौरान सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में कक्षा 1 से लेकर 8 वीं तक के स्कूल बंद रहेंगे।

मौसम विभाग ने कई जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने बताया कि जिले में लगातार अत्यधिक ठंड और शीतलहर के प्रकोप को लेकर की जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर जिले के सभी विद्यालय को कल एक दिन बंद करने के निर्देश दिया है। सभी विद्यालय खुलेंगे जहां पर बच्चों की पढ़ाई नहीं होगी।अध्यापक अपना विभागीय कार्य करेंगे।आदेश की अवहेलना करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी द्वारा तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का फीता काटकर किया शुभारम्भ

**साल 2009 में जिला राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले शूटर जगम खा ने डीएम से शूटिंग रेंज को बेहतर रेंज बनाने की मांग की है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज जिला रायफल क्लब पीलीभीत द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।केन्द्रीय विद्यालय के बच्चों के द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत का गायन किया। आयोजित प्रतियोगिता में जिलाधिकारी ने सफ़ेद कबूतर उड़ाकर शान्ति के प्रतीक का संदेश दिया। शूटिंग प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने 12 बोर व .22 बोर से निशाना लगाकर शानदार प्रदर्शन किया।इसके साथ ही साथ आयोजित प्रतियोगिता में खुली स्पर्धा,सीनियर सिटीजन,स्टेट और नेशनल खिलाडी वर्ग,महिलायें व बालक बालिकायें द्वारा प्रतिभाग किया।शूटिंग प्रतियोगिता में सभी ने निशाना लगाया।जिससे कि नई पीढ़ी के युवा वर्ग के लोग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने विद्यालयों के बच्चों को नकद पुरस्कार व मोमेन्टो देकर पुरूस्कृत किया गया। उक्त प्रतियोगिता में शूटर जैगम खा,जहॉगीर अहमद,अजय सिंह,आदेश कुमार दीक्षित बरेली,कमलसेन स्पोर्टस सेक्रेटरी बरेली,अय्याज अहमद खॉ द्वारा निशाना लगाकर शानदार प्रदर्शन किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन मंसूर अहमद शम्सी द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, नगर मजिस्टेट,उप जिलाधिकारी सदर,जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण व मैच रेफरी अय्याज अहमद खॉ क्लब के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## अयोध्या से आई पूजीत कलश यात्रा की निकाली रैली

पीलीभीय। पूर्व सांसद नैनीताल बहेड़ी लोकसभा एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त उत्तराखंड सरकार बलराज पासी एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने बरखेड़ा नगर में हनुमान मंदिर से निरंजनकुज धाम तक आयोजित राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश की भव्य यात्रा का सह्रदय स्वागत कर यात्रा में सहभागिता की है।मर्यादा पुरषोत्तम प्रभु श्री राम के नाम की गूंज से समस्त नगर वासियों का मन आनंदमयी हो गया।पासी प्रभु श्री राम से सभी पर अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की है।इस अवसर पर विधायक बरखेड़ा विधानसभा स्वामी प्रवक्तानंद,वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गाप्रसाद गंगवार, जिलाध्यक्ष विहिप कृष्णा गंगवार,जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बीसलपुर गोविंद,नगर संघचालक दिनेश,जिला महामंत्री भाजपा किसनमोर्चा नागेंद्र प्रताप सिंह,मंडल उपाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव,शिवपाल सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## लकी ड्रा में औरास के लाल ने बाजी मारी



औरास, उन्नाव। उन्नाव जनपद की आदर्श नगर पंचायत औरास के निवासी व समाजसेवी पवन कुमार शर्मा ने कुछ दिनों पूर्व उन्नाव संडीला रोड पर औरास के निकट इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड मंडल कानपुर के द्वारा पेट्रोल पंप को खोलने के लिए आवेदन किए थे जिसमें उपरोक्त पेट्रोल पंप के डीलरशिप के लिए 19 लोगों ने आवेदन किया था आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद लकी ड्रा का आयोजन कोका-कोला चौराहा के निकट एक होटल में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा किया गया जिसमें बीते शुक्रवार को देर रात्रि लकी ड्रा के जरिए लॉटरी निकाली गई जिसमें औरास कस्बा के निवासी व पत्रकार पवन कुमार शर्मा का नाम चयनित हुआ। जैसे ही यह खबर क्षेत्रीय लोगों में पहुंची तो मानो खुशी की लहर दौड़ पड़ी वही बधाई देने वालों का तांता उनके घर पर लगा रहा वहीं मुख्य रूप से मौजूद उमेश मौर्य, दिनेश यादव, मुकेश जायसवाल ,फहीम डॉक्टर, फुरकान ,गौरव पांडेय ,महेंद्र सिंह, मोनू गुप्ता ,महेंद्र पासी ,सतीश त्रिपाठी ,रोहित कनौजिया ,पंकज शर्मा, सुनील शर्मा ,बच्चन के अलावा अन्य सामाजिक व क्षेत्रीय लोगो ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं प्रेषित किया।।

## विद्यालय में मेले का हुआ आयोजन विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन



पूरनपुर।जे आर प्रिपेरेटरी स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट मेले का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ बाबूराम पासवान द्वारा फीता काट कर करा गया जिसमे उप जिला अधिकारी राजेश कुमार शुक्ला,रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स के संस्थापक अध्यक्ष कौशलेंद्र भदौरिया उपस्थित रहे।इस मेले में चंद्रयान 3, सोलर सिस्टम, हार्ट का मानचित्र जैसे साइंस प्रोजेक्ट बनाए गए एवं क्राफ्ट की चीजे बनाई गई अथवा मनोरंजन के लिए गेम स्टॉल का आयोजन भी है।विद्यालय स्कूल की प्रधानाचार्या पूनम अग्रवाल ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट बनाए और सभी अभिभावक को प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी प्रदान करी बच्चों के द्वारा विभिन्न खेल के स्टाल भी लगाए गए जिसमें सभी बच्चों ने गेम का आनंद लिया है।

## नगर पंचायत कलीनगर और पूरनपुर में बनेगी सड़के विधायक ने किया उद्घाटन

पूरनपुर।मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद पूरनपुर में स्वीकृत वार्ड सं. 06 के मोहल्ला गनेशगंज पश्चिमी में तहसील रोड से मुनेंद्र सागर के घर तक इण्टरलाकिंग पेवर्स ब्लाक रोड एवं नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड सं. 1 मोहल्ला कायस्थान में वाल्मीकी मंदिर मठिया से पानी की टंकी तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य एवं नगर पंचायत कलीनगर में वार्ड सं. 8 मो0 कुशवाह में राजाराम के घर से नन्हे सिंह के व जगदीश के घर तक इण्टरलांकिंग पेवर्स ब्लाक रोड एवं नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड सं. 4 में ट्रांसफार्मर से वाल्मीकी बस्ती तक इण्टर लाकिंग पेवर्स ब्लाक रोड एवं नाली निर्माण कार्य का बाबूराम पासवान विधायक पूरनपुर के द्वारा शिलान्यास व लोकापर्ण किया गया।शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ठेकेदार को गुणवत्तापकर तरीके से निर्माण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर अवर अभियन्ता डूडा व स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं नगर के लोग उपस्थित रहे।

## इलेवन स्टार कलीनगर यश ने किंग स्ट्राइकर कलीनगर को 37 रनों से हराया

पूरनपुर।नगर पंचायत कलीनगर के रामलीला मैदान में चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश भारती के द्वारा आयोजित कलीनगर यूथ ब्रिगेड क्रिकेट टूर्नामेंट में इलेवन स्टार कलीनगर ने टास जीतकर पहले बैटिंग करने का फैसला किया। इलेवन स्टार कलीनगर ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 16 ओवर में अंशुल के 2 चौके 8 छक्कों से सजी धमाकेदार 77 रनों के सहयोग से 6 विकेट खोकर 124 रन बनाए। जबाब में किंग स्ट्राइकर ने 16 ओवर में 9 विकेट खोकर 87 रन ही बना सकी। अंशुल ने 4 विकेट लेकर 87 रनों पर रोकने में अहम भूमिका निभाई।अंशुल ने 77 रन बनाकर 4 ओवर में 14 रन देकर 4 विकेट लेकर आलराउंडर प्रदर्शन करके मैन आफ द मैच का पुरस्कार जीता। नगर पंचायत कलीनगर वार्ड 10 के सभासद पति वली मोहम्मद उर्फ पप्पू सलमानी ने अंशुल को मैन आफ दि मैच ट्राफी देकर सम्मानित किया।मैच में राजेश शर्मा एवं कुलदीप मिश्रा ने निर्णायक,अरविन्द यादव और अनुज पाण्डेय ने कमेन्टर,अनुराग पाण्डेय और रामकृष्ण ने स्कोरर, धीरज,सुनील,सलमान, आरिफ खा,इमरान खा ने सहयोगी की भूमिका निभाई है।

## उरई विकास प्राधिकरण नगर में करायेगा 5 करोड़ में विकास एवं सुंदरीकरण

जालौन। आयुक्त झांसी मण्डल झांसी / अध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण उरई की अध्यक्षता में उरई विकास प्राधिकरण उरई की 25वीं बोर्ड बैठक कलेक्ट्रेट सभागार उरई में आयोजित की गयी जिसमें प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत आम जनमानस तथा शहर के सुन्दरीकरण हेतु विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव रखे गये, जिसमें जिला परिषद चौराहे के समीप कलेक्ट्रेट गेट के दोनों ओर स्ट्रीट स्केपिंग एवं सुन्दरीकरण का कार्य जिसमें 12 सूर्य नमस्कार की मुद्राएं एवं विभिन्न हस्त मुद्राएं विभिन्न पैडस्टल पर लगायी जायेंगी तथा विभिन्न प्रकार के शोभाकार पौधे लगाये जायेंगे। तहसील गेट के निकट बाउन्ड्री से लगी हुई खुली भूमि पर विभिन्न शोभाकार पेड़ पौधों, आकृतियों एवं फुटपाथ को सुन्दर बनाया जायेगा, जिला परिषद के निकट विभिन्न कार्यालयों के बाह्य दीवारों पर विभिन्न महापुरुषों, प्राकृतिक दृश्यों, खेलकूद से सम्बन्धित एवं विभिन्न मेमोरेवल दृश्यों की आकर्षक चित्रकारी/पेन्टिंग करायी जायेगी।

इसके साथ ही एन.आई.सी.गेट से शिवा पैलेस होते हुए चुर्खी, जालौन चौराहे को जोड़ने वाली सड़क का चौड़ीकरण किया जायेगा। जिससे आम जनमानस आवागमन में सुविधा होगी। जिला परिषद चौराहे से जालौन चूंगी तक सड़क के दोनों ओर शोभाकार पौधों, फसाड लाइट सहित फुटपाथ का सुन्दरीकरण किया जायेगा। इस कार्य में लेण्डस्कैपिंग तथा बड़े पौधे लगाकर 90 बड़े आकर्षक स्ट्रेक्चर बनाये जायेंगे। इसके अतिरिक्त विकास भवन के सामने एवं एन.आई.सी. से कलेक्ट्रेट के अन्दर आने वाली सड़क की मरम्मत सहित पेन्टिंग की जायेगी। विकास प्राधिकरण की प्रथम योजना चौरासी आवासीय योजना एवं आसपास के जल भराव की निकासी हेतु नाले का निर्माण कराया जायेगा ताकि बारिस में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो।

उक्त बैठक में जिलाधिकारी / उपाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय, सचिव उरई विकास प्राधिकरण / मुख्य लेखाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी, अपर निदेशक वित्त के प्रतिनिधि, परियोजना प्रबन्धक जल निगम, सहयुक्त नियोजक झांसी अशोक कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद प्रतिनिधि, उरई विकास प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य बृजभूषण सिंह, सहायक अभियंता प्रमोद कुमार पटैरिया, अवर अभियंता सुधीर सिंह, विजय कुमार एवं प्राधिकरण का अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## सपा विधायक के भाई रिजवान का दोनों शस्त्र लाइसेंस निरस्त

कानपुर। सीसामऊ विधानसभा सीट से सपा विधायक इरफान सोलंकी के भाई रिजवान के दोनों शस्त्र लाइसेंस को निरस्त कर दिया गया।जाजमऊ थाना में रिजवान के खिलाफ हत्या का प्रयास, बलवा, तोड़फोड़, बलवा, आगजनी, रंगदारी तथा जमीन पर अवैध कब्जा करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। इतना ही नहीं 37वीं वाहिनी पीएसी कृष्णा नगर निवासी सेवानिवृत्त सिपाही शैलेंद्र सिंह पर प्लाट के कब्जे के कई मामले दर्ज हैं।जिलाधिकारी न्यायालय ने शुक्रवार को सिपाही शैलेन्द्र सिंह की राइफल का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। सरेराह फायरिंग करने के मामले में ब्रह्मनगर निवासी अजय प्रताप सिंह की रिवाल्वर का भी लाइसेंस निरस्त किया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए गणमान्य




कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। विकास खंड बिछिया की ग्राम पंचायत नेवरना के बहार देवी मंदिर के परिसर में पधारी विकसित भारत संकल्प यात्रा में पधारे पुरवा विधायक प्रतिनिधि मनमोहन सिंह ,संतोष सिंह और ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता ने संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवम् दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।कार्यक्रम स्थल पर लगे हुए स्वास्थ्य,कृषि ,बाल विकास पुष्टाहार, पशु पालन, उज्ज्वला गैस ,राजस्व विभाग के स्टालों के माध्यम से सभी ग्रामीणों को जहां योजनाओं की जानकारी दी गई।

वही पधारे मुख्य अतिथियों के द्वारा छात्र छात्रों को पाठन सामग्री देकर सम्मानित करने के साथ साथ प्रधानमंत्री आवास , स्वच्छ शौचालय, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।उपस्थित ग्रामीणों को सन 2047 तक भारत को विकसित करने में अपनी अपनी भूमिका निभाने की सामूहिक शपथ मंच से पुरवा विधायक प्रतिनिधि मनमोहन सिंह ने दिलाई, कार्यक्रम का संचालन करते हुए इसी ग्राम पंचायत में तैनात ग्राम विकास अधिकारी पुत्तन लाल पाल ने कहा कि हमारा देश विकसित तभी होगा जब सब लोग अपनी संतानों की शिक्षा पर ध्यान दें इस अवसर पर भरत लोधी ,मुनेश्वर रावत, अंकित चौरसिया ,राजू वर्मा ,एडीओ उदयवीर, लक्ष्मीकांत दीक्षित, रोशनी, प्रियंका, रमा, सुखराना, राम प्रकाश रावत, दिनेश कुमार, विनोद कुमार, प्रियांशु पटेल, सुनील साहू ,आंगनवानी कार्यकर्ती, आशा बहू ,ए एन एम आकांक्षा सिंह, समूह सखी, लेखपाल ,रोजगार सेवक सहित पांच सैकड़ा लोग इस संकल्प यात्रा के सहभागी बने।

## सड़कों पर क्यों ना लगे जाम जब एंबुलेंस ने घेर रखा है रास्ता




कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।नगर क्षेत्र की स्टेशन रोड पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। अधिकांश जाम भारतीय स्टेट बैंक पूरनपुर से नगर पालिका चौराहे से कोतवाली तक अक्सर दिखाई देता है।जाम की स्थिति और अधिक भयानक हो जाती है।जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर सड़क के किनारे एम्बुलेंस खड़ी हो जाती हैं। एक तरफ सड़क के किनारे तहसील की तरफ मोटरसाइकिल है। दूसरी तरफ सामुदायिक से स्वास्थ्य केंद्र की दीवार के किनारे एम्बुलेंस खड़े रहती हैं। सड़क चौड़ी ना होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे खड़ी एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले बीमार व्यक्तियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कोतवाली पुलिस एवं यातायात पुलिस लगातार अभियान चलाकर यातायात नियमों का पालन कर रही है। लेकिन एंबुलेंस के चालकों के ऊपर इस यातायात के नियमों पर कोई असर नहीं दिखाई देता है।

## लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड दे रही हादसों को दावत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

औरास, उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के निर्माणकर्ता संस्था यूपीडा द्वारा एक्सप्रेसवे के किनारे सर्विस रोड का निर्माण भी कराया गया था जिसमें क्षेत्रीय व आसपास के गांवो का आवागमन सुचारू रूप से चलता रहे और क्षेत्रीय लोगों को आने-जाने में कोई समस्या ना हो लेकिन यूपीडा की लापरवाही से औरास से लखनऊ जाने वाले मार्ग पर मैनी भावा खेड़ा पुल के दोनो तरफ यूपीडा द्वारा बनाई गई सर्विस रोड पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है जानकारी के बावजूद भी यूपीडा जानकर भी अनजान बना हुआ हैं। जानकारी के अनुसार लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड की औरास से लगभग 32 किलोमीटर की दूरी तय कर लोग राजधानी जाते हैं। लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के निर्माण के बाद में सर्विस रोड का निर्माण हुआ था जिससे कि लोगों को सुगम व सरल यातायात की व्यवस्था हो सके लेकिन लगभग पिछले छह माह से मैनी भावा खेड़ा के दोनो तरफ़ सर्विस रोड पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। इस विषय मे जिलाधिकारी उन्नाव को अवगत कराया गया कि नेहरा बाबा मंदिर के पास अज्ञात लोगों के द्वारा सर्विस रोड पर बहुत बड़ा गड्ढा खोद दिया गया है जिससे कि आने जाने वाले लोग उस गड्ढे में गिरकर चुटहिल होते रहते हैं वही जिलाधिकारी उन्नाव ने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही यूपीडा से सामंजस्य स्थापित कर उपरोक्त सर्विस लाइन की सड़क व उपरोक्त गड्ढे को दुरुस्त कराया जाएगा।

# माइनर में उतराता मिला बच्चे का शव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

औरास,उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र के खड़वल गांव निवासी बृजेंद्र पाल की पत्नी राधा शुक्रवार को सुबह करीब 5:30 बजे लगभग एक वर्षीय इकलौते बेटे शिवांश को घर के अंदरअकेला छोड़कर बाहर से बेलन डालकर शौच क्रिया करने के लिए चली गई,नित्य क्रिया करके वापस आने के बाद देखा बच्चा घर में नहीं था और दरवाजा खुला पड़ा था , राधा की चीख निकल गई और पूरा मामला जेठ रजनीश व जेठानी रंजीता को बताया बच्चे की गायब होने की सूचना मोहल्ले में आग की तरह से फैल गई, घटना के एक दिन पूर्व राधा का पति बृजेंद्र लखनऊ रोजी-रोटी कमाने के लिए गया हुआ था, जो कि घर पर नहीं है ।

ग्रामीणों ने काफी इधर-उधर ढूंढा लेकिन पता नहीं चला। गांव के पूर्व दिशा में शारदा नहर के माइनर जो की खंडवल से होते हुए औरास गया है घर से लगभग 800 मीटर दूरी पर माइनर में उतराता हुआ शव मिला मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और दादी सुखदेई बदहवास हो गई परिजनों की सूचना पर औरास पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की परिजनों ने किसी भी प्रकार का किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है, वहीं पर ग्रामीण ने बच्चे की हत्या कर शव को फ़ेके जाने की आशंका जताई है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# मझोला गन्ना खरीद केंद्र का किया निरीक्षण उपस्थित रहे जिला गन्ना अधिकारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरिक्षक मझोला एवं सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति मझोला द्वारा एलएच चीनी मिल के मझोला गेट बी क्रय केंद्र का निरिक्षण किया गया द्य निरिक्षण के दौरान क्रय केंद्र प्रभारी बिमल उपस्थित थे द्य क्रय केंद्र पर अब तक 44740.03 कुं गन्ना खरीद की जा चुकी है द्य उपस्थित किसानो द्वारा बताया गया कि क्रय केंद्र पर किसी प्रकार की असुविधा नहीं है द्य जनपद के सभी तौल केन्द्रो पर तैनात केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वह तौल करने से पहले किसानो की उपस्थित मे बाँट डालकर कंाटे की जाँच अवश्य कर ले द्य बिना कांटा जाँच के तौल कार्य सुरु न करे द्य कंाटा जाँच करे के बाद इसे कंाटा जाँच रजिस्टर मे अवश्य अंकित करे। दैनिक गन्ना खरीद रजिस्टर को समय से पूरा करे।

जनपद के सभी सचिव एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है। कि वह प्रतिदिन अपने क्षेत्र के क्रय केन्द्रो का आकस्मिक निरिक्षण करते रहे।निरिक्षण करने मे इस बात का ध्यान रखा जाये कि दुर्गम क्षेत्र मे स्थापित क्रय केन्द्रो का निरिक्षण अवश्य किया जाये।जिन क्रय केन्द्रो पर विगत वर्षो मे शिकायते प्राप्त हुई है वहाँ के केन्द्रो का निरिक्षण प्राथमिकता से करे। निरिक्षण के पश्चात निरिक्षण रिपोर्ट मूल रूप मे सहायक चीनी आयुक्त को भेजे यदि किसी केंद्र पर अनियमित गन्ना खरीद या घटतौली पायी जाती है।तो तौल लिपिक का लाइसेंस निलंबित किया जायेगा तथा साथ ही उत्तर प्रदेश गन्ना आपूर्ति अधिनियम के तहत कार्यवाही भी की जाएगी.द्य निरिक्षण के दौरान किसान गुरप्रीत सिंह, सुशील, मालकीत सिंह,राम मूर्ति व अन्य लोग उपस्थित थे।

# कारीगरों को मिलेगा एक लाख का लोन मोदी की गारंटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कारीगरों को प्रशिक्षण उपलब्ध करवाकर उन्हें कुशल कारीगर बना उनके कौशल को निखारकर उनके जीवन स्तर में सुधार किया जाएगा। मोदी की गारंटी पर लोन उपलब्ध करवाया जायेगा।

18 विभिन्न ट्रेड में लोगों के कौशल को निखारने के लिए मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके अलावा दो चरणों में लाभार्थियों को 3 लाख रुपये तक का लोन रियायती दरों पर दिया जाएगा यह बात जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने पीएम विश्वकर्मा योजना की भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला में कही। उन्होंने इस कार्यशाला के बाद आयोजित विभिन्न अभियानों की जिलाबैठक में नमो एप, डिजिटल पेंटिंग, गांव चलो अभियान विस्तारक योजना पन्ना प्रमुख अभियान बूथ अध्यक्षों का सत्यापन सहित विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों की समीक्षा कर आगामी योजना रचना बनवाई।

जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला और तीन बैठकों में योजना तैयारियों को प्रस्तुत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा प्रत्येक बूथ पर पन्ना प्रमुख बनाने हैं। यह सभी कार्य अभियान 10 तारीख से पूर्व संपन्न करवाने हैं। 30 दिसंबर को प्रत्येक मंडल पर बैठक आयोजित होनी है। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय उन्नाव में आयोजित हुई पीएम विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला और बैठकें जिसमें इस योजना से संबंधित विभिन्न जानकारी उपलब्ध करवाई गई। बैठकों में जिला बैठक मंडल प्रवासी बैठक आयोजित हुई बैठक का संचालन अभियान संयोजक जिला महामंत्री आशीष बाजपेई अटल ने किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभान शंकर दीक्षित, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भगवती प्रसाद रावत, जिला महामंत्री बिपिन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष महेश चंद्र दीक्षित,अनुराग अवस्थी ,विमला कुरील, अनिल कुशवाहा, कृष्ण कुमार वर्मा,आनंद अवस्थी, आदि उपस्थित रहे।

# संसद के सवाल और विपक्ष का दायित्व

एनडीए सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम शीतकालीन सत्र कई सुलगते सवालों को छोड़ गया है। इन सवालों के जवाब अभी गंभीरता से नहीं तलाशे गए, तो फिर देश में लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को उखड़ने से रोक पाना कठिन हो जाएगा। संसद पर हमला, 146 सांसदों के निलंबन के बाद अब ये तथ्य भी सामने आया है कि संसद में दोनों सदनों में विपक्ष के सांसदों द्वारा पूछे गए 264 सवालों को प्रश्नों की सूची से हटा दिया गया है। ये तमाम बातें भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार ही हो रही हैं। 76 साल की आजादी और लोकतंत्र के दीर्घ अनुभव के बाद संसदीय कामकाज में परिपक्वता, धैर्य और संयम दिखाई देने चाहिए थे, लेकिन फिलहाल लग रहा है कि हमें संसदीय तकाजे का ककहरा फिर से सीखना पड़ेगा। गौरतलब है कि इस शीतकालीन सत्र में संसद पर एक और हमले की कोशिश की गई थी। एकबारगी यह हमला मौजूदा सरकार की नीतियों और फैसलों के खिलाफ दिखाई देता है। लेकिन अगर देश के एक तबके में भाजपा के शासन को लेकर इतनी अधिक नाराजगी व्याप्त है कि उसके लिए संसद पर हमले का दुस्साहस किया जाए, तो फिर यह नाराजगी चुनावी नतीजों में क्यों नहीं दिखाई देती। क्या संसद पर हमला करने वाले जानते नहीं थे कि इसका अंजाम क्या होने वाला है। क्या कानून की कड़ाई का अंदाज होने के बावजूद उन्होंने इस जोखिम को उठाया और अपना भविष्य, जीवन सब कुछ खतरे में डाला। कुछ लोगों का पूरे योजनाबद्ध तरीके से संसद के बाहर और भीतर आकर विरोध दिखाना किसी नजरिए से मामूली घटना नहीं है, लेकिन इस पर सरकार का रवैया देखकर यह लग ही नहीं रहा कि उसे किसी बात की चिंता हुई हो। क्या भाजपा अपने बहुमत को कवच इस कदर अभेद्य मानने लगी है कि उसे इस बात से भी फर्क नहीं पड़ रहा कि दो लोग संसद के भीतर आकर धुआं छोड़ गए। संसद पर हमले को लेकर भाजपा सरकार का रवैया जितना आश्चर्यजनक रहा, उससे कहीं अधिक आश्चर्य यह देखकर हुआ कि गृहमंत्री से सदन में जवाब की मांग कर रहे विपक्ष के 146 सांसदों को दो-तीन दिन के भीतर निलंबित कर दिया गया। सदन पर हुए हमले का जवाब अगर सदन में नहीं मांगा जाएगा, तो फिर उसके लिए कौन सी अन्य जगह उपयक्त है, यह भी भाजपा को बता देना चाहिए। लगभग डेढ़ सौ सांसदों का निलंबन काफी नहीं था कि संसद के दोनों सदनों की सूची से उन 264 सवालों को भी हटा दिया गया, जो विपक्षी सांसदों ने पूछे थे। सरकार से पूछा जाना चाहिए कि क्या इन सवालों से भी सदन की कार्रवाई में व्यवधान पड़ रहा था। उल्लेखनीय है कि सांसदों के निलंबन के बाद लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान सांसदों के नाम के तहत सूचीबद्ध किसी भी कार्य या उनके द्वारा पेश किए गए नोटिस पर विचार नहीं किया जाएगा। संसद के प्रश्नकाल और शून्यकाल सांसदों को प्रश्न पूछने और सरकार के खिलाफ विचार व्यक्त करने की अनुमति देते हैं। इससे पहले भी विभिन्न सत्रों में सांसदों के निलंबन होते रहे हैं, लेकिन ऐसा शायद ही कभी हुआ हो कि निलंबन के साथ ही सांसदों के सवाल उठाने के संवैधानिक अधिकार को भी खत्म कर दिया गया है। ऐसा नहीं है कि खारिज किए गए सभी 264 सवाल संसद की सुरक्षा के मसले से ही जुड़े थे, अगर जुड़े होते तब भी सरकार को इनका जवाब देना चाहिए था। लेकिन ये सवाल जनता के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आधारित थे। जैसे राजद सांसद मनोज झा ने शिक्षा मंत्रालय से दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षकों के बड़े पैमाने पर हटाने संबंधी सवाल किए थे। माकपा के सांसद जॉन ब्रिटास ने समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन पर कानून मंत्रालय से जानकारी मांगी थी। मगर अब इनका जवाब देने से मौजूदा सरकार बच गई है। सांसदों के निलंबन की कार्रवाई तो बाद में हुई, लेकिन संसद के नियमानुसार ये सवाल लगभग दो सप्ताह पहले ही लिखित में दिए जा चुके थे।

# आपसी शह-मात के खेल में उलझा विपक्षी गठबंधन

**लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल और नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड को विपक्षी गठबंधन का सबसे मजबूत साथी माना जा रहा था क्योंकि ये पहले से यूपीए का हिस्सा थे लेकिन इंडी गठबंधन में चर्चा के बिना ही इन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बिहार की लोकसभा की सीटों का आपस में बांट कर अपनी मंशा साफ कर दी है। बिहार की लोकसभा की कुल 40 सीटों में से राजद और जदयू ने 17-17 सीटें आपस में बांट ली हैं। बाकी बची छह सीटें कांग्रेस और वामपंथी दलों के लिए छोड़ी गई हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में जदयू भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल थी और उसने अपने हिस्से की 17 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर 16 पर जीत हासिल की थी। इसलिए जदयू 17 से कम सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं है। अब यह देखना काफी रोचक होगा कि क्या कांग्रेस और वामपंथी दल महज छह सीटें पाकर संतुष्ट रह पाएंगे। राजद और जदयू ने जिस तरह बिहार की लोकसभा सीटों को आपस में बांट लिया इसे कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।**

लोकसभा चुनाव में भाजपा को हरा कर मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने से रोकने के लिए बनाए गए विपक्षी गठबंधन के नेता फिलहाल एक-दूसरे के खिलाफ ही षड़यंत्र रचने में जुटे हैं। सामान्य तौर पर राजनीति में भितरघात कुशल रणनीति माना जाता है, लेकिन इंडी गठबंधन में शामिल दलों के नेता इस सामान्य परम्परा का भी पालन करने को तैयार नहीं हैं। वे खुले मंचों से एक- दूसरे के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। क्षेत्रीय दलों के निशाने पर सबसे ज्यादा कांग्रेस और उसके नेता हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की नेता वृंदा करात, केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन और समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव जिस तरह कांग्रेस की नीतियों और नेताओं पर निशाना साध रहे हैं, उससे राजनैतिक हलकों में इस बात की चर्चा होने लगी है कि विपक्षी गठबंधन के ये नेता भाजपा को हराने के लिए एकजुट हुए हैं या फिर उनका उद्देश्य कांग्रेस को खत्म करना है। लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल और नीतीश कुमार के जनता दल यूनाइटेड को विपक्षी गठबंधन का सबसे मजबूत साथी माना जा रहा था क्योंकि ये पहले से यूपीए का हिस्सा थे लेकिन इंडी गठबंधन में चर्चा के बिना ही इन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बिहार की लोकसभा की सीटों का आपस में बांट कर अपनी मंशा साफ कर दी है। बिहार की लोकसभा की कुल 40 सीटों में से राजद और जदयू ने 17-17 सीटें आपस में बांट ली हैं। बाकी बची छह सीटें कांग्रेस और वामपंथी दलों के लिए छोड़ी गई हैं। लोकसभा चुनाव 2019 में जदयू भाजपा के साथ गठबंधन में शामिल थी और उसने अपने हिस्से की 17 सीटों पर प्रत्याशी उतार कर 16 पर जीत हासिल की थी। इसलिए जदयू 17 से कम सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार नहीं है। अब यह देखना काफी रोचक होगा कि क्या कांग्रेस और वामपंथी दल महज छह सीटें पाकर संतुष्ट रह पाएंगे। राजद और जदयू ने जिस तरह बिहार की लोकसभा सीटों को आपस में बांट लिया इसे कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल विपक्षी गठबंधन की बैठक में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव रख दिया। उनके प्रस्ताव का अरविन्द केजरीवाल ने समर्थन कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दलित समाज से आते हैं इसलिए कोई भी नेता उनके इस प्रस्ताव का विरोध करने का साहस नहीं जुटा सका। लेकिन इस प्रस्ताव पर कोई सहमति भी नहीं बन सकी। फिर भी उनके इस दांव से गठबंधन के तमाम नेता चारों खाने चित हो गए। ममता बनर्जी के इस प्रस्ताव ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठे हुए देखने के सोनिया गांधी के सपने को ही नहीं तोड़ा बल्कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव को भी गहरी चोट दे दी। पटना में पहली बैठक करवा कर विपक्षी गठबंधन की आधारशिला रखने वाले नीतीश कुमार को उम्मीद थी कि उनको विपक्षी गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार या गठबंधन का संयोजक चुन लिया जाएगा, पटना के बाद कई बैठकें हो चुकी हैं लेकिन अभी तक गठबंधन का संयोजक चुनना तो दूर उनके नाम पर गंभीर चर्चा तक नहीं हुई है। लालू प्रसाद यादव को भी उम्मीद थी कि गठबंधन का नेता बन जाने के बाद नीतीश कुमार राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हो जाएंगे और बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी उनके पुत्र तेजस्वी यादव को स्वभाविक तौर पर मिल जाएगी। लेकिन ममता बनर्जी और अरविन्द केजरीवाल ने उनकी सारी योजना पर पानी फ़ेर दिया। इसके अलावा ऐसा नहीं है कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव के बीच रिश्ते बहुत अच्छे हैं। खबरें तो यहां तक आ रही हैं कि लालू प्रसाद यादव की तरफ से जदयू में सेंधमारी की कोशिशें की जा रही है। राजनैतिक और वैचारिक तौर पर भाजपा और संघ के धुर विरोधी वामपंथी दल भी अब इस विपक्षी गठबंधन में सहज महसूस नहीं कर रहे हैं। सबसे बड़े वामपंथी दल मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने तो सीधे तौर पर कांग्रेस पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। वामपंथी दलों का सबसे ज्यादा प्रभाव पश्चिम बंगाल और केरल में है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी किसी भी कीमत पर माकपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है इसके वे कई बार साफ संकेत दे चुकी हैं इसलिए पश्चिम बंगाल में माकपा की गठबंधन में बने रहने की संभावना काफी कम हो गई है। इसके अलावा केरल में इस समय माकपा के नेतृत्व वाले वाममोर्चा की सरकार है। यहां के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन और केरल माकपा के राज्य सचिव एमवी गोविन्दन लगातार कांग्रेस पर हमलावर हैं। वे नहीं चाहते कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी केरल के वायनाड से दोबारा लोकसभा का चुनाव लड़ें। उनका कहना है कि कांग्रेस को भाजपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में मजबूती से चुनाव लड़ना चाहिये, वायनाड के सांसद को राज्यों की प्रतिद्वंद्विता में नहीं पड़ना चाहिए। दरअसल लोकसभा चुनाव 2019 में राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़े थे। मुस्लिम लीग से उनका गठबंधन था। इसका नतीजा यह हुआ कि केरल की कुल 20 लोकसभा सीटों में से 19 पर कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन जीत गया था और वामदलों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। केरल की राजनीति में पकड़ मजबूत करने को कांग्रेस के नेता भी माकपा पर हमलावर हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने केरल की पुलिस और माकपा कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न करने और उनकी हत्या करने के आरोप लगाए हैं। इसके जवाब में माकपा की तेजतर्रार नेता वृंदा करात ने कांग्रेस पर भाजपा और संघ से मिलीभगत कर केरल षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए है। विपक्षी दलों के नेता एक-दूसरे के खिलाफ कोई गुपचुप पैंतरेबाजी नहीं कर रहे हैं बल्कि वे खुलेतौर पर एक-दूसरे के खिलाफ मीडिया में बयान दे रहे हैं। हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की उपेक्षा से आहत उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने तो अपनी चुनावी सभाओं में कांग्रेस को धोखेबाज पार्टी बताते हुए मतदाताओं से अपील की थी कि वे कांग्रेस को वोट न दें। दरअसल, कर्नाटक और तेलंगाना के विधानसभा चुनावों और पश्चिम बंगाल के पंचायत चुनावों में मुस्लिम मतदाताओं ने जिस तरह जनता दल सेक्यूलर, बीआरएस और टीएमसी का साथ छोड़ कर कांग्रेस का दामन थामा है, उससे तमाम क्षेत्रीय दलों की नींद हराम हो गई है। वे भलीभांति जानते हैं कि अगर मुस्लिम मतदाता कांग्रेस के पाले में चले गए तो उनका राजनैतिक अस्तित्व खत्म हो जाएगा। इधर कांग्रेस के नेताओं को भी पता है कि अपनी राजनैतिक हैसियत दोबारा हासिल करने के लिए उन्हें मुस्लिम मतदाताओं को अपने खेमे में लाना ही होगा और इसके लिए वे पूरी शिद्दत से जुटे हुए भी हैं। इसीलिए इंडी गठबंधन के नेता भाजपा के खिलाफ रणनीति बनाने से ज्यादा एक दूसरे को शह-मात देने के खेल में उलझे हुए हैं। **-विकास सक्सेना**




# स्वच्छ भारत मिशनः साफ होते शहर-गांव

**आर.के. सिन्हा**

करीब नौ साल पहले का वह मंजर यकीनन यादगार था जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं झाडू लेकर राजधानी दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे- पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। यकीनन, महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। आजाद भारत में संभवतः यह पहला मौका था जब देश में स्वच्छता को लेकर सरकार ने इतनी गंभीरता दिखलाई। 140 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाला अगुआ यदि खुद सड़क पर उतर आए, फिर समुद्र तट पर घूम-घूम कर कूड़ा उठाने लग जाए, तो यह समझना कतई मुश्किल नहीं कि देश की हुकूमत का साफ-सफाई को लेकर नजरिया क्या है। बीते कुछ वर्षों में, जाहिर तौर पर स्वच्छता के मोर्चे पर हमने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर देशभर में कई प्रतियोगिताएं हो रही हैं। उनमें एक-दूसरे से बेहतर करने की होड़ लगी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने अबतक के कार्यकाल में स्वच्छता अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। शायद यही वजह है कि स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत के बाद भारत में स्वच्छता का पुनर्जागरण हुआ है। मिशन ने न केवल शहरों का कायाकल्प किया बल्कि गांवों में भी स्वच्छता की अलख जगाई। अपने देश को साफ-सुथरा रखने की संवेदनशीलता और भावना आज पूरे देश में दिखती है। गांधीजी आजीवन स्वच्छता की अलख जगाते रहे। दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान उन्हें श्वेत निवासियों के इस दावे से लड़ना पड़ा कि भारतीयों में स्वच्छता की कमी है और इसलिए उन्हें अलग रखने की जरूरत है। नटाल विधानसभा को लिखे खुले पत्र में गांधी ने कहा था कि जहां तक स्वच्छता मानकों का सवाल है, भारतीय भी यूरोपीय लोगों के बराबर हो सकते हैं, बशर्ते उन्हें भी उसी तरह का ध्यान और अवसर दिया जाए। 1915 में भारत लौटने पर उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने कार्यक्रमों के मूल में स्वच्छता के मंत्र को रखा। गांधीजी ने 1941 में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए रचनात्मक कार्यक्रम नामक पुस्तिका प्रकाशित की। ग्राम स्वच्छता उन अठारह कार्यक्रमों में से छठा था जो गांधीजी ने उस पुस्तिका में बताए थे। कुछ अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम साम्प्रदायिक एकता, अस्पृश्यता निवारण, आर्थिक समानता, सविनय अवज्ञा आदि थे। आज गांधीजी के स्वच्छ भारत की परिकल्पना को पीएम मोदी साकार कर रहे हैं। यह दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि गाँधी के नाम पर राजनीति करने वाले किसी कांग्रेसी सरकार ने इसके ऊपर कोई ध्यान तक नहीं दिया। स्वच्छ भारत मिशन इन नौ साल में जनआंदोलन बन गया है। आज ज्यादातर सड़कें साफ-सुथरी दिखती हैं, गलियों में कूड़ा नहीं दिखता। चाहे पर्यटन स्थल हों या रेलवे स्टेशन। हर जगह सफाई दिखती है। देश ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। अब देश के कुल गांवों में से तीन-चौथाई यानी 75 प्रतिशत गांवों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल कर लिया है। ओडीएफ प्लस गांव वह है, जिसने ठोस या तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों को लागू करने के साथ-साथ अपनी खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति को बरकरार रखा है। आजतक 4.43 लाख से अधिक गांवों ने खुद को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है। बात अगर उन राज्यों की करें जिन्होंने 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांव हासिल किए हैं वे हैं- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादर एवं नागर हवेली, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, केरल, लद्दाख, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना और त्रिपुरा। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में - अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दादरा नगर हवेली और दमन दीव, जम्मू और कश्मीर और सिक्किम में 100 प्रतिशत ओडीएफ प्लस मॉडल गांव हैं। इन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने ओडीएफ प्लस का दर्जा हासिल करने में उल्लेखनीय प्रगति की है और उनके प्रयास इस मील के पत्थर तक पहुंचने में सहायक रहे हैं। इस वर्ष प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किये गये स्वच्छ भारत मिशन के नौ वर्ष पूरे हो गये हैं। 75 प्रतिशत ओडीएफ प्लस गांवों की उपलब्धि भारत के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि देश स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में ही हम ओडीएफ से ओडीएफ प्लस में आ गए हैं।

## सेहत मंत्र

# आपकी बीमारियां भी बन सकती हैं सिरदर्द का कारण

आज की बिजी लाइफ में सिरदर्द की समस्या बेहद आम हो गई हैं। ऐसे लोग बेहद कम ही होंगे, जो सिरदर्द की समस्या को गंभीरता से लेते हो। अमूमन लोग खुद से दवाई का सेवन कर लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि बार-बार एक ही जगह होने वाला सिरदर्द एक संकेत हैं कि आपको अन्य भी कुछ गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। सिरदर्द देता है संकेतः सरोज सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के एचओडी व सीनियर कंसल्टेंट डॉ. जयदीप बंसल कहते हैं कि बार-बार होने वाला सिरदर्द कई तरह के संकेत देता है। अगर इस पर समय रहते गंभीरता से ध्यान दिया जाए तो मनुष्य अन्य कई गंभीर बीमारियों से आसानी से बच सकता है। विशेष तौर पर, सिर के एक हिस्से पर या विशेष भाग में सिरदर्द होने का कारण अन्य बीमारी भी हो सकती है और अगर उस बीमारी को पहचानकर उसका इलाज कर दिया जाए तो सिरदर्द की समस्या खुद-ब-खुद खत्म हो जाती है। आंखों की समस्याः अगर किसी व्यक्ति को सीरियस हेडेक, सेंटल हेडेड या आंखों के ठीक उपर दर्द होता है या फिर किसी व्यक्ति को विजन में भी प्रॉब्लम होती है तो हो सकता है कि उस व्यक्ति को नेत्र संबंधी बीमारी जैसे ग्लूकोमा आदि हो। इसके अतिरिक्त जिन लोगों को चश्मा लगा होता है, उसका नंबर चेंज होने पर या आर्थराइटिस की समस्या होने पर भी व्यक्ति को सिरदर्द की शिकायत होती है। हो सकता है साइनसिसः अगर किसी को सिरदर्द के साथ-साथ माथे, आंख या गालों में दर्द का अनुभव हो तो यह साइनेसिस के कारण हो सकता है। इस तरह की समस्या होने पर सिरदर्द की शिकायत होना आम है। इसके अतिरिक्त कुछ इंफ़ेक्शन भी कभी-कभी सिरदर्द की वजह बन जाते हैं। महिलाएं रखें ध्यानः अक्सर महिलाओं को तेज सिरदर्द या अक्सर लेकिन नियमित क्रम में सिरदर्द की समस्या होती है, जिसे वह नजरअंदाज करती हैं। डॉ. बंसल कहते हैं कि महिलाओं में सिरदर्द कई कारणों से हो सकता है। मसलन, अगर कोई महिला कॉन्टासेप्टिव पिल्स या हार्मोनल पिल्स का सेवन कर रही है या फिर किसी महिला की डिलीवरी या अबार्शन हुआ हो और उसे सिरदर्द की शिकायत हो तो उसे कोरटिकल वीनस थ्रोम्बोसिस हो सकता है।

## धर्म मंत्र

# मांगलिक दोष से हैं ग्रस्त तो करें ये उपाय

मांगलिक दोष ने समाज के हर वर्ग को भयभीत कर रखा है। ऐसा माना जाता है की यदि एक मांगलिक का अमांगलिक से विवाह हो जाए तो भयानक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ऐसा मानते हैं कि दोनो में से एक की मृत्यु या कुछ और अनहोनी हो सकती है। यह एक बहुत बड़ा कारण है कि मांगलिक लोगों का विवाह काफी देर और मुश्किल से होता है। इस दोष को गहराई से समझना आवश्यक है ताकि इसका भय दूर हो सके। वहीं, इस दोष को दूर करने के भी कई तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर इस दोष को कुछ कम किया जा सकता है। ये उपाय करें- कन्याओं को चाहिए कि मंगल यंत्र को अपने वस्त्रों में रखें। शुक्रवार की रात को सूखे छुहारे जल में डालकर सिरहाने रखें और गायत्री मां का ध्यान करते हुए प्रातः काल उठते ही बहते जल में या पीपल के वृक्ष पर चढ़ाएं। शादी से पूर्व भगवान विष्णु के साथ कन्या के सात फ़ेरे दिलवाने चाहिए या फिर मंडप में मंगल का जाप करवाकर हवन से मंगल शांति करा देना चाहिए। यदि कन्या की शादी दूसरी जाति में अथवा कन्या वर्ष की आयु में 7 साल या इससे अधिक का अंतर है तो मांगलिक दोष का अशुभ प्रभाव नहीं पड़ता। मंगलवार के दिन अपने वजन के बराबर तोलकर तिल मंदिर में चढ़ाएं। मंगलवार के दिन शहद रेवड़ी के सिंदूर को बहते पानी में प्रवाहित करें। वट सावित्री का व्रत और नित्य सुंदरकांड का पाठ करने से सुनने से मांगलिक दोष दूर होता है। लगातार 40 मंगलवार को मीठी रोटियां बनाकर गरीबों में बांटने से भी मांगलिक दोष दूर होता है। प्रत्येक मंगलवार को वट के वृक्ष की जड़ पर मीठा दूध चढ़ाएं और बाद में उस दूध की भीगी मिट्टी से स्वयं को तिलक लगाएं।

## पर्यटन



# नियाग्रा की नायाब खूबसूरती

कनाडा के हलचल भरे शहर टोरंटो शहर से दो घंटे की दूरी पर नियाग्रा का क्षेत्र पड़ता है। यह क्षेत्र कई कारणों से पर्यटन का केंद्र है। इसके रास्ते में वाइन रूट पर पड़ने वाली 70 वाइनरी हो या अनोखापन लिए हुए नायग्रा-ऑन-दी-लेक, पर्यटकों को खूब आकर्षित करती है। वैसे, यह शहर आपको अपने मोहक बूटिक, आकर्षक होटलों और सुंदर बगीचों के साथ स्वागत करता है। इस क्षेत्र में आने वाला कोई भी पर्यटक सबसे पहले नियाग्रा जलप्रपात ही जाता है। नियाग्रा जलप्रपात पर नाव की सैर करते हुए पानी की फुहारों को महसूस करना, जर्नी बिहाइंद द फॉल्स, हेलीकॉप्टर सवारी या स्कायलॉन टॉवर के रिवॉल्विंग रेस्टोरेंट में खाते हुए ऊपर से जलप्रपात को देखना- ये सभी एक लुभावना दृश्य प्रस्तुत करता है। इन सभी खूबियों के कारण यह क्षेत्र पर्यटकों के आकर्षण के केंद्र में होता है। नियाग्रा जलप्रपात को पहली बार हेलीकॉप्टर से देखने का मौका मिला। इससे जलप्रपात को देखना हम सभी के लिए ताउम्र याद रखनेवाला अनुभव था। मुझे यह कहने में कोई हिचक नहीं होगी कि नियाग्रा जलप्रपात के ऊपर की जगह से बेहतर जगह कोई नहीं होगी। यह हमारी सभी उम्मीदों पर खरा उतरा। छह सीट वाले हेलीकॉप्टर ने दस मिनट के भीतर ही नियाग्रा जलप्रपात के सभी मुख्य जगहों को दिखा दिया। हेलीकॉप्टर से दिखने वाले आकाशीय दृश्य रोमांच और विस्मय से भरने वाला था, जो कि अद्वितीय था। मैं तो बिना किसी हिचककिचाहट के हेलीकॉप्टर से सैर करने के लिए कहूंगा। हेलीकॉप्टर से नियाग्रा जलप्रपात के घूमने के अनुभव ने हमें नजदीक से इसे महसूस करने की इच्छा को और बढ़ा दिया। और यह केवल नाव से की जाने वाली यात्रा- मेड ऑफ द मिस्ट ही हमारी इस इच्छा को पूरा कर सकता था। नाव से हमने जलप्रपात को काफी नजदीक से देखा। पूरी गति से गिरती पानी की बौछारों और उसकी भयावता को नीचे से ही महसूस किया जा सकता है। टूर ऑपरेटर ने हमें प्लास्टिक के रेनवियर दिए थे, लेकिन फिर भी आपको भीगने के लिए तैयार रहना चाहिए। लूप होने के कारण नाव के सभी हिस्सों से जलप्रपात को काफी अच्छे से देखा जा सकता है।

# ग्रामीण अंचल में डायबिटीज का फैलाव चिंताजनक भारत में महामारी का रूप ले रहा : डॉ. जितेंद्र सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



वाराणसी। केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी,प्रधानमंत्री कार्यालय डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को यहां पुराना रामनगर गांव में ग्रामीण मधुमेह रोकथाम एवं नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया।

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मधुमेह बीमारी की पहचान अधिकतर अमीर और संभ्रांत लोगों और शहरों तक ही सीमित थी, जिसका मुख्य कारण उनकी जीवनशैली थी, लेकिन अब ग्रामीण इलाकों में इसका फैलाव चिंताजनक है। ग्रामीण भारत में इस बीमारी को बढ़ने का संभावित कारण फास्ट फूड के प्रति रुझान, कृषि में अधिक अत्याधुनिक उपकरणों का प्रयोग और उसके परिणामस्वरूप शारीरिक गतिविधियों में कमी को पाया गया है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के दिशा निर्देशों के अनुरूप पिछले तीन दशकों में देश में मधुमेह पीड़ितों की संख्या में 150 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। आज शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में मधुमेह 25-34 वर्ष के आयुवर्ग में तेजी से फैल रहा है और मुख्य चिंता कम उम्र में टाइप 2 मधुमेह का निदान करने की है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में टाइप 2 डायबिटीज मैलिटस का फैलाव भारत में महामारी का रूप ले रहा है। इतनी बड़ी जनसंख्या मधुमेह बीमारी की कगार पर है, इसे तभी रोका जा सकता है जब हम बड़े शहरों के आस-पास के गांवों में मधुमेह की रोकथाम के लिए काम करना शुरू करें। इस पहल के लिए वाराणसी के रामनगर गांव को चुनने का विचार काफी उचित है।

उन्होंने कहा कि मधुमेह की रोकथाम न केवल स्वास्थ्य देखभाल के प्रति हमारा कर्तव्य है, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति भी हमारा दायित्व है, क्योंकि भारत एक ऐसा देश है जहां 70 प्रतिशत जनसंख्या 40 वर्ष से कम उम्र की है। आज के युवा विकसित भारत 2047 के प्रधान नागरिक बनने जा रहे हैं। यह कार्यक्रम भारत (आरएसएसडीआई) उत्तर प्रदेश चैप्टर के अंतर्गत रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज के तत्वावधान में एक गांव गोद लेने के संबंध में आयोजित किया गया। जिससे ग्राम में मधुमेह बीमारी पर नियंत्रण लगाया जा सके।

### केंद्र सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए कार्य कर रही

कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए विभिन्न स्तरों पर काम कर रही है, उदाहरण के लिए, राष्ट्रीय स्तर पर निशुल्क रक्त शर्करा परीक्षण अभियान, सामान्य स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी, आयुष्मान भारत, वेलनेस क्लीनिक, सभी जिला सरकारी अस्पतालों में किडनी डायलिसिस सुविधा, योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन प्रयासों के साथ-साथ गैर-सरकारी एजेंसियों और समाज को भी इसकी रोकथाम करनी होगी और इस बीमारी के प्रति जागरूकता का प्रसार करना होगा। उन्होंने कहा कि अमृत काल के अगले 25 वर्षों का रोडमैप सर्वोत्तम स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की दिशा में भारत दुनिया के अग्रणी देश के रूप में उभरने का साक्ष्य बनेगा।

# मंत्री नन्दी ने उद्यमियों को 70.91 करोड़ प्रोत्साहन राशि जारी करने के दिए निर्देश

## ब्याज मुक्त ऋण मिलने से उद्योगों को मिलेगी आर्थिक मजबूती : नन्दी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने औद्योगिक विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत विभिन्न कम्पनियों को ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 70.91 करोड़ रूपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने के प्रस्ताव पर मंजूरी प्रदान की है। अब जल्द ही इन कम्पनियों व इकाईयों को ब्याज मुक्त ऋण की धनराशि मिल जाएगी। इससे उद्यमियों को अपने उद्योग को बढ़ाने एवं मजबूती प्रदान करने में मदद मिलेगी।

मंत्री नन्दी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश का ग्रोथ इंजन बन चुका उत्तर प्रदेश लगातार उन्नति की ओर अग्रसर है। 2017 के पूर्व उत्तर प्रदेश की छवि बीमारू राज्य की थी लेकिन आज उप्र की पहचान सर्वोत्तम प्रदेश की बन गई है।

नन्दी ने कहा कि उप्र को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लिए जहां प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित किया जा रहा है, वहीं उद्यमियों के लिए सहूलियतों का पिटारा खोल दिया गया है। उद्योगों के साथ ही उद्यमियों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। जिसके तहत उद्यमियों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है। इस योजना में इकाईयों से किसी प्रकार का ब्याज नहीं लिया जाता है, जिसकी वजह से उद्यमियों को बिना किसी दबाव के व्यापार को विस्तारित करने में मदद मिलती है।

मंत्री ने मेसर्स आर.एल.जे कॉनकास्ट प्रा.लि मिर्ज़ापुर को 21 करोड़ 42 लाख 56 हजार, मेसर्स महामाया एलायज प्रा.लि मिर्ज़ापुर तथा माडर्न पैकेजिंग प्रा.लि को 28 करोड़ 34 लाख 01 हजार, मेसर्स वरुण बेवरेजेस लिमिटेड, मेसर्स सी.पी मिल्क एवं फूड प्रा.लि बाराबंकी, मेसर्स मून बेवरेजेस प्रा.लि ग्रेटर नोएडा, मेसर्स मंगलम सीमेन्ट प्रा.लि अलीगढ, मेसर्स वृंदावन एग्रो प्रा.लि-मेसर्स बिरला कारपोरेशन रायबरेली-मेसर्स अमृत बाटलर्स प्रा.लि अयोध्या तथा मेसर्स महान मिल्क फूड हाथरस को आठ करोड़ 02 लाख 81 हजार 450 रुपये का ऋण प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। मेसर्स महामाया एलायज प्रा.लि मिर्ज़ापुर को दो वित्तीय वर्ष के लिए 13 करोड़ 12 लाख 30 हजार रुपये का ऋण अलग मंजूर किया गया है।

# संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित कद्दावर नेता जवाहर वर्मा रहे मुख्य अतिथि




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामसनेही घाट बाराबंकी। विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खण्ड बनीकोडर के ग्राम पिथूरपुर के श्री तपस्वी जी महाराज अमृत सरोवर पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता जवाहर वर्मा का विवेक प्रताप सिंह ने माला पहना कर जोरदार स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया।स्कूल के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुत किया गया।मुख्य अतिथि यात्रा में सम्मिलित होकर प्रधानमंत्री आवास,राशन कार्ड,उज्जवला कनेक्शन,शौचालय,किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित कर उपस्थित जनों को पंचप्रण की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र रूपेश प्रताप सिंह लकी,विवेक प्रताप सिंह,मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह,अजय सिंह,चंदन भदौरिया,अर्जुन वर्मा,मर्जी राम यादव,आकाश वर्मा,सुनील वर्मा, सहित पार्टी के पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# संकल्प यात्रा में दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिद्धौर ,बाराबंकी। विकासखंड सिद्धौर क्षेत्र के अन्तर्गत 3 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन नसीरपुर ग्राम पंचायत में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सिद्धौर आरती रावत तो कुम्हरावा ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत में पूर्व कोऑपरेटिव अध्यक्ष रामनाथ वर्मा गंजरिया ग्राम पंचायत में पूर्व सांसद बैजनाथ रावत ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सिद्धौर ब्लॉक प्रमुख आरती रावत ने केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना जिसमें उज्जवला गैस कनेक्शन योजना किसान सम्मन निधि प्रधानमंत्री आवास मुख्यमंत्री आवास दिव्यांग पेंशन वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के बारे में बताया और उन्होंने कहा जब देश में कोरोना नाम की महामारी आई थी तब मोदी जी ने गरीबों के लिए राशन के भंडार खोल दिए थे और प्रत्येक महीने में दो बार राशन दिया जाता था मोदी जी ने ऐसी योजना बनाई की गरीबों को सीधे सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

भाजपा नेता कमल सिंह पटेल ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालयों के नन्हे बच्चों ने स्वागत गीत व अन्य देश भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनमोहन लिया। बाल विकास पुष्टाहार, कृषि विभाग स्वास्थ्य विभाग, आजीविका मिशन द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर अवर अभियंता लव सिंचाई सोमबीर सिंह यादव, एडीओ एग्रीकल्चर राजेंद्र चौरसिया, ग्राम प्रधान विपिन कुमार वर्मा, सुनीता पटेल, प्रधान प्रतिनिधि जगन्नाथ, देवानंद विश्वकर्मा, पूर्व कोऑपरेटिव अध्यक्ष रामनाथ वर्मा, विनोद कुमार देवा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विकसित राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य का निर्वहन करें : दिलीप चतुर्वेदी

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य 2047 तक विकसित राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए इस महायज्ञ के सहभागी बन भारत को पुनः विश्वगुरु बनाएं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी चाहते हैं शासन-प्रशासन के लोग सीधे गांव तक पहुंचे और छूटे पात्रों को भी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित कराते हुए मुख्य धारा में लाएं।यह बातें मुख्य अतिथि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बतौर सांसद प्रतिनिधि चौकठा में उपस्थित विकास संकल्प यात्रा को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने नागरिकों को स्मरण कराया कि आप लोगों ने केंद्र में मोदी व राज्य में योगी की सरकार बनाई थी, वह देश-प्रदेश के नागरिकों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसलिए पुनः मोदी को प्रधानमंत्री बनाकर अपने हितों वाली सरकार बनाएं। दिलीप चतुर्वेदी ने सभी के साथ मोदी की गारंटी वाली रथ पर लघु फिल्म देख नागरिकों को पंच निष्ठाओं का संकल्प दिलाकर सांसद प्रोफ़ेसर रीता बहुगुणा जोशी के आडियो को सुनाया। अध्यक्षता ग्राम प्रधान चौकठा कमलेश सिंह एवं संचालन ग्राम प्रधान सतपुरा प्रदीप कुमार मिश्र ने किया।इसी क्रम में विकास संकल्प यात्रा छतरगढ़ पहुंची। जिसके मुख्य अतिथि सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी प्रतिनिधि आशाराम शुक्ला रहें। उन्होंने कहा किसी भी योजना से कोई भी व्यक्ति वंचित नहीं रहेगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वादा पूरा करने की गारंटी है। विकास खण्ड अधिकारी शंकरगढ रामविलास राय ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अध्यक्षता ग्राम प्रधान भारत निषाद ने किया। कार्यक्रम को जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष अंजनी लाल, ग्राम प्रधान संतोष सिंह ने सम्बोधित किया।

# फर्जी बैनामा कराकर धोखाधड़ी में पिता-पुत्र के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज

मुरादाबाद। नागफनी थाना क्षेत्र के किसरोल निवासी व्यक्ति ने थाना मझोला क्षेत्र के गांगन वाली मैनाठेर निवासी कासिम अली और उसके बेटे नाजिम अली पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया। दोनों के खिलाफ न्यायालय में 156/3 के तहत वाद दर्ज किया था, जिस पर न्यायालय ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। थाना सिविल लाइंस पुलिस ने शुक्रवार को मामले में आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।नागफनी थाना क्षेत्र के किसरौल निवासी इरफान ने न्यायालय में दर्ज वाद में बताया कि उन्होंने गांगन वाली मैनाठेर में अपने बेटे फैजान इलाही, रिजवान इलाही और मोमान इलाही के नाम से एक जमीन खरीदी थी। पैसों की जरूरत के कारण इसमें से 351.40 वर्ग मीटर जमीन कासिम अली और उसके बेटे नाजिम अली को फरवरी 2015 में बेच दी थी।पीड़ित का आरोप है कि दोनों ने खरीदे गए प्लाट के स्थान पर दूसरे प्लाट को अपना बताकर कौसर जहां, शाजिया को 2017 में बेच दिया। बैनामा कराने के बाद जब दोनों महिलाएं परिवार के साथ प्लाट पर कब्जा करने गईं तो पता चला कि कासिम और उसके बेटे ने फर्जी दस्तावेज तैयार जमीन बेची है।पुलिस क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन अर्पित कपूर ने बताया कि मामले में शुक्रवार को आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हाइवे पर तीन मोटरसाइकिल आपस मे भिड़ी एक की मौत आधा दर्जन जख्मी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



रामनगर बाराबंकी। बाराबंकी जनपद के रामनगर से है जहां पर आज सेंट्रल बैंक के सामने तीन मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गयी जिसमे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची दलबल के साथ रामनगर पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस के जरिये सीएचसी रामनगर भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने घायलों की हालत देखते है उनमें से तत्काल तीन लोगों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया और पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी कर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार नितिन वर्मा पुत्र सत्यवान वर्मा निवासी मीरपुर बाइक से अपने दो दोस्तों आयुष पुत्र अभिनव कुमार मिश्रा उम्र करीब 23 वर्ष निवासी जफरपुर और मोहम्मद अली पुत्र नियामत अली उम्र करीब 22 वर्ष के साथ किसी काम से बाराबंकी जा रहा था तभी रामनगर के सेंट्रल बैंक के पास बैंक की तरफ मुड़ रहे मोटरसाइकिल सवार रमेश 45 वर्षीय व उनकी पत्नी निवासी मजरे सिरबाग ग्राम कुम्भरवा में जोरदार टक्कर मार दी और बाराबंकी की तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल सवार अखिलेश 25 वर्षीय व उनकी पत्नी व उनका 6 वर्षीय बच्चा निवासी ग्राम दलसराय भी जा घुसे। जिसकी वजह से एक दर्दनांक हादसा हो गया। जिसमें नितिन वर्मा की मौके पर ही मौत हो गयी और आयुष,मोहम्मद अली व अखिलेश की पत्नी साधना को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली बाराबंकी। बाराबंकी निवासी आर्चरी कोच महेंद्र प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन मे डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर शुक्रवार को शुरु हुई प्रतियोगिता मे हुआ चयन।

बताते चले कि गत 23 दिसंबर 2023 से पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला में प्रारंभ हुई नॉर्थ व ईस्ट जोन अंतर विश्विद्यालय आर्चरी चैंपियनशिप में डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,अयोध्या की तीरंदाजी टीम ने प्रतिभाग किया था। जिसमे से चार खिलाड़ी श्रीकृष्णा(कंपाउंड राउंड),प्रवीण राय(इंडियन राउंड),यश गुप्ता(इंडियन राउंड) व करिश्मा पटेल (इंडियन राउंड) ने अखिल भारतीय अंतर विश्विद्यालय आर्चरी चैंपियनशिप के लिए अहर्ता प्राप्त कर ली है। इन सभी खिलाड़ी पंजाबी विश्वविद्यालय,पटियाला में 28 से 31 दिसंबर तक हो रहे अखिल भारतीय अंतर विश्विद्यालय आर्चरी चैंपियनशिप में प्रतिभागिता कर रहे है। तीरंदाजी खिलाड़ियों की इस सफलता से समस्त खिलाड़ियों में काफी हर्ष है। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,अयोध्या की तीरंदाजी टीम प्रशिक्षक(आर्चरी कोच) महेन्द्र प्रताप सिंह जो की बाराबंकी जनपद के लखपेड़ाबाग कॉलोनी निवासी है,आर्चरी कोच महेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व व कौशलपूर्ण निर्देशन में विश्वविद्यालय की तीरंदाजी टीम ने इस सफलता को प्राप्त किया है।

# नो प्राधिकरण ने ग्रेनो व ग्रेनो वेस्ट में आठ जगहों पर रैन बसेरा बनाए

ग्रेटर नोएडा। कड़ाके की सर्दी को देखते हुए गरीब-बेसहारा लोगों को रात गुजारने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से आठ जगहों पर रैन बसेरा बनाए गए हैं। ये रैन बसेरा ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गांव रोजा याकूबपुर,तिलपता पंचायत घर,सादोपुर शिव मंदिर,सेक्टर इकोटेक थ्री नाइट शेल्टर व लेवर हॉस्टल, सेक्टर पी थ्रीव पी फोर का कम्युनिटी सेंटर,परी चौक,सेक्टर डेल्टा टू का कम्युनिटी सेंटर और राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पास बनाए गए हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट में अलग-अलग जगहों पर रैन बसेरा बनाने के निर्देश दिए थे, जिसके चलते परियोजना विभाग ने रोजा याकूबपुर,तिलपता पंचायत घर, सादोपुर शिव मंदिर, सेक्टर इकोटेक थ्री नाइट शेल्टर व लेवर हॉस्टल, सेक्टर पी थ्री व पी फोर का कम्युनिटी सेंटर,परी चौक,सेक्टर डेल्टा टू का कम्युनिटी सेंटर और राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पास रैन बसेरा बनवा दिए हैं। इन रैन बसेरा में 25-25 बिस्तर लगाए गए हैं। सैनिटाइजर व मास्क की भी व्यवस्था की गई है। इनमें रात गुजारने वालों से किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा।प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कोई भी गरीब या असहाय व्यक्ति मिले तो उसे नजदीक के रैन बसेरा में जरूर पहुंचा दें। इसके अलावा प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों के इन मोबाइल नंबरों-9205691314, 7985704514, 7355969201, 8700401022 और 9205691084 पर भी सूचना दे सकते हैं। प्राधिकरण की टीम जरूरतमंद को रैन बसेरा तक पहुंचाने में मदद करेगी। ओएसडी हिमांशु वर्मा ने इन रैन बसेरा की व्यवस्था का जायजा भी ले लिया है।

# कमला प्रसाद की राजनैतिक विरासत को संजोए रखने के लिए बाराबंकी की खाक़छान रही है: लवली व वेद प्रकाश रावत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। जिले के सासंद व राज्यमंत्री रहे स्व.कमला प्रसाद रावत की राजनैतिक विरासत को संजोए रखने के लिए उनके पुत्र व पुत्रबधु जन-जन तक पहुंच कर लोगों से जनसम्पर्क का अभियान को अधिक गति प्रदान कर दिया है, स्वर्गीय कमला प्रसाद रावत गरीब मजलूमों की सशक्त आवाज के साथ ही साथ सर्वसमाज के नेता थे, उनसे मिलने के बाद कोई भी व्यक्ति उनका कायल हो जाता था, वर्तमान राजनीति की चमक-धमक से दूर सर्वसुलभ नेता बनकर आज भी सभी के दिलों में राज कर रहे है।

मालूम हो कि लवली रावत-वेद प्रकाश समाजवादी पार्टी का झण्डा लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह तथा पूर्व मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सरकार के विकास कार्यों तथा योजनाओं का बखान करते हुए वर्तमान भाजपा सरकार के हवा-हवाई जुमलेबाजी से जनपद की जनता को आगाह व होशियार करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील करते हुए नजर आ रहे हैं, उनके इस अभियान में उनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य लवली रावत भी कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।

समाजवादी पार्टी से संभावित प्रत्याशी के रूप में पूरे दमखम के साथ अपनी चुनावी पिच तैयार कर लिया है और विपक्षी दलों के प्रत्याशियों को करारी शिकस्त देने के लिए पूर्ण रूप से तैयार नजर आ रहे हैं, वहीं इस बार समाजवादी पार्टी से युवा वर्ग का प्रत्याशी अगर घोषित किया गया तो लवली-वेद प्रकाश प्रथम पंक्ति में नजर आ रहे हैं। वहीं सत्तारूढ़ दल से दर्जनों प्रत्याशी अपने-अपने को समर्पित एवं निष्ठावान बता रहे हैं लेकिन अन्दर ही अन्दर एक दूसरे की टांग खींचते हुए नजर आ रहे हैं, वहीं इस बार भाजपा को अन्य दल से नहीं बल्कि अपने ही दल के भितरघातियों से संघर्ष करना पड़ेगा।राष्ट्रीय नेतृत्व भी महिलाओं की सत्ता में भागीदारी के लिए प्रयासरत हैं कि महिलाओं के सम्मान के लिए उन्हें आगे बढ़ाना बहुत जरूरी तभी हम सब मिलकर एक नये राष्ट्र का निर्माण कर सकते है।

इस सम्बंध में जब लोगों की चर्चा की गई तो पता चला कि लवली-वेद प्रकाश को अगर समाजवादी पार्टी ने टिकट दिया तो वह भारी मतों से समाजवादी गढ़ रहा जनपद की सीट जीतकर, एक दशक से काबिज भाजपा से छीनकर अखिलेश यादव की झोली में डाल देंगे।

# पीआरडी जवान की मौत के बाद परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

हमीरपुर। ड्यूटी जाते समय सर्दी की चपेट में आने से इलाज के दौरान पीआरडी जवान की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में शुक्रवार की शाम को आक्रोशित परिवार ने पीआरडी जवानों के साथ मिलकर सदर कोतवाली इलाके में नगर पालिका व तहसील रोड के मध्य शुक्रवार को शाम शव को बीच सड़क में रखकर जाम लगा दिया। कोतवाली पुलिस ने समझा-बुझाकर किसी तरह से जाम को खुलवाकर यातायात को बहाल करवाया।पुलिस ने बताया कि पतारा निवासी कृष्णदत्त ने तहरीर दी कि उनके पिता राजेन्द्र कुमार जो पीआरडी में कार्यरत थाना बिवांर में तैनात है। थाना बिवार में ड्यूटी से जाते समय सर्दी लगने के कारण जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। उन्हें कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में ले जाते समय उनकी मृत्यु हो गयी। कुरारा पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई।

# बैलेट पेपर से चुनाव हुआ तो लोकसभा में भाजपा की हार तय : नरेश टिकैत

बागपत। किसानों की आवाज का दम भरने वाले नरेश टिकैत ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव अगर बैलेट पेपर से कराया जाए तो भाजपा की हार तय है। ईवीएम में तो गड़बड़ी होती है।भाजपा से नाराजगी के सवाल पर उनका कहना था कि हमने 2014 के चुनाव में हिस्सा लिया था। भाजपा के साथ रहे लेकिन इसमें कोई फायदा नहीं है। किसान टूट सा गया है। किसान हताश है। 2023 में भी इनकी सरकार है और 2024 में भी इनकी सरकार बन जायेगी। किसान मुद्धों को लेकर हम भाजपा का विरोध करेंगे।

सभी सरकार में हमने किसान मुद्दों को लेकर विरोध किया है। सरकार की गलत नीतियों का हमने विरोध किया हैराम मंदिर जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम तो रघुकुल से ही हैं। हम रधुवंशी हैं। हमारा गोत्र रधुवंशी है। हमारा कुल वहीं से जुड़ा है। हमारे पूर्वजों का मंदिर बन रहा है। यह खुशी की बात है। हमें कोई निमंत्रण पत्र नहीं मिला है। हमारे बिना तो अधूरा ही मानो यह सब, हम पहले भी अयोध्या गये हैं।आजादी से पहले भी हमारे बड़ों का वहां आना-जाना रहा है। वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के अपमान को लेकर उन्होंने निराशा जाहिर की और कहा कि पद सर्वोच्च पद होता है, सम्मानित होता है। उनके साथ ऐसा नहीं होना चाहिए। जो हुआ है वह गलत है। यह किसी जाति बिरादरी की बात नहीं है।

# सेंचुरियन टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए भारतीय टीम पर लगा जुर्माना

एजेंसी



नई दिल्ली। सेंचुरियन में पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए भारत पर मैच फीस का 10 प्रतिशत और दो आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक का जुर्माना लगाया गया है। एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के क्रिस ब्रॉड ने समय भत्ते को ध्यान में रखते हुए भारत को लक्ष्य से दो ओवर कम पाए जाने के बाद यह सजा दी। खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों को उनकी टीम द्वारा आवंटित समय में गेंदबाजी करने में विफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इसके अलावा, आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खेलने की स्थिति के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार, एक पक्ष को प्रत्येक ओवर कम के लिए एक अंक का दंड दिया जाता है। परिणामस्वरूप, भारत के कुल अंकों में से दो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक काट लिए गए हैं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने अपराध मानते हुए प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर पॉल रीफ़ेल और लैंगटन रूसेरे, तीसरे अंपायर अहसान रजा और चौथे अंपायर स्टीफन हैरिस ने आरोप लगाया। बता दें कि भारत सेंचुरियन में खेला गया पहला टेस्ट पारी और 32 रनों से हार गया, जो दक्षिण अफ़्रीकी धरती पर उसकी अब तक की सबसे बड़ी टेस्ट हार थी। जहां भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 245 और दूसरी पारी में 131 रन बनाए, वहीं प्रोटियाज़ ने पहली पारी में 408 रन बनाए। अफ्रीकी सलामी बल्लेबाज और कार्यवाहक कप्तान डीन एल्गर ने 185 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली।

# भारत के खिलाफ केप टाउन टेस्ट से बाहर हुए चोटिल तेम्बा बावुमा

एजेंसी



नई दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण भारत के खिलाफ 03 जनवरी से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वह सेंचुरियन में खेले गए बॉक्सिंग डे मैच के अधिकांश मैचों से बाहर रहे। सेंचुरियन में 185 रन की मैच जिताऊ पारी खेलने वाले डीन एल्गर अपने अंतिम टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका का नेतृत्व करेंगे। इस बीच, जुबैर हमजा को टीम में शामिल किया गया है। मैच की पहली सुबह, 20वें ओवर में बावुमा लॉन्ग-ऑफ की ओर गेंद का पीछा करते हुए खुद को चोटिल कर बैठे। इसके बाद उन्होंने तुरंत मैदान छोड़ दिया और उन्हें स्कैन के लिए भेजा गया, जिसमें खिंचाव का पता चला, लेकिन चोट का पता नहीं चला और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि मैच में उनकी आगे की भागीदारी निर्धारित करने के लिए उनकी रोजाना निगरानी की जाएगी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, उन्हें सुबह के वार्म-अप में कुछ समय के लिए देखा गया था, लेकिन उसके बाद वो नहीं दिखे और अगले दो दिनों में, टीम प्रबंधन की ओर से कोई सूचना नहीं दी गई, खासकर इस बात पर कि बावुमा बल्लेबाजी करेंगे या नहीं। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कोच शुकरी कॉनराड ने पुष्टि की कि बावुमा पूरी तरह से फिट नहीं थे और टीम यह जानने से पहले कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं करना चाहती थी कि बावुमा को बल्लेबाजी करने की आवश्यकता होगी या नहीं। अंततः, कॉनराड ने बावुमा को जोखिम में न डालने का फैसला किया क्योंकि उन्होंने दक्षिण अफ्रीका की 163 की बढ़त को काफी आरामदायक माना। कॉनराड ने बाद में कहा, ''तेम्बा फिट नहीं थे, हालांकि वह बल्लेबाजी के लिए तैयार थे और हम इसकी निगरानी करते रहे। हालांकि जब हमने बढ़त हासिल की तो हमें लगा कि अगर हमने उसे बाहर भेजा तो संभावित जोखिम था कि वह जोखिम को और भी बढ़ा सकता था। हम लगातार खुद को अधिकतम समय दे रहे थे ताकि हम सही जानकारी दे सकें।

# संक्षिप्त समाचार

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए आवेश खान भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** चोटिल तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3 से 7 जनवरी 2024 तक केपटाउन में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। शमी पहले टेस्ट मैच में भी भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे, शमी की जगह तेज गेंदबाज आवेश खान को टीम में शामिल किया गया है। भारत सेंचुरियन में खेला गया पहला टेस्ट पारी और 32 रनों से हार गया, जो दक्षिण अफ़्रीकी धरती पर उसकी अब तक की सबसे बड़ी टेस्ट हार थी। जहां भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 245 और दूसरी पारी में 131 रन बनाए, वहीं प्रोटियाज़ ने पहली पारी में 408 रन बनाए। अफ्रीकी सलामी बल्लेबाज और कार्यवाहक कप्तान डीन एल्गर ने 185 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा, केएस भरत (विकेटकीपर), अभिमन्यु ईश्वरन, आवेश खान।

## मेलबर्न स्टार्स ने प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में डैन लॉरेंस के साथ किया करार

**मेलबर्न।** इंग्लैंड के बल्लेबाज डैन लॉरेंस को मेलबर्न स्टार्स ने एक विदेशी प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में अनुबंधित किया है और वह बीबीएल के शेष भाग में खेलने के लिए तैयार हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, लॉरेंस ने इससे पहले 2020 में ब्रिस्बेन हीट के लिए बीबीएल में चार मैच खेले थे और सितंबर में ड्राफ्ट के लिए नामांकन किया था लेकिन उनका चयन नहीं किया गया था। स्टार्स लगातार जीत के बाद तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, लेकिन जनवरी में पाकिस्तान के न्यूजीलैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए चुने जाने के बाद मीर और रऊफ टूर्नामेंट के शेष भाग में नहीं खेल पाएंगे। दौरे का पहला मैच ऑकलैंड में 12 जनवरी तक नहीं है, लेकिन पीसीबी ने ''खिलाड़ियों के कार्यभार'' के कारण केवल 28 दिसंबर तक बीबीएल में खेलने के लिए रऊफ, मीर और सिडनी थंडर के लिए ज़मान खान को अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) की अनुमति दी। टूर्नामेंट के शेष भाग के लिए लॉरेंस की उपलब्धता स्टार्स के लिए एक दुर्लभ जीत है, जिन्हें अपने विदेशी अनुबंधों के साथ कठिन समय का सामना करना पड़ा है। उन्होंने हैरी ब्रूक को बीबीएल विदेशी ड्राफ्ट में दूसरे स्थान पर चुना, लेकिन अप्रत्याशित रूप से ब्रूक को टूर्नामेंट से हटना पड़ा क्योंकि उनके अंतरराष्ट्रीय कार्यभार के कारण उन्हें दिसंबर में इंग्लैंड के सफ़ेद गेंद वाले कैरेबियन दौरे और जनवरी में भारत के टेस्ट दौरे के लिए चुना गया था। उन्होंने क्रिसमस से पहले इंग्लैंड के बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को तीन मैचों के लिए अनुबंधित किया था, लेकिन उसके बाद वह उपलब्ध नहीं थे। वे क्रिसमस के बाद की अवधि के लिए इमाद वसीम को साइन करने में सक्षम थे। लॉरेंस स्टार्स के घरेलू मैदान एमसीजी से भी परिचित हैं, जिन्होंने 2020 में एक अनौपचारिक गुलाबी गेंद टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ इंग्लैंड लायंस के लिए शतक बनाया था।

## वारी एनर्जीज ने आईपीओ दस्तावेज किए दाखिल; ताजा निर्गम के जरिए 3,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना

**नयी दिल्ली।** सौर पैनल निर्माता वारी एनर्जीज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए शुक्रवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल किए गए दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ में कुल 3,000 करोड़ रुपये के ताजा इक्विटी शेयर और एक प्रवर्तक तथा मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 32 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। ताजा निर्गम से प्राप्त राशि का इस्तेमाल ओडिशा में इंगोट वेफर, सोलर सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा की छह गीगावाट की स्थापना के लिए किया जाएगा। इसके अलावा एक हिस्से का उपयोग सामान्य कॉर्पोरेट काम के लिए किया जाएगा। वारी एनर्जीज भारत में सौर ऊर्ज़ा उद्योग की प्रमुख कंपनियों में से एक है। कंपनी ने आईपीओ लाने के लिए सितंबर 2021 में भी सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए थे, लेकिन आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को स्थगित कर दिया था।

## जीई टीएंडडी इंडिया को जीई समूह की ब्रिटिश शाखा यूके ग्रिड सॉल्यूशंस से 7.4 करोड़ पाउंड का मिला ठेका

**नयी दिल्ली।** जीई टीएंडडी इंडिया को एचवीडीसी कन्वर्टर ट्रांसफार्मर की आपूर्ति और विनिर्माण के लिए यूके ग्रिड सॉल्यूशंस लिमिटेड से 7.4 करोड़ पाउंड (785 करोड़ रुपये) का ठेके मिला है। जीई टीएंडडी इंडिया ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि दोनों संस्थाएं जीई समूह का हिस्सा हैं। इस संबंधित लेनदेन को 21 अगस्त 2023 को आयोजित पिछली वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित किया गया था। कंपनी को 28 दिसंबर को यूके ग्रिड सॉल्यूशंस लिमिटेड से ठेका मिला।

## टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग कंपनी को मिले 1,750 करोड़ रुपये के नए ठेके

**नयी दिल्ली।** टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग कंपनी को 'स्मार्ट मीटरिंग' तथा 'ट्रांसमिशन' परियोजनाओं से संबंधित 1,750 करोड़ रुपये के नए ठेके मिले हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 1,041 करोड़ रुपये के ठेके में से एक डीबीएफओओटी (डिज़ाइन-बिल्ड फाइनेंस-ओन-ऑपरेट-ट्रांसफर) आधार पर कश्मीर में 7.27 लाख स्मार्ट मीटर के लिए आरईसीपीडीसीएल (आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड) से एडवांस मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर (एएमआई) के लिए है। इसके अलावा कंपनी को 709 करोड़ रुपये के 'ट्रांसमिशन' परियोजना के ठेके भी मिले हैं।

## एनसीडी के जरिए एक्सिस बैंक से 100 करोड़ रुपये जुटाएगी सीईएससी

**नयी दिल्ली।** सीईएससी लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसे निजी नियोजन के आधार पर गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र जारी करके एक्सिस बैंक से 100 करोड़ रुपये जुटाने के लिए निदेशक मंडल की मंजूरी मिल गई है। सीईएससी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि निदेशक मंडल की समिति ने अपनी बैठक में एक्सिस बैंक लिमिटेड को निजी नियोजन के आधार पर 1,00,000 रुपये अंकित मूल्य वाले 10,000 सुरक्षित, असूचीबद्ध, प्रतिदेय, रेटेड गैर-परिवर्तनीय ऋणपत्र के आवंटन को मंजूरी दे दी।

# वार्षिकी : 2024 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफिकेशन से चूकने के बावजूद भारतीय महिला हॉकी टीम का शानदार रहा प्रदर्शन

एजेंसी




नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम ने वर्ष 2023 में शानदार प्रदर्शन किया है। हालांकि वे पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए सीधे क्वालीफिकेशन से चूक गईं, लेकिन झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 जीतने के लिए वापसी की। इसके अलावा, उन्होंने अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ एफआईएच विश्व रैंकिंग हासिल की है, जो उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। अपना ध्यान पूरी तरह से हांग्जो 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर केंद्रित करते हुए, भारतीय टीम ने वर्ष की शुरुआत जनवरी में दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अभ्यास मैचों के साथ की और उसके बाद मई 2023 में ऑस्ट्रेलिया का तीन मैचों का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने टेरासा में 4 देशों के आमंत्रण टूर्नामेंट में भाग लिया जहां वे मेजबान स्पेन और इंग्लैंड के खिलाफ अजेय रहे। 2023 की एक्शन से भरपूर पहली छमाही के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम ने अगस्त 2023 में सलालाह में आयोजित हॉकी5एस एशिया कप जीता। उन्होंने मजबूत गति के साथ एशियाई खेलों में प्रवेश किया। वे टूर्नामेंट के पूल चरण में अजेय थे, लेकिन सेमीफाइनल में चीन के खिलाफ 0-4 से हार गए, इस प्रकार स्वर्ण पदक मैच से चूक गए और अंततः पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए सीधे योग्यता हासिल करने की रेस से बाहर हो गए। हालाँकि, वे चीन से कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटे। उल्लेखनीय वर्ष को याद करते हुए, भारत की शीर्ष गोलकीपर और कप्तान सविता ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा,, ''यह एक अद्भुत वर्ष रहा है, हमारे बीच उतार-चढ़ाव आए लेकिन एक टीम के रूप में हम लगातार मजबूत होते गए। पेरिस 2024 के लिए सीधी योग्यता से चूकने का एक अफसोस है, लेकिन यह खेल का अभिन्न अंग है। हमने उस निराशा को पीछे छोड़ दिया है और अपनी सीख पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके बाद भारत ने फाइनल में जापान पर 4-0 की शानदार जीत के साथ झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 जीती और नवंबर में अपनी सर्वश्रेष्ठ एफआईएच विश्व रैंकिंग (2368.83 अंकों के साथ नंबर 6) हासिल की। सविता ने कहा, ''हम साल का समापन शानदार तरीके से कर रहे हैं; एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रांची में हमने शानदार प्रदर्शन किया था। हम टूर्नामेंट में अजेय रहे थे और पूरे साल में बहुत कुछ सीखने को मिला। हम विश्व रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंच गए हैं। जो हमारी अब तक की सर्वोच्च रैंकिंग है, इसलिए यह कुछ ऐसा है जो हमें नए साल में प्रवेश करते समय एक बड़ा बढ़ावा देगा। यह 2024 की व्यस्त शुरुआत होगी क्योंकि भारत जनवरी में होने वाले महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 और एफआईएच हॉकी फाइव ए साइड विश्व कप ओमान 2024 में भाग लेगा। वे फरवरी से ओडिशा में एफआईएच प्रो लीग 2023/24 सीज़न में भी वापसी करेंगे।

# चंडीगढ़ लायंस और साइलेंट हीरोज ने जीता 8वीं उषा दिव्यांग क्रिकेट लीग 2023 का खिताब

चंडीगढ़। साइलेंट हीरोज ने श्रवण-बाधित श्रेणी में और व्हीलचेयर वर्ग में चंडीगढ़ लायंस ने 8वीं उषा दिव्यांग क्रिकेट लीग का खिताब जीत लिया है। साइलेंट हीरोज ने रोअरिंग लायंस को 8 रन से हराया, जबकि चंडीगढ़ लायंस ने सुपर फाइटर्स को हराया। ऑल इंडिया क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द डेफ (एआईसीएडी) और डेफ क्रिकेट फ़ेडरेशन ऑफ पंजाब के सहयोग से उषा इंटरनेशनल द्वारा प्रायोजित, 3 दिवसीय लीग में नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाड़ियों सहित 128 दिव्यांग क्रिकेटरों ने भाग लिया। टूर्नामेंट को केंद्र शासित प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए), भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ-साथ चंडीगढ़ के खेल विभाग का भी समर्थन प्राप्त था।

# भारतीय महिला हॉकी के लिए रोमांच से भरपूर रहा साल '2023'

## कप्तान सविता पूनिया बोलीं- अद्भुत...नए साल की व्यस्त शुरुआत होगी

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी के लिए 2023 का साल रोमांच की सुखद अनुभूति से परिपूर्ण रहा। टीम पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए सीधे क्वालीफिकेशन से चूक गईं, लेकिन झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 को जीत कर वापसी की। इसके अलावा भारतीय महिलाओं ने अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ एफआईएच विश्व रैंकिंग हासिल की है, जो उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। भारतीय टीम ने अपना ध्यान पूरी तरह से हांगझाऊ 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर केंद्रित करते हुए, वर्ष की शुरुआत जनवरी में दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अभ्यास मैचों के साथ की और उसके बाद मई 2023 में तीन मैचों की सीरीज के लिये ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया। टेरासा में चार देशों के आमंत्रण टूर्नामेंट में भारत मेजबान स्पेन और इंग्लैंड के खिलाफ अजेय रहा। 2023 में पहली छमाही के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने अगस्त 2023 में सलालाह में आयोजित हॉकी5एस एशिया कप जीता। उन्होंने तेज रफ्तार के साथ एशियाई खेलों में प्रवेश किया। वे टूर्नामेंट के पूल चरण में अजेय थे, लेकिन सेमीफाइनल में चीन के खिलाफ 0-4 से हार गए, इस प्रकार स्वर्ण पदक मैच से चूक गए और अंततः पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए सीधे योग्यता के लिए विवादों के बीच बाहर हो गए। हालांकि, वे चीन से कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटे। 2023 में टीम के प्रदर्शन को याद करते हुए भारत की शीर्ष गोलकीपर और कप्तान सविता पूनिया ने कहा, यह एक अद्भुत वर्ष रहा है। हमारे बीच उतार-चढ़ाव आए लेकिन एक टीम के रूप में हम लगातार मजबूत होते गए। पेरिस 2024 में सीधे प्रवेश से चूकने का एक अफसोस है लेकिन यह खेल का अभिन्न अंग है। हमने उस निराशा को पीछे छोड़ दिया है और अपनी सीख पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसके बाद भारत ने फाइनल में जापान पर 4-0 की शानदार जीत के साथ झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 जीती और नवंबर में अपनी सर्वश्रेष्ठ एफआईएच विश्व रैंकिंग (2368.83 अंकों के साथ नंबर छह) हासिल की। उन्होंने कहा हम साल का समापन शानदार तरीके से कर रहे हैं, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में रांची में हमने शानदार प्रदर्शन किया था। हम टूर्नामेंट में अजेय रहे थे और पूरे साल में बहुत कुछ सीखने को मिला। हम विश्व रैंकिंग में छठे नंबर पर पहुंच गए हैं जो हमारी अब तक की सर्वोच्च रैंकिंग । भारतीय महिला टीम की 2024 की शुरुआत व्यस्त कार्यक्रम से होगी। भारत जनवरी में होने वाले सभी महत्वपूर्ण एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 और एफआईएच हॉकी विश्व कप ओमान 2024 में भाग लेगा। टीम फरवरी से ओडिशा में एफआईएच प्रो लीग 2023/24 सीज़न में भी हिस्सा लेगी।

# सरकार ने वित्त वर्ष 2018-19, 2019-20 के लिए मांग नोटिस जारी करने की समयसीमा बढ़ाई

एजेंसी




नई दिल्ली। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों को वित्त वर्ष 2018-19 और 2019-20 के वार्षिक रिटर्न में विसंगतियों के लिए 'मांग नोटिस' जारी करने के लिए दिया गया समय बढ़ा दिया गया है। सरकार ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में वित्त वर्ष 2018-19 के लिए समयसीमा 30 अप्रैल 2024 तक और वित्त वर्ष 2019-20 के लिए 31 अगस्त 2024 तक बढ़ा दी। इस संबंध में वित्त मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है। वित्त वर्ष 2018-19 के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 और वित्त वर्ष 2019-20 के लिए 30 जून 2024 है। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि यह विस्तार वित्त वर्ष 2018-19 और 2019-20 के लिए कर देनदारियों की वसूली के लिए आदेश जारी करने से संबंधित है। इससे पहले भी सरकार ने इन वर्षों के लिए समयसीमा में बदलाव किया है। वित्त वर्ष 2018-19 के लिए अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2023 से बढ़ाकर 31 मार्च 2024 की गई थी। वहीं वित्त वर्ष 2019-20 के लिए अंतिम तिथि 31 मार्च 2023 से बढ़ाकर 30 जून 2024 की गई।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 78 डॉलर प्रति बैरल के करीब

एजेंसी



नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड का भाव घट कर 78 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई फ़ेरबदल नहीं की है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल का भाव 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.35 डॉलर यानी 0.45 फीसदी की बढ़त के साथ 77.50 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.27 डॉलर यानी 0.38 फीसदी की उछाल के साथ 72.04 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# चिप निर्माता से लेकर कार निर्माता तक, वैश्विक कंपनियां गुजरात आ रही हैं: अधिकारी

एजेंसी



अहमदाबाद (गुजरात)। गुजरात का भौगोलिक क्षेत्र भारत का केवल छह प्रतिशत हिस्सा है और उसमें देश की कुल आबादी का करीब पांच प्रतिशत हिस्सा बसता है३ लेकिन फिर भी राज्य अब देश के विकास का इंजन बन गया है और विश्व-प्रसिद्ध कंपनियां यहां कारोबार के लिए आ रही हैं। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, राज्य में करीब 100 निजी औद्योगिक पार्क के साथ 200 से अधिक औद्योगिक एस्टेट हैं। वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट (वीजीजीएस) का 10वां संस्करण 10 से 12 जनवरी के बीच राज्य की राजधानी गांधीनगर में आयोजित किया जाएगा। वेबसाइट के अनुसार, सेक्टर-विशिष्ट निवेश और बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए राज्य ने कई सेक्टर-विशिष्ट औद्योगिक पार्क बनाने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में कहा था, '' मैंने हमेशा कहा है कि देश का विकास गुजरात के विकास पर निर्भर करता है। 100 से अधिक फॉर्च्यून, 500 वैश्विक कंपनियों सहित दुनिया की कई बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां राज्य में काम कर रही हैं। इनमें सुजुकी, होंडा, हिताची, टोयोटा और कई अन्य शामिल हैं। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट मामले) राहुल भारती ने उनके समूह के गुजरात में निवेश करने पर कहा, '' राज्य सरकार समझती है कि निवेशक वास्तव में क्या चाहते हैं। गुजरात सरकार मजबूत बुनियादी ढांचा, व्यापार करने में आसानी और गति और भविष्य की प्रगतिशील नीतियां प्रदान करती है। यही कारण है कि सुजुकी समूह और उसके विक्रेता भागीदारों ने राज्य में 28,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जिससे एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। एयरबस इंटरनेशनल के प्रमुख क्रिस्चियन शेरर ने हाल ही में गुजरात में निवेश पर कहा, '' भारत सरकार ने एयरबस पर जो भरोसा जताया है, हम उसे विनम्रता तथा जिम्मेदारी की भावना के साथ स्वीकार करते हैं। एयरबस के पास सबसे भरोसेमंद और सम्मानित भागीदार है। हमारी दोनों कंपनियां यहां गुजरात में मिलकर काम करेंगी।

# 'बांटो और राज करो' कांग्रेस के डीएनए में: अनुराग ठाकुर

एजेंसी



नई दिल्ली । केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस जब भी हारती है तब 'बांटो और राज करो' की रणनीति अपनाने की कोशिश करती है। शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं से बातचीत में आईएनडीआई गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''ये लोग आपस में ही न्याय नहीं कर पा रहे हैं। सीटों के ऊपर तालमेल नहीं बैठ पा रहा है। उनके अधिकतर नेता गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप में या तो बेल पर हैं या तो जेल में हैं। ये क्या न्याय दिलाएंगे?''

उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी जातीय जनगणना की बात करती है, कभी क्षेत्रवाद की बात करती है लेकिन कभी भी विकास के मुद्दे पर नहीं बोलती। देश को आगे बढ़ाने वाली चर्चा से कांग्रेस सदैव दूर भागती है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के चुनाव में आकांक्षी जिलों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का शानदार प्रदर्शन यह दर्शाता है कि लोग विकास को वोट देते हैं। कांग्रेस ने वर्षों तक लोगों के साथ अन्याय किया। उन्हें गरीबी में धकेला, आगे नहीं आने दिया। उसके मुकाबले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 13.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को मात्र 5 वर्षों में गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह पहली बार है जब किसी प्रधानमंत्री ने देश के अंतिम जन के घर- द्वार तक केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ले जाने का कार्य किया है। अभी तक विभिन्न राज्यों में लाखों लोगों को इस यात्रा के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ मिल चुका है। इससे लगातार जागरूकता बढ़ रही है और लोगों को लाभ मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस यात्रा से देश के कोने-कोने में लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। जो लोग वंचित रह गए थे, वे सभी अपने फॉर्म भरे जा रहे हैं, जिससे उन्हें अनेक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य देश समक्ष रखा है, जिसमें हर भारतवासी पूरे मनोयोग से अपना योगदान सुनिश्चित कर रहा है। हम 2047 से पहले भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएंगे। मोदी की गारंटी की गाड़ी 2 लाख 69 हजार पंचायतों में जाकर लोगों को भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी और लाभ सुनिश्चित कर रही हैं। ये यात्रा विश्वास और संकल्प कराएगी कि विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी का योगदान होगा।

# पीएम मोदी ने बताया जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति के लिए कैसे जुटी है केंद्र सरकार

एजेंसी



नई दिल्ली। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में अनुच्छेद 370 को रद्द करने के मोदी सरकार के निर्णय पर अपनी मुहर लगा दी इससे कानूनी तौर पर इस विवादित अध्याय का हमेशा के लिए समापन करने का काम हुआ अब केंद्र सरकार के सामने जम्मू.कश्मीर में चुनाव करवाने और पूर्ण राज्य का दर्ज़ा बहाल करने का टास्क है। इंडिया टुडे ग्रुप को दिए एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोर्ट के फैसले पर खुलकर अपनी राय रखी और राज्य के विकास की अपनी योजनाओं के बारे में भी बताया।

इंडिया टुडे ग्रुप के एडिटर.इन.चीफ तथा चेयरपर्सन अरुण पुरीए वाइस.चेयरपर्सन कली पुरी और ग्रुप एडिटोरियल डायरेक्टर राज चेंगप्पा से खास बातचीत में पीएम मोदी ने कहा एक अस्थायी प्रावधान को खत्म करने में हुई देरी से लोगों को दिक्कत हुई है। संसद में नेहरू जी के यह कहने के बावजूद कि यह धारा घिसते-घिसते घिस जाएगी सात दशकों तक जम्मू.कश्मीर के लोगों को और विशेष रूप से महिलाओं व साधनहीन समुदायों के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया। पीएम मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के हमेशा के लिए खत्म होने के साथ जम्मू.कश्मीर और लद्दाख के लोग पहली बार अपने हाथों से अपनी नियति गढ़ने के लिए स्वतंत्र हैं। भारत का संविधान जो सामाजिक रूप से कमजोर समूहों के अधिकारों की रक्षा करता हैए उन पर भी अब पूरी तरह लागू है। जम्मू.कश्मीर की महिलाएं आज खेलों से लेकर उद्यमिता तक विभिन्न क्षेत्रों में उभरकर आ रही हैं। नए उद्योग खुल रहे हैं। आतंकवाद रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है जबकि पर्यटन रिकॉर्ड ऊंचाइयां छू रहा है- जी20 की बैठक सरीखे अंतरराष्ट्रीय आयोजन हुए और दुनिया ने इस इलाके का आतिथ्य और मौलिक सौंदर्य देखा।

# राहुल गांधी के बयान पर भाजपा का पलटवार, कहा- कांग्रेस की विचाराधारा में ईमानदारी नहीं है

एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के विचारधारा वाले बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने पलटवार करते हुए कांग्रेस की विचारधारा पर सवाल उठाया है। केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि जिन्होंने देश को लगातार हर क्षेत्र पर विफल किया है, जो लोग 70 साल तक देश को मुख्यधारा में नहीं ला पाए, गैस कनेक्शन केवल शहरों में रहने वालों के लिए उपलब्ध थे। वे लोग विचारधारा की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी किस विचारधारा के बारे में बात कर रहे हैं? कांग्रेस की विचारधारा ईमानदार नहीं है। यह जनता बखूबी जानती है। इसलिए हाल ही में हुए चुनाव में जनता ने अपना फैसला सुना दिया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश में दो विचारधारा की लड़ाई चल रही है। लोगों को लगता है कि यह सत्ता की लड़ाई है, लेकिन इस लड़ाई की बुनियाद विचारधारा है।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प 1193 लोगों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

रायपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को एक दिवसीय शिविर रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 5 के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रमांक 41 के डीडी नगर सामुदायिक भवन परिसर में लगाई गई। केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत आज लगाये गये नगर निगम जोन क्रमांक 5 के तहत वार्ड नम्बर 41 के शिविर में लोकसभा सांसद सुनील सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सांसद सोनी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों में जाकर अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को केन्द्र की योजनाओं का लाभ देने कहा। शिविर में लगभग 1800 से अधिक पात्र नागरिक केन्द्र सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्यक्ष लाभान्वित हुए। आज लगभग 4900 से अधिक नागरिकों ने दोनों शिविरों में पहुंचकर केन्द्र सरकार की लोकहितैशी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य जागरुकता शिविर लगाया गया, जिसमें 1193 नागरिकों का चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं उन्हें चिकित्सकीय परामर्श दवाइयों सहित दिया। शिविर में 570 नागरिकों ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। शिविर में पीएम विश्वकर्मा योजना से पात्र 264 नागरिक एवं पीएम उज्जवला योजना से 120 नागरिक लाभान्वित हुए।

# पेज एक का शेष

## इको ...

सेल्युलर कंपनियों के नेटवर्क कवरेज की समस्या संज्ञान में आई है। ऐसा देखा जा रहा है कि इन क्षेत्रों में नेपाली संचार कंपनियों के मोबाइल नेटवर्क आ रहे हैं। इस ओर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। आवश्यक कार्यवाही की जाए।

सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग, जनपद महराजगंज इतिहास के अनेक रहस्यों को संजोए हुए है। इस क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम-धरमौली में सोनारी वन भूमि पर पुरातात्विक उत्खनन कार्य कराया जाना चाहिए। एएसआई भी इसके लिए इच्छुक है। ऐसे में नियमानुसार राष्ट्रीय वन्य जीव बोर्ड की स्थायी समिति से अनापत्ति हेतु प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करें।

## ईयर एंडर ...

दी हैं। उपचार पर जीरो पॉकेट खर्च पर काम कर रही योगी सरकार

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से इस वर्ष प्रदेश के जिला चिकित्सालयों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने पर 46 जिलों की 81 चिकित्सा इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस प्रमाणपत्र दिया गया है, जिसमें 43 जनपद स्तरीय, 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 22 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। वहीं प्रदेश के अन्य चिकित्सा इकाइयों को एनक्यूए प्रमाण पत्र से भी नवाजा गया है।

जच्चा-बच्चा की मृत्यु दर में कमी लाने को दी जा रही एसबीए ट्रेनिंग

योगी सरकार प्रदेश में गर्भवती महिलाओं को सौ प्रतिशत सुरक्षित प्रसव की सुविधा देने और मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रदेश के प्रसव केंद्र पर तैनात एएनएम, एलएचवी (लेडी हेल्थ विजिटर), स्टाफ नर्स, आयुष महिला डॉक्टर्स की क्षमता को बढ़ाने के लिए स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट (एसबीए) ट्रेनिंग को बढ़ावा दिया है। इसका मुख्य लक्ष्य नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार प्रति लाख डिलीवरी के वक्त मातृ मृत्यु दर जो 167 है, उसे कम करके वर्ष 2030 तक 70 पर लाना है। इसी तरह नवजात शिशु मृत्यु दर (प्रति एक हजार जीवित प्रसव) 28 है, जिसे वर्ष 2030 तक 12 तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। ट्रेनिंग में स्टॉफ को एक्टिव मैनेजमेंट ऑफ थर्ड स्टेज ऑफ लेबर की जानकारी भी दी गई ताकि संक्रमण को पूरी तरह रोका जा सके। प्रदेश की करीब पांच हजार एएनएम, एलएचवी, स्टाफ नर्स और आयुष महिला डॉक्टर को एसबीए की ट्रेनिंग दी गई।

प्रदेश को दवा निर्माण का हब बनाने में उठाए गए कई महत्वपूर्ण कदम

योगी सरकार ने इस वर्ष यमुना अथारिटी में करीब 350 एकड़ भूमि पर मेडिकल डिवाइस पार्क, ललितपुर में करीब दो हजार एकड़ में बल्क ड्रग पार्क और जेवर मेडटेक पार्क के निर्माण की दिशा में बड़े कदम उठाए। इसके अलावा प्रदेश में सरकारी कॉलेजों में एमबीबीएस की 1838 से अधिक सीटें, निजी क्षेत्र में एमबीबीएस की 2150 से अधिक सीटें बढ़ाई गई। साथ ही 7 हजार से अधिक नर्सिंग, 5 हजार से अधिक पैरामेडिकल की सीटें बढ़ाई गईं। 22 नये मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रदेश में किया जा रहा है। इनमें से कुछ का निर्माण पूरा होगा और कुछ का अंतिम दौर में है।

केजीएमयू और एसजीपीजी को मिली कई सौगात

केजीएमयू में कुछ तकनीकी कारणों से बंद किडनी ट्रांसप्लांट हो फिर से शुरू किया गया। यहां इस साल कुल पांच मरीजों के प्रत्यारोपण हुए हैं। इसके अलावा परिसर में कैंसर रोग की जांच में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पेट स्कैन मशीन स्थापित की गई है। वहीं, क्वीनमेरी में आइवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) की ओपीडी शुरू की गई। इससे बांझपन की मरीजों को निजी संस्थान जाने से छुटकारा मिल गया है। खास बात यह है कि मेडिकल कालेज में यह इलाज करीब 35-40 हजार रुपये में उपलब्ध है, जबकि निजी संस्थानों में लाखों रुपये लेते हैं। एसजीपीजाइ में इस साल इमरजेंसी में 15 बेड बढ़ाए गए। लोहिया संस्थान के लिए मौजूदा साल अच्छा रहा। अस्पताल का संस्थान में पूरी तरह से विलय हुआ। संस्थान में नई इमरजेंसी यूनिट बनी। इमरजेंसी में ही पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी जांच भी शुरू की गई। थैलेसीमिया मरीजों को वार्ड की सौगात मिली। वहीं, संस्थान के मातृ एवं शिशु अस्पताल परिसर में 300 बेड के हास्टल का भी लोकार्पण किया गया। माड्युलर पीडियाट्रिक आइसीयू और मैटरनल आइसीयू भी तैयार है। परिसर में इसी साल पहली बार आइवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) की ओपीडी शुरू की गई।

ये भी जानें

- इस वर्ष दिमागी बुखार से पूर्वांचल पूरी तरह से मुक्त हुआ
- कर्मचारियों व पेंशनरों को कैशलेश चिकित्सा सुविधा प्राप्त हुई
- एक जिला एक मेडिकल कॉलेज के तहत 65 से अधिक मेडिकल कॉलेज संचालित हुए
- 33 एएनएम प्रशिक्षण केंद्रों को दोबारा किया गया चालू

अहमद, राधे श्याम, कल्पना सक्सेना, सुरेश्वर, रामजी सिंह यादव, संजय सिंह, राम किशुन, राजकमल यादव, राकेश पुष्कर, मनोज कुमार सोनकर, कुलदीप नरायन, मनिराम सिंह, किरन यादव, प्रमोद कुमार तिवारी, शहाब रशीद खां, एस. आनंद, राजीव नारायन मिश्रा, सुनील कुमार सिंह के साथ अशोक कुमार चतुर्थ, प्रदीप गुप्ता और डॉ. ओमप्रकाश सिंह सहित 34 आईपीएस से डीआईजी बनाए गए हैं।

## देशभक्ति ...

रासायनिक उर्वरकों पर आधारित कृषि विकास की कोई आवश्यकता नहीं थी, जिसका दुष्प्रभाव अंततः लोगों पर पड़ता है। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने महापुरुष शंकरदेव और लाचित बरफुकन आदि जैसे हमारे गौरवशाली प्रतीकों द्वारा दिखाए गए महान मार्ग का अनुसरण करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह सार्वभौमिक सत्य है कि नियमित अभ्यास के माध्यम से महान गुण आदत बन जाते हैं। संघ शाखाओं की यही पद्धत्ति है। वैश्विक कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध एक सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए इस व्यक्तिगत अच्छी आदत को संगठित प्रयास में बदलने की आवश्यकता है। यह संगठित प्रयास एक बड़े परिवार की भाईचारे की भावना से जुड़ा होना चाहिए। महान भारतीय मूल्य हमें ''दोनों हाथों से कमाना, लेकिन हजार हाथों से योगदान करना'' सिखाता है। डॉ. भागवत ने बताया कि पृथ्वी पर अन्य समाज धर्मनिरपेक्षता की बात तो जोर-शोर से करते हैं परंतु भारतवर्ष सदियों से इस पर अमल करता आ रहा है। संघ समाज में कोई अलग समूह बनाकर नहीं, बल्कि व्यक्तिगत स्वार्थी वृत्तियों को छोड़कर सभी को एक साथ लाकर पूरे समाज को संगठित करके विश्व कल्याण का साधन मात्र बनना चाहता है। डॉ. भागवत अपनी पहली दो दिवसीय माजुली यात्रा पूर्ण कर डिब्रूगढ़ के लिए प्रस्थान कर गए।

## रामोत्सव ...

गया है। मुख्यमंत्री ने यहां वीणा संग सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री ने आमजन का अभिवादन किया। इसके बाद रामपथ को देखा। प्रधानमंत्री के आमगन से पहले मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। रामपथ पर मौजूद महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों से भी सीएम ने हालचाल जाना। सीएम ने बच्चों से पूछा कि स्कूल जाते हो। यहां जयश्रीराम के जयघोष होते रहे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के आगमन के पहले यहां पहुंचकर वस्तुस्थिति देखी। यहां रेलवे स्टेशन व प्लेटफॉर्म की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिया कि कहीं किसी प्रकार की कमी न हो। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन को दुल्हन की तरह सजाया गया है। 30 दिसंबर 2023 (शनिवार) की तिथि अयोध्या के लिए स्वर्णाक्षरों में लिखी जाएगी। इस दिन पीएम नरेंद्र मोदी यहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की सौगात अयोध्या को देंगे। इसके पहले शुक्रवार को सीएम ने यहां का दौरा कर खूबसूरती का दीदार किया। साथ ही इस आयोजन को लेकर अफसरों को विशेष निर्देश भी दिए। इस दौरान मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह आदि मौजूद रहे।

## मुख्यधारा ...

और उनके परिवारों के हित हमारे लिए सर्व प्रमुख हैं। अगले कदम के बारे में परिवार के सदस्यों और कानूनी जानकारों के साथ विचार विमर्श कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उक्त भारतीयों को सजा काटने के लिए भारत लाया जा सकता है, प्रवक्ता ने कहा कि दोनों देशों के बीच ऐसी संधि है लेकिन कतर ने अभी उसका अनुमोदन नहीं किया है। लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों के हमलों से नौवहन पर खतरे के संबंध में प्रवक्ता ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार में निर्बाध और मुक्त नौवहन का पक्षधर है। लाल सागर में बदलते हालात पर हमारी करीबी नजर है। भारत के रक्षाबल इस संबंध में आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

अमेरिका के नेतृत्व में कायम अंतरराष्ट्रीय नौ सैन्य गठबंधन के संबंध में प्रवक्ता ने कहा कि भारत ऐसे किसी बहुपक्षीय गठबंधन में शामिल नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना ने अन्य देशों के साथ क्षेत्र में तालमेल कायम किया है।

कनाडा में लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष के बेटे के आवास पर गोलीबारी के संबंध में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बागची ने कहा कि ब्रिटिश कोलंबिया में घटना के बारे में जांच चल रही है। हमला एक निजी आवास पर था। व्यक्ति मंदिर समिति से जुड़ा था। इस समय कुछ कहा नहीं जा सकता कि हमला किसी से प्रेरित था।

प्रस्तावित करता हूं। जदयू पार्टी अध्यक्ष पद से ललन सिंह के इस्तीफ़े के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पार्टी अध्यक्ष बनना तय है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है लेकिन इसमें अब संशय नहीं रह गया है। ललन सिंह अपना इस्तीफा देने के बाद नीतीश कुमार को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने या नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए अधिकृत करने का प्रस्ताव दिया है।

इस बैठक में नीतीश कुमार को लेकर बड़ा प्रस्ताव लाया गया है। उसमें लोकसभा चुनाव और संगठन के सभी फैसलों के लिए नीतीश कुमार को अधिकृत किया जाएगा। एक अन्य प्रस्ताव में नीतीश कुमार को पार्टी से जुड़ी सभी शक्तियां देने का प्रस्ताव है और गठबंधन पर फैसले के लिए नीतीश अधिकृत किए जाएंगे। इसके अलावा, सीट शेयरिंग और उम्मीदवारों के चयन के लिए भी नीतीश कुमार को अधिकृत किया जाएगा।

## रक्षा सचिव ...

जाएंगे। नई सुविधा के भीतर इंजन घटकों और लाइन रिप्लेसमेंट इकाइयों (एलआरयू) के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण परीक्षण करने के लिए सेटअप भी स्थापित किए गए हैं। इस मौके पर रक्षा सचिव ने कहा कि सरकार देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रक्षा पीएसयू की क्षमता पर भरोसा करती है। विनिर्माण क्षेत्र देश का भविष्य है और आने वाले दशकों में एचएएल को सभी प्रकार के विमानों के लिए प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, क्योंकि युद्ध का पूरा प्रतिमान बदल रहा है। भविष्य के युद्ध में मानव रहित विमानों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए रक्षा सचिव ने एचएएल को नए प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए अन्य निजी कंपनियों के साथ सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विभिन्न इंजनों और परीक्षण विनिर्माण रेंज और एचएएल के एयरोस्पेस डिवीजन का भी दौरा किया।

एचएएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार) सीबी अनंतकृष्णन ने कहा कि इस सुविधा का विकास एचएएल के विकास पथ में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह एयरो-इंजन डिजाइन और विकास में 'आत्मनिर्भरता' हासिल करने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## संजय...

न नेता और न ही कोई मिशन पेश कर पाए हैं। गठबंधन की बात बिना किसी एजेंडे के हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि शिव सेना नेता संजय राउत एक्स पर साझा एक बयान में कहा ''महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी शिवसेना है, कांग्रेस एक राष्ट्रीय पार्टी है। कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ हमारी अच्छी बात चल रही है। हमने कहा कि हम महाराष्ट्र में लोकसभा के लिए हमेशा 23 सीटों पर लड़ते आए हैं। हमने पहले तय किया था कि जो जीती हुई सीटें हैं, उन पर बाद में बात होगी।''

## आज...

ट्रीटमेंट अवस्थापना सुविधाओं का पुनर्विकास एनएच-330 ए का जगदीशपुर-फैजाबाद खंड एनएच-730 के खुटार-लखीमपुर खंड के किमी 82 से किमी 140 तक का सुदृढीकरण एवं उच्चीकरण एनएच-233 के गोसाई का ताज़ार बाईपास (किमी 240.340) से वाराणसी (किमी 299.350) तक फोर लेन जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत चार खंडों का दोहरीकरण मल्हौर-डालीगंज रेलखंड का विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण राम पथ (सहादतगंज से नया घाट तक) भक्ति पथ (अयोध्या मुख्य मार्ग से हनुमान गढ़ी होते हुए श्री राम जन्मभूमि तक) धर्म पथ (एनएच-27 से नया घाट पुराने पुल तक) राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एनएच-27 बाईपास महोबरा बाजार होते हुए टेढ़ी बाजार श्रीराम जन्मभूमि तक 4 लेन सड़क महर्षि अरुंधति पार्किंग एवं व्यावसायिक संकुल (पूर्वी एवं पश्चिमी) सहादतगंज- नया मार्ग घाट-श्री राम जन्मभूमि तक सड़क कलेक्ट्रेट में लक्ष्मण कुंज स्मार्ट वाहन बहुमंजिला पार्किंग सोहावल क्षेत्र के ग्रामसभा-पिखरौली में सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट अमानीगंज में वाहन पार्किंग एवं व्यावसायिक कॉम्लेक्स बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिगामी सेतु अयोध्या-सुलतानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-330 से एयरपोर्ट तक 4 लेन सड़क

शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं

एनएच-27 के लखनऊ-अयोध्या खंड में किमी 8.000 से किमी 121.600 तक का ईपीसी मोड में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण एनएच-27 पर अयोध्या बाईपास के किमी 121.600 से किसी 144.020 तक ईपीसी मोड में चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण ग्रीनफील्ड टाउनशिप परियोजना वशिष्ठ कुंज आवासीय परियोजना नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण कार्यालय भवन सीपेट केंद्र गुप्तार घाट एवं राजघाट के मध्य नए पक्के घाटों एवं पूर्व निर्मित घाटों का पुनरुद्धार राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा राम की पैड़ी से रामघाट तक, राजघाट से श्री राम जन्मभूमि मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार 4 ऐतिहासिक घाटों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण

## अयोध्या...

अनुसार, विश्व का पहला साम्राज्य वैवस्वत मनु द्वारा स्थापित किया गया था, जिसकी राजधानी अयोध्या ही थी। यह अयोध्या नगरी ही थी जिसने राजा शिवि के बलिदान, भगीरथ की तपस्या, हरिश्चंद्र की सत्यवादिता, इक्ष्वाकु और रघु के पराक्रम का प्रतिमान रहे सूर्यवंश का साक्षात्कार किया और बाद में इसी कुल में जन्मे प्रभु श्रीराम द्वारा 'राम राज' के आदर्श को यथार्थ बनते देखा। ऐसी वैभवशाली अयोध्या सदियों की अपेक्षा और पराभव के बाद आज एक बार फिर उठ खड़ी हुई है और तेजी से अपने पुराने वैभव की ओर बढ़ चली है, जिसका सारा श्रेय पीएम नरेंद्र मोदी की सोच और सीएम योगी के कुशल क्रियान्वयन को जाता है। कभी पुष्पक विमान का संचालन देख चुकी अयोध्या आज एक बार फिर महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के रूप में हवाई यातायात से जुड़ने को तैयार है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 30 दिसंबर को अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट का लोकार्पण किया जाएगा। इस एयरपोर्ट का वास्तु और डिज़ाइन बेहद ख़ास है। यह पूरी तरह से श्रीराम के जीवन से प्रेरित है तथा 'नागर शैली' के आधार पर इसका विकास किया गया है। इसके 7 शिखर हैं, जिसमें से एक मुख्य शिखर बीच में और आगे 3 और पीछे 3 शिखर हैं।

वहीं, एयरपोर्ट पर प्रभु श्रीराम का चित्रण कई स्तरों पर किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर तीर-धनुष का बड़ा म्युरल लगाया गया है जो श्रीराम के पुरुषार्थ का प्रतीक है। वहीं, एयरपोर्ट की लैंडस्केपिंग में रंगों के प्रयोग को पंच तत्वों से प्रेरित होकर रखा गया है। एयरपोर्ट का मुख्य भवन में 7 खंबों का इस्तेमाल किया गया है जो रामायण के 7 काण्ड को दर्शाते हैं।

वहीं, सभी आधुनिक सुख-सुविधाओं से लैस एयरपोर्ट की सजावट में दो प्रकार की म्यूरल पट्टिकाओं का प्रयोग किया गया है, जिनका नाम दैविक व खंडिका पट्टियां हैं। इसके अतिरिक्त,एक वॉल म्यूरल महाबलि हनुमान को भी समर्पित किया गया है। इसमें हनुमान जी के जन्म से अयोध्या में प्रभु श्रीराम की आज्ञा अनुसार उनके स्थापित होने तक का पूरा चित्रण है। वहीं, 3 फ्लोर ऊँचा राम दरबार और मधुबनी पेंटिंग में बना सीता-राम विवाह का चित्रण यहां आने वाले सभी लोगों का मन मोह लेगा।

उल्लेखनीय है कि एयरपोर्ट से 11 जनवरी 2024 से अहमदाबाद और अयोध्या के बीच प्रतिदिन 3 उड़ानों का संचालन होगा। वहीं, 6 जनवरी को पहली फ्लाइट दिल्ली से अयोध्या के बीच उड़ान भरेगी। शुरुआती संचालन के बाद इस एयरपोर्ट से इंटरनेशनल फ्लाइट्स को ऑपरेशनल करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसके बाद अयोध्या ग्लोबल सर्किट से सीधे तौर पर जुड़ जाएगा और यह अयोध्या के लिए खोए गौरव को प्राप्त करने वाला क्षण होगा।

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या धाम के लिए वह सब कुछ कर रहे हैं जो राम भक्त चाहते हैं। जिस प्रकार त्रेतायुग में प्रभु श्रीराम जी श्रीलंका से पुष्पक विमान से अयोध्या आए थे, उसी प्रकार आज हर राम भक्त इस ऐतिहासिक पल को महसूस कर आनंदित हो रहा है। अब महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के माध्यम से विश्व के कोने-कोने से कोई भी रामभक्त अयोध्या धाम आ सकता है।

# एक लाख से अधिक ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा अब तक 1 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है और इनमें भाग लेने वालों की कुल संख्या 2 करोड़ से अधिक है। इस यात्रा के तहत सिकल सेल रोग के लिए 8.5 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई और 27,630 से अधिक लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अब तक 1,08,500 ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में संचयी पैदल यात्रियों की संख्या 2,10,24,874 तक पहुंच गई है। आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए आयुष्मान एप का उपयोग करके



आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। 44वें दिन के अंत तक 32,54,611 से अधिक कार्ड वितरित किए गए। एनएचए से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिन जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, वहां अब तक 1,44,80,498 कार्ड बनाए जा चुके हैं। मंत्रालय के अनुसार टीबी के रोगियों की जांच लक्षणों की अब तक 80,01,825 से अधिक लोगों की जांच की गई है, जिनमें से 4,86,043 से अधिक को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रेफर किया गया है। निक्षय मित्र बनने के इच्छुक प्रतिभागियों को ऑन-स्पॉट पंजीकरण भी प्रदान किया जा रहा है। 44वें दिनों में अबतक 1,40,852 से अधिक रोगियों ने पीएमटीबीएमए के तहत अपनी सहमति दी और 50,799 से अधिक नए निक्षय मित्र पंजीकृत किए गए। अब तक, 8,51,194 से अधिक लोगों की जांच की गई, जिनमें से 27,630 लोग सकारात्मक पाए गए हैं।

# अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से विभिन्न पदों के लिए आयोजित परीक्षा 31 को

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोपेश्वर। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से 31 दिसम्बर को स्नातक स्तरीय विभिन्न पदों के लिए परीक्षा होगी। चमोली में स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए सात परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों पर 1688 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष एवं कैम्पस में मोबाइल का इस्तेमाल न हो सके, इसके लिए सभी कक्षों में जैमर लगाए जाएंगे। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा की तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने शुक्रवार को सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुरूप परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। सभी केंद्रों पर परीक्षा से एक दिन पूर्व ब्रीफिंग की जाए और अभ्यर्थियों के बैठने के लिए सीटिंग प्लान तैयार किया जाए। परीक्षा केन्द्रों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। पुलिस को परीक्षा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा टीमों को अलर्ट रखने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी ने नियुक्त सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वहन करते हुए आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप परीक्षा को संपन्न कराने के निर्देश दिए। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के प्रतिनिधि प्रवीन राणा ने बताया कि 31 दिसम्बर को सहायक समाज कल्याण अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी सहित स्नातक स्तरीय विभिन्न पदों की परीक्षा के लिए चमोली जिले में सात परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें कुल 1688 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस दौरान उन्होंने आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के बारे पूरी जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### वीर बाल दिवस' के तहत कार्यक्रमों में साहिबजादों की भूमिका निभाना सिख परंपराओं के खिलाफ है: धामी

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने केन्द्र सरकार द्वारा घोषित वीर बाल दिवस कार्यक्रमों के तहत विभिन्न स्कूलों में बच्चों द्वारा नाटकों में साहिबजादों के चरित्र की भौतिक प्रस्तुति पर कड़ा संज्ञान लिया है। एसजीपीसी ने इसे सिख सिद्धांतों और परंपराओं के खिलाफ बताते हुये केन्द्र सरकार के शिक्षा, संस्कृति और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालयों के साथ-साथ केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से स्पष्टीकरण मांगा है। एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि ऐसे किसी भी सिख विरोधी कृत्य को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सिख सिद्धांतों, रीति-रिवाजों, परंपराओं और मूल्यों के खिलाफ कोई भी कार्य सिख मानसिकता को चोट पहुंचाता है और विभिन्न राज्यों में शैक्षणिक संस्थानों में बाल वीर दिवस के संबंध में केंद्र सरकार के निर्देशों के तहत साहिबजादों की शारीरिक भूमिका निभाने के कृत्यों पर सिख संगत की ओर से बड़ी आपत्तियां आ रही हैं। उन्होंने कहा कि सिख सिद्धांतों के खिलाफ इन कृत्यों पर संज्ञान लेते हुये एसजीपीसी ने विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और सीबीएसई से अपना पक्ष रखने को कहा है। एसजीपीसी अध्यक्ष ने कहा कि वीर बल दिवस के संबंध में श्री अकाल तख्त साहिब के आदेशानुसार इस दिन का नाम बदलने के लिये केंद्र सरकार को पहले ही लिखा जा चुका है, लेकिन सरकार ने आज तक इसे गंभीरता से नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एसजीपीसी और सिख संगत की चिंता सच हो गई है क्योंकि सिख परंपराओं के खिलाफ जाकर बच्चों को साहिबजादों की भूमिका निभाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस सिख विरोधी घटना की जिम्मेदारी सीधे तौर पर केंद्र सरकार और संबंधित राज्य सरकारों पर है। ऐसे कृत्यों को सिख जगत कभी भी स्वीकार नहीं कर सकता और उन शिक्षण संस्थानों की भी पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी, जिन्होंने साहिबजादों के किरदारों को भौतिक रूप में निभाया है।

### लुधियाना में रेप के बाद चार वर्षीय बच्ची की हत्या

चंडीगढ़। लुधियाना में एक व्यक्ति ने अपने ही रिश्तेदार की चार वर्षीय बच्ची के साथ दरिंदगी कर उसकी हत्या कर दी। आरोपित शव को बेड के बॉक्स में छिपाकर भाग गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित की तलाश तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार 15 दिन पहले सोनू नामका युवक इलाके में अपने भाई अशोक के पास रहने आया था। सोनू का भाई मोहल्ले में अवैध रूप से सिलेंडर में गैस भरने का काम करता है। लुधियाना के डाबा इलाके में आरोपित सोनू बीते दिन बच्ची को उसकी नानी की चाय की दुकान से खेलने और चीज दिलवाने के बहाने अपने साथ ले गया। सीसीटीवी में भी वह बच्ची को ले जाता दिखाई दिया। बच्ची की उंगली पकड़ कर वह उसे कमरे में ले गया। दोपहर तक जब बच्ची न दिखी तो परिवार के सदस्यों ने उसकी तालाश शुरू की। बच्ची के लापता होने की सूचना के बाद पुलिस हरकत में आयी। पुलिस ने क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया तो बच्ची का शव देर रात अशोक के घर के बॉक्स बेड से बरामद हुआ। एडीसीपी जसकिरनजीत तेजा के अनुसार घटनास्थल से किसी तरह का कोई हथियार बरामद नहीं हुआ है। शक है कि बच्ची से रेप करके उसकी हत्या की गई है। बच्ची का गला घोंट कर हत्या की गई है। उन्होंने बताया कि हत्यारोपित को पकड़ने के लिए टीमें लगाई गई हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

### पुलिस ने दो बाइक चोर दबोचे, एक बाइक बरामद

हरिद्वार। कनखल थाना पुलिस ने दो वाहना चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक कृष्णा नगर कनखल निवासी मनीष सचदेवा ने 28 दिसम्बर को अपनी बाइक चोरी के संबंध में पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस ने श्री यंत्र पुल से बैरागी कैंप को जाने वाले रास्ते से दो आरोपितों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों के नाम नकुल शर्मा पुत्र संजय कुमार शर्मा निवासी पी ब्लॉक गली नंबर 1 संदेश नगर, कनखल हरिद्वार व आकाश कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी फ़ेस 8 सुमन नगर रानीपुर हरिद्वार बताए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

### एबीवीपी ने उठाई बाहरी कोच के निष्कासन की मांग

हल्द्वानी। हल्द्वानी के एमबीपीजी कॉलेज में टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए बाहर से आए कोच द्वारा महिला खिलाड़ियों से अभद्रता किए जाने और आपत्तिजनक संदेश भेजने को लेकर छात्रों में नाराजगी है। मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शुक्रवार को एमबीपीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई है कि संबंधित टेबल टेनिस कोच के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही कोच को पद से जल्द निष्कासित किया जाए है। ज्ञापन देने वालों में जिला संयोजक कौशल बिरखानी, अध्यक्ष सूरज रमोला, नगर मंत्री मनीकेत तोमर, निखिल सोनकर आदि शामिल थे।

### सरकार की कूटनीतिक सूझबूझ नौ सेना अधिकारी उम्रकैद की सजा से भी मुक्त हो जायेंगे: प्रो चावला

अमृतसर। पंजाब की पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो लक्ष्मीकांता चावला ने शुक्रवार को कहा कि कतर में फंसे भारत के आठ पूर्व नौ-सैनिकों की फांसी की सजा उम्रकैद में बदलने का समाचार पूरे भारत के लिए खुशी का संदेश है। प्रो चावला ने उम्मीत जताई कि केन्द्र सरकार की कूटनीति सूझबूझ और प्रयत्नों से हमारे ये नौ सेना अधिकारी उम्रकैद की सजा से भी मुक्त हो जायेंगे और शीघ्र ही अपने देश भारत में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा एक पूर्व विशिष्ट अधिकारी कुलभूषण यादव पाकिस्तान की जेल में बंद यातनायें सह रहा है। भारत सरकार और देश के कानूनविद् तो उसके लिये प्रयास कर ही रहे हैं, पर सभी देशवासियों से प्रार्थना है कि वे भी भारत के एक योग्य बेटे कुलभूषण के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें और वह भी अपने देश, अपने परिवार के पास वापस आये।

# उक्रांद भू-कानून की मांग लेकर 1 जनवरी से पूरे राज्य में ब्लॉक स्तर पर करेगा आंदोलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऋषिकेश। उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि भू-कानून की मांग को लेकर उत्तराखंड की जनता में जो गुस्सा दिखाई दे रहा है, वह स्वाभाविक ही है। जिसका कारण राष्ट्रीय दलों कांग्रेस और भाजपा द्वारा लोगों की भावनाओं को आहत किया जाना है। शुक्रवार को त्रिवेंद्र सिंह पंवार ने ऋषिकेश स्थित प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि राज्य की जनता का भू-कानून की मांग किया जाना समय के अनुसार आवश्यक हो गया है। जिनकी भावना उत्तराखंड में वर्ष 1950 से रह रहे सभी वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों को दिलाया जाना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता के हित में जमीनों के स्वामित्व का अधिकार दिए जाने और भू कानून बनाए जाने की मांग को लेकर 1 जनवरी से ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा। वहीं 14 जनवरी को उत्तरायणी मेले में स्थाई निवास की प्रति को बागेश्वर की नदी में बहा कर विरोध प्रदर्शन




किया जाएगा? उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में जो पहले औद्योगिक धंधे थे, उन्हें जमीनों का आवंटन किया गया था, परन्तु सरकार की पॉलिसी के कारण अपने औद्योगिक धंधों को बंद करना पड़ा। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जब कांग्रेस सरकार में थी, तब उन्होंने भू कानून की और कोई ध्यान नहीं दिया अब लोकसभा के चुनाव को देखते हुए वह राज्य में नौटंकी कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल सर्व धर्म सम भाव के तहत सभी के हितों की लड़ाई लड़ रहा है।

# श्री चेतन ज्योति आश्रम में आयोजित होगा बैडमिंटन टूर्नामेंट

हरिद्वार। युवा भारत साधु समाज के अध्यक्ष एवं चेतन ज्योति आश्रम के महंत शिवम महाराज ने बताया कि श्री चेतन ज्योति संस्कृत छात्र परिषद द्वारा महंत ऋषिश्वरानंद महाराज के सानिध्य में 30 दिसम्बर व 01 जनवरी को जनपद स्तरीय संस्कृत छात्रों का बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। महाराज ने शुक्रवार को बताया कि टूर्नामेंट में जूनियर एवं सीनियर एकल तथा युगल दल प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि 01 जनवरी को सीनियर शास्त्री आचार्य तथा युवा साधु संतों की भी बैडमिंटन स्पर्धा कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं से बच्चों में बौद्धिक विकास के साथ शारीरिक क्षमताओं का भी विकास होता है। बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न होने के पश्चात संत समाज द्वारा विजेता छात्रों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

# कैलाशानन्द गिरि महाराज का एक जनवरी को अवतरण दिवस मनाया जाएगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। नये साल के पहले दिन 01 जनवरी को निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरि महाराज का 47वां अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। निजी सचिव अवंतिकानन्द ब्रह्मचारी के मुताबिक भोलेनाथ माई के अभिषेक के अलावा गंगा घाट पर 5100 दीयों का दीपदान और भजन संध्या भक्तों के आकर्षण के केंद्र में रहेगी। आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरि महाराज ने बताया कि उनके अवतरण दिवस पर तृतीय संन्यास दीक्षा समारोह भी आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर संत समाज की मौजूदगी में मुख्य अतिथि राज्यपाल गुरमीत सिंह की उपस्थिति रहेगी।



अवतरण दिवस पर होने वाले भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता अवतरण दिवस पर विभिन्न प्रदेशों के संत और विशिष्टजन महामंडलेश्वर कैलाशानन्द के साथ आध्यात्मिक ज्ञान की गंगा बहाएंगे। आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानन्द ने बताया कि 31 दिसम्बर और 1 जनवरी को होने वाले सभी कार्यक्रम दक्षिण काली मंदिर प्रांगण में होंगे। उन्होंने बताया कि जन्मदिवस 1 जनवरी पर सुबह से शाम तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सुबह शंकर भगवान और मां काली का अभिषेक और पूजन, सामूहिक भोजन प्रसाद, गंगा पूजन, भजन आरती, भजन संध्या व 5100 दीयों का दीपदान किया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तों को जन्मदिवस कार्यक्रम में न्यौता देते हुए कहा कि जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर 31 दिसम्बर को सांय 6 बजे से विश्व प्रसिद्ध भोजपुरी सुपरस्टार गायक पवन सिंह व उनकी टीम भजन संध्या प्रस्तुत करेगी। कैलाशानन्द गिरि महाराज के अवतरण दिवस पर होने वाला कार्यक्रम सुबह 8 बजे से 10 बजे होगा।

# प्रवासी पंजाबियों की सुविधा के लिये नयी वेबसाइट की शुरू

लुधियाना। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को प्रवासी पंजाबियों की समस्याओं के समाधान के लिये प्रवासी भारतीय मामलों संबंधी विभाग की नयी वैबसाईट की शुरुआत की। वेबसाइट की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री ने इसको प्रवासी भारतीयों की भलाई को सुनिश्चित बनाने और उनको अपनी जड़ों के साथ जुड़े रहने में मदद करने के लिए बड़ी पहल बताया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा एन.आई.सी. की मदद से अति-आधुनिक वेबसाइट तैयार की गयी है। श्री मान ने बताया कि वेबसाइट पर एन.आर.आई. पुलिस विंग, पंजाब स्टेट कमीशन फॉर एन.आर.आई और एन.आर.आई सभा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी है। उन्होंने कहा कि यह वेबसाइट राज्य सरकार द्वारा प्रवासी भारतीयों को सिंगल क्लिक पर दी जाने वाली कई सुविधायें भी मुहैया करवायेगी। उन्होंने कहा कि यह वेबसाइट प्रवासी भारतीयों के लिये अन्य योजनाओं का लाभ सुनिश्चित बनाने के साथ-साथ उनके दस्तावेज़ों को सत्यापित करवाने में भी मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यह वेबसाइट हेल्पलाइन नंबर, ई-मेल पते और वाट्सएप शिकायत नंबर भी प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेबसाइट पर पंजाब सरकार के पास रजिस्टर्ड ट्रैवल एजेंटों/एजेंसियों और विदेश मंत्रालय के पास रजिस्टर्ड इमीग्रेशन एजेंटों/एजेंसियों संबंधी भी विस्तृत जानकारी है। उन्होंने कहा कि वेबसाइट पर पंजाब केंद्रीयकृत ऑनलाइन शिकायत पोर्टल का भी लिंक है, जिसमें प्रवासी भारतीय और अन्य लोग अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

# छात्र अनुत्पादक सोशल मीडिया सामग्री पर समय बर्बाद न करें :सारंगल

जालंधर। पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने विद्यार्थियों को ऊंचे सपने देखने और अपने जीवन में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया है। जिला प्रशासनिक परिसर (डीएसी) में शुक्रवार को प्रतिष्ठित स्कूलों के 175 छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, उपायुक्त ने कहा कि युवाओं के कंधों पर भारत को दुनिया में एक महाशक्ति बनाने की एक बड़ी जिम्मेदारी है जिसके लिये उन्हें अपने लक्ष्यों पर केंद्रित रहना चाहिये। उन्होंने युवा दिमागों से आग्रह किया कि वे अनुत्पादक सोशल मीडिया गतिविधियों पर अपना उत्पादक समय बर्बाद न करें क्योंकि वे वीडियो स्क्रॉल करने और लंबे समय तक खर्च करने में फंस जाते हैं। उन्होंने कहा कि ये रीलें उनकी एकाग्रता में बाधा डाल रही थीं, उनका ध्यान कम कर रही थीं और उनके शैक्षणिक प्रदर्शन से समझौता करते हुये उनके समग्र कल्याण पर असर डाल रही थीं। उन्होंने कहा कि छात्रों को रीलों के चक्र से बाहर आने की जरूरत है और उन्हें ऊंचे सपने देखने या अपने जीवन में सफलता हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। सारंगल ने कहा कि विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की असफलता का सामना करने पर निराश नहीं होना चाहिए क्योंकि असफलता ही सफलता का आधार है। उन्होंने शिक्षकों से छात्रों में जिज्ञासा को बढ़ावा देने के लियं भी कहा जिससे वे रोजाना नयी चीजें सीखेंगे। उपायुक्त ने उन्हें दैनिक दिनचर्या और संकटकाल में प्रशासन की कार्यप्रणाली के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने यह भी साझा किया कि कैसे सरकारी विभागों के अधिकारियों ने कोविड-19, बाढ़ आदि के दौरान चौबीसों घंटे काम किया और लोगों की सेवा की। उन्होंने उनसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के सार्थक उपयोग के लिए भी कहा क्योंकि प्रौद्योगिकी का बेहतर उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर लाता है।

# दिल्ली-एनसीआर में घना कोहरा,उड़ानें व ट्रेन संचालन प्रभावित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शुक्रवार सुबह घने कोहरे में लिपटा रहा जिससे उड़ानें और ट्रेन परिचालन प्रभावित हुआ और वायु गुणवत्ता 359 एक्यूआई स्तर के साथ 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। उत्तर रेलवे के अनुसार कोहरे के कारण 11 ट्रेनें दिल्ली में देरी से पहुंचीं। देरी से आने वाली ट्रेनों में मुंबई-सीएसटीएम अमृतसर एक्सप्रेस, फरक्का एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र मेल, एमसीटीएम उधमपुर- दिल्ली सराय रोहिल्ला और जम्मू मेल शामिल हैं। दिल्ली-हावड़ा रूट पर राजधानी एक्सप्रेस 10 से 12 घंटे की देरी से चल रही है। इस बीच, इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोहरे की स्थिति में काफी सुधार हुआ क्योंकि न्यूनतम दृश्यता 150 मीटर दर्ज की गई जबकि रनवे विजुअल रेंज (आरवीआर) 400 मीटर से 800 मीटर के बीच रही। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान



21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। मौसम एजेंसी ने भविष्यवाणी की है कि अगले दो दिनों तक उत्तर भारतीय राज्यों में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहेगी और उसके बाद धीरे-धीरे इसमें सुधार होगा। आईएमडी के अनुसार अगले दो दिनों तक पंजाब, हरियाणा,चंडीगढ़, दिल्ली और पश्चिम उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में शीत लहर की संभावना है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. आर.के. जेनामणि ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में घने कोहरे से स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने कहा कि आईएमडी ने पहले ही पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के लिए घने कोहरे की स्थिति के लिए 'रेड अलर्ट' चेतावनी जारी कर दी है, हालांकि, दिल्ली में कोहरे की स्थिति में सुधार हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और झारखंड के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान 8-12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम एजेंसी ने अगले पांच दिनों में न्यूनतम तापमान सात से आठ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान जताया है। ताजा 'पश्चिमी विक्षोभ' के प्रभाव में 30 और 31 दिसंबर 2023 को जम्मू-कश्मीर, लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की बारिश या हिमपात होने की संभावना है। दक्षिण भारत में दक्षिणी तमिलनाडु क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में आज भारी वर्षा होने की संभावना है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063